

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 60 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 09 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## अमेरिकी अधिकारियों का भारत दौरा शुरू,

### विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री से विदेश कार्यालय में होगी बातचीत

समाज जागरण

अमेरिका के राजनीतिक मामलों की अवर सचिव एलिसन हुकर



अपने आधिकारिक दौरे पर भारत पहुंची हैं। सोमवार से उनके दौरे की औपचारिक शुरूआत हुई। इस दौरान वह भारत के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और इंडो-पैसिफिक में साझेदारी को मजबूत करने जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगी। इन बैठकों में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ होने वाला विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) भी शामिल है।

हुकर का यह दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी और स्वतंत्र, खुले इंडो-पैसिफिक की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में सहायक

भारत में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि हुकर का यह दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी और स्वतंत्र, खुले इंडो-पैसिफिक की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान में कहा गया, "अमेरिकी मिशन को अवर सचिव एलिसन हुकर का भारत में स्वागत करते हुए खुशी है। जैसे-जैसे हम आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ा रहे हैं, उनका यह दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति की मजबूत अमेरिका-भारत साझेदारी और स्वतंत्र एवं मुक्त इंडो-पैसिफिक की प्राथमिकताओं को आगे ले जाने में मदद करेगा।"

#### अमेरिका-भारत अनुसंधान साझेदारी में नवाचार को बढ़ावा देने और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा

दूतावास के अनुसार, नई दिल्ली के अलावा एलिसन हुकर बेंगलुरु भी जाएंगी। बेंगलुरु में वह इसरो का दौरा करेंगी और भारतीय अंतरिक्ष, ऊर्जा तथा तकनीक क्षेत्रों के नेताओं से मुलाकात कर अमेरिका-भारत अनुसंधान साझेदारी में नवाचार को बढ़ावा देने और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा करेंगी। इससे पहले अमेरिकी दूतावास ने कहा था कि अवर सचिव का यह दौरा अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, आर्थिक एवं व्यावसायिक संबंधों को गहरा करने, अमेरिकी निर्यात बढ़ाने, तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतरिक्ष अन्वेषण सहित उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा।

## भारतीय शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 600 अंक टूटकर बंद

समाज जागरण

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 609.68 अंक या 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,102.69 पर और निफ्टी 225.90 अंक या 0.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,960.55 पर था।



करीब सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी इंडिया डिफेंस (3.68 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (3.53 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (2.81 प्रतिशत), निफ्टी मीडिया (2.73 प्रतिशत), निफ्टी पीएसई (2.10 प्रतिशत) और निफ्टी मेटल (1.92 प्रतिशत) सबसे ज्यादा गिरने वाले सूचकांक थे।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, इटरनल (जोमैटो), ट्रेंट, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, एसबीआई, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा, टाइटन, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और एलएंडटी टॉप लूजर्स थे। टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक गेनर्स थे।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 1,106.50 अंक या 1.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,488.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 456.10 अंक या 2.61 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,051.65 पर था।

**बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 950 शेयर हरे निशान में; 3,348 शेयर लाल निशान में और 187 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।**

बाजार के जानकारों ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन के बावजूद भी शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। इसकी वजह वैश्विक संकेतों का बाजार पर हावी होना है। आने वाले समय में निवेशकों की निगाहें अमेरिकी फेड के नतीजों पर होंगी। इससे बाजार की दिशा तय होगी।

## 'वफादारी का सर्टिफिकेट नहीं देंगे, वतन हमारा है'

*संसद में ओवैसी की हुंकार, चंद्रशेखर बोले- वंदे मातरम दिल की धड़कन*

'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर संसद में चर्चा शुरू हो गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में इस बहस की शुरूआत की. पीएम मोदी ने इस दौरान वंदे मातरम गीत के 150 वर्षों के इतिहास का जिक्र करते हुए देश में लगे आपातकाल की याद दिलाई. उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं जो कांग्रेस की चुभनी लाजमी है. इस बीच लोकसभा में एसपी सांसद इकरा हसन ने दमदार तरीके से संसद में अपनी बात रखी. उन्होंने कहा, मुसलमान इस देश में बाई च्वाइस हैं, बाई चांस नहीं. संसद में वंदे मातरम और संविधान पर जारी गरमा-गरम बहस के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार पर तीखा हमला बोला.

## बंगाल में 'खेला होबे': 7.5% वोटर लिस्ट से गायब, 90 सीटों पर समीकरण बदलना तय, ममता या बीजेपी किसे मिलेगा लाभ ?

पश्चिम बंगाल में 2026 चुनाव से पहले 56 लाख नाम वोटर लिस्ट से कटना महज सफाई नहीं, बल्कि एक बड़ा सियासी 'खेला' है. समझिए, कैसे 7.5% वोटों का गायब होना उन 90 सीटों का पूरा गणित पलट देगा जहां जीत का अंतर बेहद कम है. क्या बिहार की तर्ज पर बंगाल में भी नतीजे वोटिंग से पहले तय हो रहे हैं? जानिए, इस कटौती से ममता बनर्जी या बीजेपी, किसे होगा असली फायदा.

पश्चिम बंगाल की सियासत में 'खेला होबे' का नारा बहुत मशहूर है, लेकिन 2026 के चुनाव से पहले जो 'खेला' हो रहा है, वह मैदान में नहीं बल्कि कागजों पर हो रहा है. चुनाव आयोग के एक आंकड़े ने बंगाल की राजनीति में हड़कंप मचा दिया है. राज्य में 56.37 लाख वोटर 'अनकलेक्टिबल' यानी संदिग्ध पाए गए हैं, जिन्हें लिस्ट से हटाया जा रहा है. यह आंकड़ा कुल वोटरों का करीब 7.5% है.



राजनीति का सीधा नियम है- 2% का वोट स्विंग सरकार बदल देता है, यहां तो 7.5% वोट ही सिस्टम से बाहर हो रहे हैं. यह सिर्फ सफाई अभियान नहीं, बल्कि बंगाल की 294 सीटों का गणित बदलने वाला सियासी खेल है. लेकिन इसका फायदा किसे मिलेगा?

#### एक सीट से 19,000 वोट 'माइनस'

सबसे पहले इस आंकड़े को समझिए. राज्य में 7.66 करोड़ फॉर्म की जांच हुई, जिसमें से 56 लाख से ज्यादा नाम हटाने लायक मिले. अगर हम इसे बंगाल की कुल 294 विधानसभा सीटों में बराबर बांट दें, तो हर सीट पर औसतन करीब 19 हजार वोट हुए. अब आप खुद सोचिए, जिस विधायक की जीत का अंतर ही 5 या 10 हजार वोटों का था, अगर उसकी सीट से 19 हजार वोट अचानक गायब हो जाएं, तो उसकी जीत की क्या गारंटी बची? यह संख्या इतनी बड़ी है कि किसी भी उम्मीदवार की जमानत जब्त करवा सकती है या हारे हुए को जिता सकती है.

#### डेंजर जोन में 90 सीटें

इस 'सर्जिकल स्ट्राइक' का सबसे ज्यादा असर उन सीटों पर होगा, जिन्हें 'मार्जिनल सीट्स' कहा जाता है. 2021 के नतीजों को देखें तो बंगाल में 80 से 90 सीटें ऐसी हैं, जहां हार-जीत का फैसला 15,000 वोटों से कम के अंतर से हुआ था.

मान लीजिए किसी सीट पर तृणमूल या बीजेपी का उम्मीदवार 5,000 वोट से जीता. अब वहां लिस्ट पुनरीक्षण में 19,000 नाम कट गए. गणित कहता है कि कटने वाले वोट जीत के अंतर से 4 गुना ज्यादा हैं. अगर इन कटे हुए वोटों में थोड़ा भी झुकाव किसी एक पार्टी की तरफ था, तो उस सीट का रिजल्ट पलटना 100% तय है.

#### 'मुर्दा' वोट ठीक, लेकिन 30 लाख 'लापता' लोग कौन?

असली पेंच यहां फंसा है. 56 लाख में से 23 लाख तो मृतक हैं (इनका कटना सही है), लेकिन बाकी के 30 लाख से ज्यादा वोटर ऐसे हैं जो 'शिफ्टेड' (पता बदल गया) या 'अनट्रेसेबल' (मिले ही नहीं) हैं.

## भारत-बहरीन साझेदारी और मजबूत: समुद्री व्यापार बढ़ा, रक्षा सहयोग में नई गति

भारत और बहरीन के बीच राजनीतिक, आर्थिक और रक्षा सहयोग का संबंध काफी पुराना है। दोनों देशों के बीच समुद्री व्यापार लगातार जारी है। बहरीन में निवास करने वाले प्रवासियों में भारतीयों की संख्या सबसे अधिक है, जो द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को दशार्ती है।

भारत के लिए पश्चिम एशिया ऊर्जा, व्यापार और सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण

बहरीन का क्षेत्रफल 780 वर्ग किलोमीटर और जनसंख्या 18,23,725 है। फारस की खाड़ी में स्थित यह एक छोटा द्वीपीय देश है। भारत के लिए पश्चिम एशिया ऊर्जा, व्यापार और सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, और इसी कारण बहरीन इस क्षेत्र में भारत का एक स्थायी और विश्वसनीय साझेदार माना जाता है।

#### भारत और बहरीन के बीच व्यापार में लगातार बढ़ोतरी

भारत और बहरीन के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। भारत, बहरीन से मुख्य रूप से कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, एल्युमिनियम और खनिज आधारित उत्पाद, मशीनरी, वाहन व पुर्जे, चावल (विशेषकर बासमती), लोहा-इस्पात उत्पाद, डेयरी उत्पाद, मसाले, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और बिजली के उपकरण आयात करता है।

वहीं भारत, बहरीन को मशीनरी, इलेक्ट्रिकल सामान, खाद्य उत्पाद, कृषि उत्पाद (चावल, मसाले, आम), दवाइयां, स्टील उत्पाद, रत्न व आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल्स, एफएमसीजी उत्पाद (डेयरी, स्नैक्स, सौंदर्य प्रसाधन) और रेडीमेड वस्त्र निर्यात करता है।

## गोवा अग्निकांड: देश छोड़कर भागे नाइट क्लब के मालिक

गोवा के नाइट क्लब में हुए भीषण अग्निकांड के आरोपी भारत से भागने में सफल हो गए हैं. गोवा पुलिस के सूत्रों के अनुसार जिस



दिन यह घटना हुई, उसी दिन मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा ने मुंबई से थाईलैंड के शहर फुकेट की फ्लाइट पकड़ ली थी. इस मामले में अब गोवा पुलिस ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के माध्यम से इंटरपोल से मदद मांगी है. पुलिस को संदेह है कि आरोपी थाईलैंड में छिपे हुए हैं. इंटरपोल की मदद से अब आरोपियों को गिरफ्तार कर भारत लाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. पुलिस इस मामले में तेजी से कार्रवाई कर रही है. इस मामले में अजय गुप्ता नाम के शख्स की भी तलाश जारी है. गोवा पुलिस लगातार रेड कर रही है. सूत्रों के मुताबिक गोवा के जिस क्लब में आग लगी उस क्लब में सौरभ और गौरव के साथ अजय गुप्ता भी पार्टनर है. गोवा पुलिस अजय गुप्ता को गिरफ्तार कर सकती है.

## वंदे मातरम ने देश को आजादी दिलाई, अब नई पीढ़ी को प्रेरणा देगा: पीएम मोदी

समाज जागरण

संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। आज सोमवार को संसद का आठवां दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' पर चर्चा की शुरूआत की। देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस गीत के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में संसद में खास चर्चा की जा रही है।

#### पीएम मोदी ने वंदे मातरम पर हो रही चर्चा को गौरव का पल बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में बोलते हुए वंदे मातरम पर हो रही चर्चा को गौरव का पल बताया। उन्होंने कहा, "हमने इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक सामूहिक चर्चा का रास्ता चुना है। जिस मंत्र और जयघोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी और त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था। उस वंदे मातरम् को स्मरण करना हम लोगों का सौभाग्य है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इस पल के साक्षी बन रहे हैं।"

#### 'आज हम वंदे मातरम की 150 वर्ष की सामूहिक ऊर्जा की अनुभूति कर रहे हैं'



उन्होंने कहा, "एक ऐसा कालखंड जो हमारे सामने इतिहास की अनगिनत घटनाओं को अपने सामने लेकर आता है। यह चर्चा सदन की प्रतिबद्धता को तो प्रकट करेगी ही, लेकिन आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह शिक्षा का कारण बन सकती है अगर हम इसका सदुपयोग करेंगे। आज हम वंदे मातरम की 150 वर्ष की सामूहिक ऊर्जा की अनुभूति कर रहे हैं।"

#### 'जब वंदे मातरम के 100 साल पूरे हुए तो देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था'

पीएम मोदी ने वंदे मातरम के 150 वर्षों की यात्रा को याद करते हुए कहा, "यह यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है, लेकिन वंदे मातरम 50 वर्ष पूरे हुए तो देश गुलामी में जीने के लिए मजबूर था। जब 100 साल पूरे हुए तो देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। भारत के संविधान का गला घोंट दिया गया था। देशभक्ति के लिए जीने-मरने वाले लोगों को जेल में बंद कर दिया गया था। दुर्भाग्य से एक काला कालखंड हमारे इतिहास में उजागर हो गया।"

#### 'वंदे मातरम के 150 वर्ष उस महान अध्याय और गौरव को दोबारा स्थापित करने का अवसर'

उन्होंने कहा, "150 वर्ष उस महान अध्याय और गौरव को दोबारा स्थापित करने का अवसर है। मैं मानता हूं कि सदन और देश को इस अवसर को जाने नहीं देना चाहिए। यही वंदे मातरम है, जिसने 1947 में देश को आजादी दिलाई।"

## जापान में 7.6 तीव्रता का भीषण भूकंप, 10 फीट ऊंची सुनामी का अलर्ट

टोक्यो. जापान में सोमवार रात धरती डोल उठी. जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.6 मापी गई है. इसके तुरंत बाद उत्तर-पूर्वी तट पर 3 मीटर (10 फीट) तक ऊंची सुनामी आने की चेतावनी जारी की गई है. प्रशासन ने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को तुरंत ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए कहा है. यह चेतावनी होक्काइडो, आओमोरी और इवाते प्रान्तों के लिए जारी की गई है, जहां खतरा सबसे ज्यादा है. भूकंप का केंद्र तट से दूर बताया जा रहा है, लेकिन इसके झटके इतने तेज थे कि लोग घरों से बाहर निकल आए.



रात के अंधेरे में 10 फीट ऊंची लहरों का खौफ: भूकंप के झटके रात करीब 11:15 बजे महसूस किए गए. इतनी रात गए आए भूकंप ने लोगों को दहशत में डाल दिया. जेएमए ने साफ कहा है कि समुद्र में हलचल तेज है और 10 फीट तक ऊंची लहरें तट से टकरा सकती हैं. जापान के उत्तर और पूर्व के एक बड़े हिस्से में झटके महसूस किए गए. एजेंसी ने लोगों से अपील की है कि वे समुद्र तट से दूर रहें और सुरक्षित ठिकानों पर शरण लें.

## महाकुंभ 2025 की तरह माघ मेला 2026 को दिव्य भव्य और नव्य स्वरूप प्रदान कर रही है योगी सरकार

**प्रयागराज माघ मेले की प्रकाश व्यवस्था में भी मिलेगी नव्यता की झलक**

**माघ मेले में आने वाले आगंतुकों के रास्ते रोशन करेगी नियॉन और स्पाइरल लाइट्स, 260 वृक्षों में दिखेगा दोनों का संयोजन**

**शहर से लेकर माघ मेला क्षेत्र तक बिजली के पोल्स में धार्मिक प्रतीकों के मोटिव्स कराएंगे आध्यात्मिक अनुभूति**

**150 करोड़ रुपये के बजट से नगर निगम शहर के मुख्य मार्ग और गलियों को कर रहा है रोशन**

प्रयागराज, 08 दिसंबर। प्रयागराज में माघ मेले में त्रिवेणी के तट पर आस्था का जन समागम एकत्र होगा । योगी सरकार की तरफ से इस आयोजन को दिव्य ,भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए माघ मेला क्षेत्र से जुड़े शहर के उन मार्गों और गलियों को भी आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है जहां से होकर पर्यटक और श्रद्धालु माघ मेला पहुंचेंगे । इसी क्रम में शहर की हर मुख्य मार्ग और संपर्क मार्ग को रोशनी से भरने की तैयारी है ।नगर निगम यह जिम्मेदारी उठा रहा है । सड़क किनारे के वृक्षों को रोशनी के माध्यम से नया स्वरूप दिया गया है। नियॉन और स्पाइरल रोशनी से जगमग होंगे माघ मेला आगंतुकों के रास्ते

प्रयागराज में 3 जनवरी से लगने जा रहे आस्था के महा जन समागम माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारियों में जुटे हैं। मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर आगंतुकों के गुजरने वाले मार्गों को सजाने संवारने की कवायद भी चल रही है। नगर निगम प्रयागराज के यांत्रिक विभाग के चीफ इंजीनियर ( विद्युत) डॉ संजय कटियार बताते हैं कि माघ मेले में आने वाले पर्यटकों के स्वागत के लिए की संगम नगरी की सड़कों के साथ उनके दोनों ओर की प्रकाश व्यवस्था को भी भव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

शहर में सड़क किनारे लगे वृक्षों का नया लुक देने के लिए महाकुंभ 2025 की तर्ज पर नियॉन और स्पाइरल लाइट की संयोजित प्रकाश व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के 260 वृक्षों के तनों, शाखाओं और पत्तियों में अलग अलग थीम की रोशनी लगाई गई है। इनमें नियॉन और स्पाइरल लाइट्स को इस तरह संयोजित किया गया है जिसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कैसे रात के अंधेरे में पूरा वृक्ष आलोकित हो गया है। प्रयागराज एयरपोर्ट से लेकर संगम तक जाने वाले पर्यटक और श्रद्धालु इस भव्य प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन कर सकेंगे।

शहर की 23 सड़कों, 06 आरओबी और 02 फ्लाईओवर में शंख, चक्र, गदा, त्रिशूल, तलवार आदि के आकार के मोटिव्स भी श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी तरफ खींचेंगे । महाकुंभ में की गई इस व्यवस्था को माघ मेले के आयोजन में भी धरातल में उतारा जा रहा है। इसके लिए अलग से कोई बजट की व्यवस्था नहीं है क्योंकि ये अभी भी एक साल की गारंटी के अवधि में हैं।

#### शहर की सड़क और गलियां होंगी जगमग

माघ मेला क्षेत्र के अलावा शहर के सभी वार्डों की हर गली और प्रमुख मार्ग में प्रकाश की बेहतर व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# इंडिगो संकट ने खोली उद्योग की खामियां –

## नियम पालन में तंत्रगत नाकामी उजागर

**किंगफिशर एयरलाइंस से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (आईएलएफएसएल) तक में मचे बवाल की जड़ भी इसी से जुड़ी हुई है**

इंडिगो में उत्पन्न संकट उस बड़ी उथल-पुथल को दशार्ता है जो कंपनी क्षेत्र में बड़ी समस्याओं का कारण रही है। किंगफिशर एयरलाइंस से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (आईएलएफएसएल) तक में मचे बवाल की जड़ भी इसी से जुड़ी हुई है। इनमें कई स्तरों (कार्यकारी प्रबंधन और निदेशकमंडल के साथ-साथ क्षेत्रीय नियामक) पर सामूहिक विफलता खुलकर सामने आई है।




इससे भारतीय कंपनी संचालन ढांचे में व्याप्त खामियां उजागर होती हैं। इंडिगो ने समय सीमा के पालन के दबाव और ऊंची लागत से जूझते विमानन क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरी और मुनाफा भी खूब कमाया। मौजूदा संकट शुरू होने से पहले कंपनी प्रतिदिन 700 गंतव्यों के लिए 2,700 से अधिक उड़ानें संचालित करती थी।

अन्य अधिसूचित विमानन कंपनियों के साथ इंडिगो को भी पिछले साल जनवरी में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अधिसूचित उन्नत उड़ान कार्य समय सीमा (एफडीटीएल) नियमों के अनुरूप पायलट भर्ती कार्यक्रम संचालित करने के लिए एक वर्ष से अधिक समय मिला था।

परिचालन के लिहाज से नए एफडीटीएल नियम वर्ष 2025 में किसी भी विमानन कंपनी के लिए एक महत्त्वपूर्ण निर्देश थे जिनके साथ तालमेल बैठाना उसके लिए अनिवार्य था। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार इंडिगो की 2023-24 और 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में नए नियमों का कहीं उल्लेख नहीं था। न ही ये नियम इस विमानन कंपनी की जोखिम प्रबंधन रिपोर्ट में ही शामिल थे। इसका सीधा मतलब तो यही निकाला जा सकता है कि इंडिगो इन नए नियमों से उत्पन्न होने वाली परिचालन चुनौतियों का अंदाजा नहीं लगा पाई और न ही उनके लिए पर्याप्त रूप से तैयारी ही की। इस पूरे प्रकरण से इंडिगो की बुनियादी कार्य क्षमताओं पर सवाल उठता है।

इस विफलता से व्यापार एवं उद्योग जगत की नामी हस्तियों वाले इंडिगो बोर्ड की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठते हैं। इंडिगो के बोर्ड में भारतीय वायु सेना के एक पूर्व प्रमुख, अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन के एक पूर्व प्रमुख, एक अमेरिकी विमानन कंपनी के वर्तमान मुख्य परिचालन अधिकारी, शेल के एक पूर्व मुख्य कार्याधिकारी और भारतीय प्रतिभूति बाजार नियामक (सेबी) के पूर्व अध्यक्ष जैसी बड़ी हस्तियां शामिल हैं।

इंडिगो का कहना है कि उसके बोर्ड ने संकट शुरू होने के दिन से ही पूरे घटनाक्रम की निगरानी के लिए एक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया। मगर आश्चर्य की बात यह है कि बड़े शूरमाओं खासकर विमानन उद्योग से ताल्लुक रखने वाले लोगों से खचाखच भरे कंपनी के बोर्ड ने अपने कर्तव्यों का पालन करने और संकट शुरू होने से पहले नए एफ-डीटीएल नियमों को लेकर प्रबंधन की योजनाओं पर सवाल उठाने की जहमत नहीं की।

इंडिगो संकट डीजीसीए को भी कठघड़े में खड़ा करता है। ऐसी खबरें हैं कि सरकार इस विमानन कंपनी के बोर्ड का पुनर्गठन चाह रही है जो लगातार कई दिनों से चले आ रहे विमानन क्षेत्र में इस संकट के प्रति उसकी चिंता को दशार्ती है। संसद में नागर विमानन मंत्री ने कहा कि ड-ीजीसीए इस बात की निगरानी कर रहा था कि विमानन कंपनियां नए एफडीटीएल नियमों का अनुपालन कर रही हैं या नहीं।

मंत्री ने कहा कि 1 दिसंबर तक भी इंडिगो ने कोई मुद्दा नहीं उठाया था। यह पूरा घटनाक्रम इंडिगो की तरफ से सरासर धोखाधड़ी दशार्ता है जिसके लिए उसके खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। मगर नियामक को नवंबर की शुरूआत में ही इंडिगो के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए थी जब उसने 1,200 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं। उड़ान संचालन में स्थिरता लाने के लिए इंडिगो को कुछ उड़ानें रोकने के लिए कहने के बजाय नियामक ने उसे कुछ नए मानदंडों से रियायत देकर सीईओ को ह्यकारण बताओह्न नोटिस भेज दिया जो महज खानापूर्ति ही मानी जा सकती है।

मुक्त बाजार व्यवस्था के अंतर्गत काम करने वाले विमानन क्षेत्र में सरकार द्वारा इस तरह की छूट नियामक निष्पक्षता पर सवाल उठाती है। यह कदम उन विमानन कंपनियों के खिलाफ जाता है जिन्होंने नए एफडीटीएल नियमों का पालन करने में गंभीरता दिखाई थी। इतना ही नहीं, अब उन्हें नियामक के निर्देश के अनुसार एक अस्थायी किराया सीमा के तहत उड़ानें संचालित करनी हैं। संचालन व्यवस्था की ऐसी चौतरफा विफलता समग्र रूप से भारतीय कंपनी एवं उद्योग जगत के लिए अच्छी नहीं है।

## उपग्रह की नजर दोपहर तक पर शाम को जल रही पराली

पंजाब और हरियाणा के खेतों में पराली जलाने की 90 प्रतिशत से अधिक घटनाएं अब आधिकारिक निगरानी प्रणालियों की पकड़ में नहीं आ रही हैं, क्योंकि किसान खेतों में कृषि अपशिष्ट दोपहर बाद जलाते हैं। यह खुलासा सोमवार को आई एक रिपोर्ट में हुआ है। इंटरनैशनल फोरम फॉर इनवॉयरमेंट, सस्टेनबिलिटी ऐंड टेक्नॉलजी (आईफॉरेस्ट) द्वारा जारी पराली जलाने से जुड़ी स्थिति रिपोर्ट-2025 में कहा गया है कि इस वर्ष दिल्ली के वायु प्रदूषण में पराली जलाने के योगदान को काफी कम करके आंका गया है।

### अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस-

# भ्रष्टाचार का वैश्विक संकट और हमारी नैतिक जिम्मेदारी






**महेन्द्र तिवारी**

हर वर्ष 9 दिसंबर को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस केवल एक औपचारिक स्मरण दिवस नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के लिए उस चुनौती की ओर संकेत करता है जो राष्ट्रों की प्रगति, सामाजिक न्याय और नैतिक मूल्यों को भीतर से क्षीण करती रहती है। यह दिन 2003 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीकृत संयुक्त राष्ट्र भ्रष्टाचार विरोधी अभिसमय की याद दिलाता है, जिसने भ्रष्टाचार को किसी एक देश, संस्था या समाज की समस्या न मानकर एक वैश्विक संकट के रूप में स्वीकार करने का साहस दिखाया। दुनिया की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचनाओं में फैलती अनियमितताओं और सत्ता-लाभ के रोग ने जिस प्रकार राष्ट्रों की क्षमताओं को कमजोर किया है, वह इस अभिसमय की आवश्यकता को स्पष्ट करता है। भ्रष्टाचार विकास का सबसे बड़ा अवरोध इसलिए भी है कि यह राज्य के संसाधनों और संरचनाओं को उस स्थान तक पहुँचने से रोक देता है जहाँ उन्हें पहुँचना चाहिए जनता के जीवन में सुधार, समान अवसरों की उपलब्धता और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण।

आज विश्व बैंक की रिपोर्ट्स और वैश्विक संगठनों के आकलन स्पष्ट बताते हैं कि भ्रष्टाचार प्रतिवर्ष खरबों डॉलर को निगल जाता है। रिश्वत, घोटाले, फर्जी ठेके, लाभ हस्तांतरण और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे रूपों में यह आर्थिक अपराध अब किसी सीमा में बँधा नहीं रहा। सबसे अधिक पीड़ा की बात यह है कि इसका दुष्प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है जिनके पास आवाज कमजोर है, संसाधन सीमित हैं और जिनकी जीवन-गुणवत्ता शासन की ईमानदार नीतियों पर निर्भर करती है। विकासशील देशों के स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण कार्यक्रमों के विफल होने के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, पर भ्रष्टाचार उन सभी का साझा और सबसे निर्दयी दोषी है।

भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में भ्रष्टाचार की समस्या और भी जटिल हो जाती है क्योंकि यहाँ शासन जनता की भागीदारी पर आधारित है। लोकतंत्र की आत्मा ही पारदर्शिता और जवाबदेही है, किंतु जब व्यवस्थाएँ राजनीति, नौकरशाही, ठेकों और व्यावसायिक हितों के दबाव में उलझने लगती हैं, तब सार्वजनिक विश्वास टूटता है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने नीतिगत सुधारों, प्रशासनिक पारदर्शिता और संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने के अनेक प्रयास किए। लोकपाल, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सूचना का अधिकार अधिनियम जैसे कदम निश्चित रूप से परिवर्तन की दिशा में महत्त्वपूर्ण हैं। डिजिटल गवर्नेंस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और आधार आधारित सत्यापन ने लाभार्थी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाई है। फिर भी यह स्वीकार करने में संकोच नहीं होना चाहिए कि भ्रष्टाचार की जड़ें सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने में अभी भी गहरी हैं।

समस्या का सबसे कठिन पक्ष यह है कि भ्रष्टाचार केवल कानून से नियंत्रित होने वाली गतिविधि नहीं, बल्कि मनोवृत्ति है। जब समाज में लाभ-प्रथम सोच मूल्य-आधारित जीवन को पीछे धकेल देती है, जब सुविधा पाने के लिए शॉर्टकट सामान्य व्यवहार बन जाता है, और जब शक्ति का उपयोग सेवा की जगह पकड़ मजबूत करने में किया जाने लगता है तभी भ्रष्टाचार एक आदत बन जाता है। भारतीय परंपरा में सत्य, धर्म और ईमानदारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। ह्लसत्यमेव जयतेह्न केवल मुहर पर अंकित वाक्य नहीं, बल्कि शासन की मूल आत्मा है। गांधी ने सत्य को राजनीति का केंद्र बताया, कबीर ने मानव चरित्र की पवित्रता को श्रेष्ठता का पैमाना माना और तुलसी ने मयार्दा को जीवन-संयम का आधार कहा। ऐसे सांस्कृतिक धरोहर वाले समाज में भ्रष्टाचार का फैलना यह दशार्ता है कि संकट केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि मनुष्य की नैतिकता का भी है। यदि पारिवारिक और सामाजिक परिवेश बच्चों और यु-वाओं में ईमानदारी के संस्कार विकसित नहीं करता, तो प्रशासनिक सुधार चाहे जितने सक्षम हों, वे अधूरे ही रहेंगे।

युवा पीढ़ी इस परिवर्तन का सबसे प्रभावी साधन बन सकती है। शिक्षा संस्थानों में नैतिक शिक्षा को केवल एक विषय की तरह नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि की तरह समझाया जाना चाहिए। युवाओं को यह समझने की आवश्यकता है कि पारदर्शिता की मांग केवल आलोचना नहीं, बल्कि निर्माण का मार्ग है। डिजिटल प्लेटफॉर्म आज आवाज को ताकत देते हैं, पर उनका उपयोग केवल सनसनी या राजनीतिक शोर के लिए नहीं, बल्कि जागरूकता और सुधार के लिए होना चाहिए। सच यह है कि परिवर्तन लाने का साहस अक्सर युवाओं में ही होता है और यदि वही भ्रष्टाचार-विरोधी सोच के वाहक बनें, तो आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर शासन-प्रणाली विरासत में मिल सकती है।

भ्रष्टाचार का चरित्र आज अंतरराष्ट्रीय हो चुका है। एक देश में हुए अपराध का पैसा दूसरे देशों की टैक्स हैवन अर्थव्यवस्थाओं में सुरक्षित हो जाता है। कॉरपोरेट लॉबिंग, डिजिटल वित्तीय नेटवर्क, सीमा-पार निवेश और व्यापारिक गठजोड़ों ने भ्रष्टाचार को एक वैश्विक उद्योग का रूप दे दिया है। ऐसे में दुनिया के देशों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान, आपराधिक प्रत्यर्पण और वित्तीय पारदर्शिता के लिए साझा मंच अनिवार्य हो गया है। संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, इंटरपोल और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल जैसी संस्थाएँ मिलकर जिस सहयोगी ढांचे की वकालत कर रही हैं, वह इस लड़ाई को अगले स्तर पर ले जाने में सहायक हो सकता है। कोई भी देश यह मानकर नहीं चल सकता कि वह अकेले इस संकट से निपट सकता है।

अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस हमें यही सोचने का अवसर देता है कि ईमानदारी किसी और से अपेक्षित गुण नहीं, बल्कि स्वयं से शुरू की जाने वाली प्रक्रिया है। समाज के हर स्तर पर, घर से लेकर कार्यालय तक, शिक्षालय से लेकर प्रशासन तक, हम जितना ईमानदारी को व्यवहार में उतारेंगे, उतना ही भ्रष्टाचार का दायरा सिमटेगा। कानून और संस्थाएँ अपनी जगह महत्त्वपूर्ण हैं, पर वे तभी प्रभावी हो सकती हैं जब नागरिक स्वयं नैतिकता के प्रति प्रतिबद्ध हों।

स्वच्छ, पारदर्शी और न्यायपूर्ण समाज किसी एक सरकार के प्रयासों का परिणाम नहीं होता; यह नागा-रकों की सामूहिक चेतना और निरंतर ईमानदार आचरण से बनता है। विकास तभी टिकाऊ है जब वह सत्य और न्याय की नींव पर खड़ा हो। अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस यह स्मरण कराता है कि दुनिया तभी आगे बढ़ सकती है जब ईमानदारी उसका आधार बने और यह आधार किसी दस्तावेज में दर्ज नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर निर्मित होता है।

# ताइवान को दूसरा यूक्रेन बनाने की अमेरिकी तैयारी और भारतीय दृष्टिकोण की अहमियत।



दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहाँ वैश्विक शक्ति-संतुलन तेजी से बदल रहा है, और इसी शक्ति संघर्ष के केंद्र में ताइवान खड़ा है, जिसे अमेरिका और चीन के बीच तनाव की धुरी माना जाने लगा है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने विश्व को यह दिखा दिया है कि महाशक्तियों के भू-राजनीतिक खेल में छोटे देश किस तरह तबाह हो जाते हैं, और अब यही खतरा ताइवान के सिर पर मंडरा रहा है। अमेरिका द्वारा ताइवान को लगातार सैन्य, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, ठीक उसी तरह जैसे यूक्रेन को रूस के विरुद्ध भड़काया गया था। इतिहास गवाह है कि अमेरिका जिस देश का समर्थन करता है, वह अंततः संकट की कगार पर पहुंच जाता है ल्लअफगानिस्तान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहाँ तालिबानी आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष के समय अमेरिका ने रातों-रात सेना वापस बुलाकर अफगानिस्तान को अराजकता और खूनी सत्ता-परिवर्तन के हवाले कर दिया। यूक्रेन को रूस के विरुद्ध खड़ा करने का परिणाम दुनिया देख चुकी है–अरबों का नुकसान, लाखों निर्दोष लोगों की मौतें, शहरों का मलबा, और युद्ध का अंत आज तक नहीं। अमेरिका और नाटो के राष्ट्र बाहर बैठकर तमाशबीन बने रहे, हथियार बेचे, राजनीति चमकाई, पर जमीन पर कोई निर्णायक समर्थन नहीं दिया। अब ताइवान पर यही खेल दोहराया जा रहा है।

अमेरिका द्वारा ताइवान की संप्रभुता जैसी संवेदनशील विषय पर खुला समर्थन, "रणनीतिक अस्पष्टता" की नीति के बजाय स्पष्ट हस्तक्षेप का संकेत देता है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा, चीन की कड़ी चेतावनियों के बावजूद, अमेरिका की उस रणनीति को दशार्ती है जो चीन-विरोधी शक्ति संतुलन बनाने के लिए ताइवान को मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रही है। चीन ने इस यात्रा को अपनी संप्रभुता में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप बताया और सैन्य कार्रवाई की खुली धमकी दी, उसकी सेना ने ताइवान के चारों ओर लाइव-फायर सैन्य अभ्यास का ऐलान करते हुए युद्ध-स्तरीय तैयारी शुरू कर दी। नैंसी पेलोसी ने ताइवान पहुंचकर कहा कि 23 मिलियन ताइवानी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका की है। ऐसे बयान यूक्रेन युद्ध की शुरूआत से पहले अमे-रका द्वारा दिए गए बयानों जैसे ही प्रतीत होते हैं, जहाँ यूक्रेन को ह्लपूर्ण समर्थनह्न का आश्वासन दिया गया, पर युद्ध शुरू होते ही अमेरिका ने सुरक्षित दूरी बना ली।

चीन 20 वर्ष पहले वाला देश नहीं। सैन्य, आर्थिक और सामरिक क्षमता में वह विश्व की शीर्ष तीन शक्तियों में है। रूस-यूक्रेन युद्ध में उसने रूस का समर्थन कर यह संकेत दिया कि वह पश्चिमी गठबंधन को चुनौती देने के लिए तैयार है। यदि चीन और अमेरिका के बीच ताइवान विवाद खुली लड़ाई में बदलता है, तो यह केवल स्थानीय संघर्ष नहीं होगा बल्कि तीसरे विश्व युद्ध की संभावना को जन्म दे सकता है। अमेरिका, यूरोप और नाटो यदि ताइवान के समर्थन में खड़े होते हैं और रूस चीन के साथ, तो विश्व युद्ध की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।
अब इस प्रसंग को भारत के संदर्भ से समझना अत्यंत आवश्यक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, आर्थिक नीति, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उसकी सामरिक भूमिका और चीन के साथ उसके सीमा विवाद ने इस पूरे परिदृश्य को हमारे लिए अत्यंत संवेदनशील बना दिया है। भारत-चीन सीमा पर 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच विश्वास पूरी तरह टूट चुका है। चीन पाकिस्तान के माध्यम से भारत को घेरने की नीति (CPEC, ग्वादर पोर्ट) पहले ही चला रहा है, और अब यदि ताइवान-संघर्ष बढ़ता है, तो चीन दक्षिण एशिया में सैन्य और रणनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। ऐसे में भारत का अत्यंत सावधानी से कदम चुनना अनिवार्य है।

भारत QUAD का सदस्य है–जिसमें अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन का संतुलन बनाने के लिए जुड़े हैं। यदि ताइवान में संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका भारत से खुलकर समर्थन की अपेक्षा करेगा। पर भारत के लिए यह निर्णय आसान नहीं, क्योंकि चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है, और सीमा से सटे देशों में अस्थिरता भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाएगी। यदि ताइवान युद्ध होता है, तो वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन टूट जाएगी, जिसका सबसे बड़ा प्रभाव भारत की तकनीकी-आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा। ताइवान विश्व का 65-70% चिप निर्माण नियंत्रित करता है। चिप-कंपनियों के ध्वस्त होने का मतलब–मोबाइल, कंप्यूटर, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो-उद्योग, उपग्रह-तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य उपकरणों का ठहर जाना। दुनिया की अर्थव्यवस्था घुटनों पर आ जाएगी।

भारत अभी सेमीकंडक्टर उत्पादन के राष्ट्रीय मिशन पर काम कर रहा है, पर युद्ध की स्थिति में यह प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं होगा। ऊर्जा, ईंधन और आयात-निर्यात असंतुलन भी भारत को आर्थिक रूप से चुनौती देगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत को कच्चा तेल, गैस और खाद्य-सामग्री के मूल्य वृद्धि का जोखिम झेलना पड़ा है–ताइवान युद्ध उसका कई गुना व्यापक प्रभाव ला सकता है।

भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि क्या वह पश्चिमी दबाव में अमेरिका के पक्ष में खड़ा हो या अपनी कूटनीतिक स्वतंत्रता "रणनीतिक स्वायत्तता" को सुरक्षित रखे। भारत का हित युद्ध में नहीं, शांति में है। भारत वैश्विक मध्यस्थता की भूमिका निभाकर कूटनीतिक नेतृत्व दिखा सकता है। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यही नीति अपनाई–न किसी का अंध समर्थन, न विरोध–केवल राष्ट्रहित।

आज विश्व को जरूरत युद्ध की नहीं, संवाद की है। यदि अमेरिका ताइवान को यूक्रेन की तरह मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा और चीन के साथ उसकी प्रत्यक्ष भिड़ंत हुई, तो परिणाम पूरी मानवता के भविष्य को संकट में डाल देंगे। भारत को ऐसे समय में विश्व-राजनीति में संतुलनकारी भूमिका निभाने का अवसर भी है और दायित्व भी–क्योंकि भारत सभ्यता-आधारित शांतिपूर्ण विचारधारा का प्रतीक है।

दुनिया को चाहिए कि ताइवान को दूसरा यूक्रेन न बनने दे और महाशक्तियाँ अपने स्वार्थों के लिए छोटे देशों को युद्ध में न झोंकें। यदि कूटनीति विफल हुई, तो आने वाला समय मानव-इतिहास का सबसे खतरनाक अध्याय होगा। भारत को सावधानी, विवेक, स्वायत्त रणनीति और वैश्विक शांति-नेतृत्व का मार्ग चुनना होगा, क्योंकि ताइवान-संघर्ष केवल एशिया का नहीं, पूरी मानवता का संकट होगा।

**संजीव ठाकुर**
**चिंतक, लेखक, वरिष्ठ पत्रकार,**

## जैन पुराण साहित्य

भारतीय धर्मग्रन्थों में 'पुराण' शब्द का प्रयोग इतिहास के अर्थ में आता है। कितने विद्वानों ने इतिहास और पुराण को पंचम वेद माना है। चाणक्य ने अपने अर्थशास्त्र में इतिवृत्त, पुराण, आख्यायिका, उ-दाहरण, धर्मशास्त्र तथा अर्थशास्त्र का समावेश किया है। इससे यह सिद्ध होता है कि इतिहास और पुराण दोनों ही विभिन्न हैं। इतिवृत्त का उल्लेख समान होने पर भी दोनों अपनी अपनी विशेषता रखते हैं। इतिहास जहाँ घटनाओं का वर्णन कर निर्वृत हो जाता है वहाँ पुराण उनके परिणाम की ओर पाठक का चित्त आकृष्ट करता है।

**सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च।**
**वंशानुचरितान्येव पुराणं पंचलक्षणम्॥**

जिसमें सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंश-परम्पराओं का वर्णन हो, वह पुराण है। सर्ग, प्रतिसर्ग आदि पुराण के पाँच लक्षण हैं। तात्पर्य यह कि इतिवृत्त केवल घटित घटनाओं का उल्लेख करता है परन्तु पुराण महापुरुषों के घटित घटनाओं का उल्लेख करता हुआ उनसे प्राप्त फलाफल पुण्य-पाप का भी वर्णन करता है तथा व्यक्ति के चरित्र निर्माण की अपेक्षा बीच-बीच में नैतिक और धार्मिक शिक्षाओं का प्रदर्शन भी करता है। इतिवृत्त में जहाँ केवल वर्तमान की घटनाओं का उल्लेख रहता है वहाँ पुराण में नायक के अतीत और अनागत भवों का भी उल्लेख रहता है और वह इसलिये कि जनसाधारण समझ सके कि महापुरुष कैसे बना जा सकता है। अवनत से उन्नत बनने के लिये क्या-क्या त्याग, परोपकार और तपस्याएँ करनी पड़ती हैं। मानव के जीवन-निर्माण में पुराण का बड़ा ही महत्त्वपूर्ण स्थान है। यही कारण है कि उसमें जनसाधारण की श्रद्धा आज भी यथापूर्व अक्षुण्ण है।
वैदिक परम्परा में पुराणों और उप-पुराणों का जैसा विभाग पाया जाता है वैसा जैन परम्परा में नहीं पाया जाता। परन्तु यहाँ जो भी पुराण-साहित्य विद्यमान है वह अपने ढंग का निराला है। जहाँ अन्य पुराणकार प्रायः इतिवृत्त की यथार्थता को सुरक्षित नहीं रख सके हैं वहाँ जैन पुराणकारों ने यथार्थता को अधिक सुरक्षित रखा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# प्राचीन शिव मंदिर को राजनीति का अखाड़ा बनाने का प्रयास, आमजन में रोष

*-तय तारीख में शांतिपूर्वक हो नई समिति का गठन*

*-पूर्व मीटिंग के दौरान हुई विसंगति की ना हो पूर्णावर्ती*

**समाज जागरण**

लोनी, 8 दिसंबरः "मंदिर को बना दिया राजनीति का अखाड़ा" एक मुहावरा है जिसका अर्थ है कि एक पवित्र स्थान (मंदिर) का उपयोग धार्मिक या आध्यात्मिक उद्देश्यों के बजाय निजी लाभ, शक्ति संघर्ष और समिति चुनावी जोड़-तोड़ के लिए किया जा रहा है। हम बात कर रहे हैं वार्ड 41 की गुलाब वाटिका कॉलोनी, गली नंबर 7 व 8 के मध्य स्थित "प्राचीन शिव मंदिर" की. जहा दो गुट या कथित नेता अपने अहम भरे स्वार्थ के लिए मंदिर को मंच बनाकर आपसी खींचतान करते दिखते हैं। और इस तरह यहां मंदिर की पवित्रता की जगह स्वार्थ भरी रणनीति हावी हैं।

गौरतलब है कि गुलाब वाटिका कॉलोनी का प्राचीन शिव मंदिर, जो पूजा और शांति का स्थान है, वह 7 दिसंबर को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई बैठक में दो गुटों के बीच विवादों और निजी अहम के फलीभूत राजनीतिक दांव-पेंच का केंद्र बनता नजर आया। मंदिर की कथित प्रबंधन समिति या उस पर नियंत्रण पाने के लिए स्थानीय गुट आपस में भिड़ते हैं. चुनाव जीतने या समर्थन जुटाने के लिए मंदिरों में जाकर, या मंदिर से जुड़े मुद्दों को उठाकर, राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं, जिससे आस्था की जगह सियासत ले लेती है।

बता दे कि कुछ गिने चुने लोगों द्वारा उक्त मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य के दौरान समय देना तथा अन्य विभिन्न प्रकार का योगदान करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उनकी मेहनत और लगन मंदिर पर लगे लेंटर में नजर आती है। मगर इसके बावजूद



कॉलोनी के अधिकांश नागरिक उनकी कार्य प्रणाली से संतुष्ट नजर नहीं आते। लोगों के बीच चर्चा है कि समाज के बीच बिना कोई जानकारी दिए चुपचाप मंदिर की समिति बना लेने की बात को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता. जिनका मंदिर निर्माण कार्य में भी निजी आचरण झलकता है जबकि इस क्षेत्र में उनमें ज्ञान का भी अभाव है। यही नहीं कुछ बातों को लेकर मंदिर के पुजारी संग भी उनका मतभेद भी उजागर हो गया और यहीं से मंदिर पर राजनीति का मामला तूल पकड़ता चला गया. आखिर 7 दिसंबर को मंदिर प्रांगण में हुई बैठक के दौरान मंदिर की नई समिति बनाने को लेकर चचाओं ने जोर पकड़ा। घंटो चली इस बैठक के दौरान दो खेमों में बटे लोगों के बीच आरोप प्रतिआरोप का सिलसिला भी खूब चला. यहां तक की आपस में अभद्रता के साथ-साथ मारपीट तक की नौबत आई. गमिनत यह रही कि कुछ संभ्रांत नागरिकों के बीच-बचाव से विवाद बढ़ने से टल गया। हालांकि किसी भी सामाजिक बात को लेकर आपस में इस तरह का वाद-विवाद, खास तौर पर मंदिर जैसे पवित्र स्थान पर होना तो किसी भी सूरत में न्याय संगत नहीं ठहराया जा सकता।

हम सभी को समझना होगा कि मंदिर में राजनीतिक मकसद के लिए नहीं बल्कि माथा टेकने के लिए आया जाता है। मूंछों की लड़ाई में मन्दिरों को राजनीति का अखाड़ा न बनाए। हमें समझना होगा कि मन्दिर समाज को जोड़ने के लिए होता है न कि लोगों को तोड़ने के लिए, मन्दिर में लोग आस्था और श्रद्धा के साथ समाज व परिवार की भलाई की कामना करते है। किसी भी धार्मिक जगह का अपना एक महत्व होता है और हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम उसे बना कर रखे। कोई भी व्यक्ति अपने अहम की खातिर धार्मिक स्थल पर अपनी राजनीति न करें, इसी में समाज व भाईचारे की भलाई है। कुछ स्वार्थी लोगों ने तो शिव मंदिर को आपसी भाईचारा खराब करने के लिए राजनीति का अखाड़ा बना दिया। ध्यान रहे किसी भी मुद्दे की राजनीति जन सेवा के लिए होती है ना की लोगों के बीच आपसी मतभेद बढ़ाने के लिए।

इसीलिए 7 तारीख में संपन्न हुई मीटिंग के दौरान लिए गए निर्णयनुसरा आगामी 21 दिसंबर को कॉलोनी का प्रत्येक नागरिक अपने अहम को त्याग कर मंदिर हित की भावनाओं के साथ एक ऐसी साफ-सुथरी छवि वाली समिति का गठन करने में योगदान करे. जो सभी को एक साथ जोड़कर मंदिर प्रबंधन को उचित गति दे सके।

## लोनी में आउटलाइन कोर्ट स्थापित करने की उठी मांग

## (दस्तावेज लेखन संगठन ने उच्च न्यायपालिका व शासन को भेजा पत्र)

**समाज जागरण**

लोनी, 8 दिसंबरः उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन तहसील लोनी के सचिव हाजी सरफराज अहमद ने तहसील लोनी में आउटलाइन कोर्ट खोलने की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण पत्र माननीय मुख्य न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली, मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, प्रमुख सचिव विधि, न्याय विभाग तथा माननीय मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय प्रयागराज को प्रेषित किया है।

उनके द्वारा उल्लेखित पत्र में मांग की गई है कि लोनी में न्यायिक सुविधाओं के विस्तार हेतु दो अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, तीन न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, एक परिवार न्यायालय, एक सिविल जज (जूनियर डिवीजन) तथा एक सीडी न्यायालय स्थापित किए जाएँ, ताकि क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या और न्यायिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। सरफराज ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोनी तहसील में 5 थाने- थाना लोनी बॉर्डर, कोतवाली लोनी, थाना ट्रोनिका सिटी, थाना अंकुर विहार एवं थाना टीला मोड़ तथा उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद और खंड विकास कार्यालय स्थित हैं। साथ ही क्षेत्र में 2 सहायक अपर पुलिस आयुक्त न्यायालय भी संचालित हैं।

उन्होंने बताया कि लोनी की आबादी लगभग 30 लाख से अधिक होने के बावजूद यहां न्यायालय की व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते वादकारियों को करीब 30 किलोमीटर दूर गाजियाबाद जिला न्यायालय जाना पड़ता है। इससे समय और धन की हानि होने के साथ-साथ लोग सस्ता और सुलभ न्याय मिलने से वंचित रह जाते हैं।

हाजी सरफराज अहमद के अनुसार अधिवक्ताओं तथा आम नागरिकों की यह मांग न्यायहित में आवश्यक है और सरकार को शीघ्र न्यायालय स्थापना का निर्णय लेना चाहिए। इस अवसर पर लोनी तहसील के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार और उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन तहसील लोनी के अध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सुरक्षा और आपदा न्यूनीकरण संबंधी महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 08 दिसंबर 2025ः आज सेक्टर-27, नोएडा स्थित कैंप कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में जिले के समस्त क्लब, बार, होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज लॉन के प्रबंधकों/संचालकों के साथ सुरक्षा और आपदा न्यूनीकरण पर बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य इन प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना, संभावित आपदा की स्थिति से निपटने हेतु ठोस उपाय सुनिश्चित करना और जनसाधारण की सुरक्षा को सर्वोपरि रखना था।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना, आगजनी या आपदा को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संचालकों को निर्देशित किया कि अग्निशमन उपकरण, इमरजेंसी एग्जिट, सीसीटीवी, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। ज्वलनशील पदार्थ न रखे जाएं और एंट्री-एग्जिट गेट पर लाइटिंग साइनेज अनिवार्य रूप से लगाए जाएँ।

सभी प्रतिष्ठानों में इमरजेंसी इंचार्ज, प्राथमिक उपचार सामग्री, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं सुनिश्चित की जाएँ। कर्मचारियों के लिए नियमित मॉक ड्रिल और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित करने पर जोर दिया गया। प्रशासन समय-समय पर निरीक्षण करेगा और लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे सभी प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करें और सुरक्षा मानकों के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करें।

बैठक में पुलिस विभाग, विद्युत सुरक्षा विभाग, अग्निशमन विभाग, आबकारी विभाग और आपदा प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, विद्युत सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और लाइसेंस शर्तों के अनुपालन पर विशेष मार्गदर्शन दिया। जिलाधिकारी ने आगामी क्रिसमस और नववर्ष के आयोजनों के लिए संचालकों को कार्ययोजना पूर्व तैयारी और आयोजन की अनुमति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। उपस्थित अधिकारियों में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा रमेश कुमार और जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी शामिल रहे।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# गौतम बुद्ध नगरः अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 10 से 28 दिसंबर तक निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 08 दिसंबर 2025ः जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जिले के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि दिसंबर 2025 के लिए आवंटित खाद्यान्न 10 से 28 दिसंबर 2025 तक वितरित किया जाएगा। वितरण प्रातः 08:00 बजे से 12:00 बजे और दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक ई-पॉस मशीन द्वारा आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निशुल्क किया जाएगा।

अंत्योदय कार्डधारकों को अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर के लिए 3 किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से ₹54 में उपलब्ध कराई जाएगी।

**खाद्यान्न वितरण विवरणः**

अंत्योदय कार्डधारकः 14 किग्रा गेहूँ + 21 किग्रा चावल (निःशुल्क)

पात्र गृहस्थी कार्डधारकः 2 किग्रा गेहूँ + 3 किग्रा चावल (निःशुल्क)

जिले के अतिरिक्त, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत अन्य जिलों/राज्यों के कार्डधारक किसी भी उचित दर की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। वितरण के दौरान नोडल अधिकारी खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन करेंगे।

वितरण की अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2025 है। आधार प्रमाणीकरण न होने पर मोबाइल डळढ वेरीफिकेशन के माध्यम से लाभार्थियों को निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। वितरण पर्चियों पर गेहूँ और चावल का मूल्य शून्य स्पष्ट रूप से दिखाया जाएगा।

लाभार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी आवश्यक वस्तुएं समय पर प्राप्त करें। किसी समस्या के मामले में तहसील के उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1967 / 1800-1800-150 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

## अब खुलेंगे पशु जन औषधि केंद्र, पशु पालकों को मिलेगी सस्ती दरों पर दवा

**समाज जागरण**

लोनी, 8 दिसंबरः पशुपालकों के एक अच्छी खबर है, जन औषधि केंद्र की तर्ज पर अब जिले में पशुओं के लिए भी सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने पशु औषधि केंद्र खोलने की प्रक्रिया की शुरूआत भी कर दी है। प्राप्त प्रेस नोट के मुताबिक प्रत्येक विकासखंड में ह्लपशु औषधि केंद्रह्व खोले जाएंगे. इच्छुक आवेदक फार्म, दुकान के कागजात, लाइसेंस प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया विभाग की वेबसाइट http://pashuaushadhi.dahd.gov.in पर उपलब्ध है।

बता दे की पशु औषधि केंद्र खोलने के लिए 5 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है. इसके अतिरिक्त दुकान के लिए कम से कम 120 वर्ग फुट स्थान अनिवार्य है। ध्यान रखने लायक बात यह है कि इस योजना के अंतर्गत सहकारी समितियों एवं योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना भारत सरकार की पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित होंगी. जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को कम कीमत पर दवा उपलब्ध कराना है, ताकि पशु स्वास्थ्य में सुधार होने के साथ-साथ पशु उत्पादन भी बढ़े। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी गाजियाबाद डॉ.एस.एम.आई. पांडेय के अनुसार यह योजना पशुपालकों के लिए लाभकारी होगी।

# आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

गौतम बुद्ध नगर, 08 दिसंबर 2025ः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार, अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13 दिसंबर 2025 को जनपद गौतम बुद्ध नगर में मुख्यालय और तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से निम्नलिखित प्रकार के मामले निस्तारित किए जाएंगेः

आपराधिक सुलहनीय वाद

**पारिवारिक मामले**

मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले, प्री-लिटिगेशन मामले सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के आधार पर समझौता करना चाहते हों

सभी पक्षकारों को यह अवसर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने विवाद का त्वरित और प्रभावी समाधान करने का अवसर प्रदान करेगा। सौजन्यः सूचना विभाग,

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# नव चयनित मुख्य सेविकाओं के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, छह चरणों में प्रशिक्षण आयोजित



**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 08 दिसंबर 2025ः विकास भवन सभागार में बाल विकास विभाग और पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नव चयनित मुख्य सेविकाओं के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम निर्देशक बाल विकास विभाग / जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण वर्मा के निर्देशन तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण की शुरूआत बाल विकास विभाग की सेवाओं, उद्देश्यों और रणनीति पर दोतरफा विचार-विमर्श के साथ हुई। सक्षम प्राधिकारी के निदेर्शानुसार यह प्रशिक्षण छह चरणों में आयोजित किया जा रहा है, प्रत्येक चरण दो-दो दिन का निर्धारित है, ताकि प्रशिक्षण क्रमबद्ध, सुव्यवस्थित और प्रभावी रूप से संपन्न हो सके।

**प्रशिक्षण चरण और तिथिः**

प्रथम चरणः 08-12-2025 से 09-12-2025

द्वितीय चरणः 15-12-2025 से 16-12-2025

तृतीय चरणः 22-12-2025 से 23-12-2025

चतुर्थ चरणः 29-12-2025 से 30-12-2025

पंचम चरणः 05-01-2026 से 06-01-2026

षष्ठ चरणः 12-01-2026 (समापन)

प्रथम चरण के दौरान पीपीटी मॉड्यूल के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की रूपरेखा, उद्देश्य और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। आगामी चरणों में विषयगत, व्यवहारिक और मूल्यांकन आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

सभी प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित रही और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण नोडल अधिकारी/सीडीपीओ संध्या सोनी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# शिवराज सिंह चौहान बोल कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ जीडीपी को तीन गुना करना हमारा लक्ष्य

## (पेस्टिसाइड का खेती पर संतुलित प्रयोग का आह्वान)




**समाज जागरण**

नई दिल्ली 8 दिसंबर / दिल्ली के ताज पैलेस होटल में आज एग्रीबिजनेस समिट 2025, का आयोजन किया गया इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा मकसद भारत में किसानों को अच्छी खाद पानी पहुंचाना है कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वंदे मातरम पर बोलते हुए कहा कि वंदे मातरम हमारे लिए गौरव की बात है लेकिन जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं क्या वह राष्ट्र प्रेम करते हैं

धनुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा आज,कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कंपनी के डॉ. आर जी अग्रवाल*चेयरमैन ने कहा कि देश के लगभग आधे कार्यबल को कृषि सहारा देती है और खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण विकास और समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। देश में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास के साथ, गुणवत्ता वाले इनपुट और वैज्ञानिक खेती के तरीके खाद्य और पोषण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय कृषि परिवर्तनकारी प्रगति की दहलीज पर खड़ी है - जो इस सभा को समयोचित और महत्वपूर्ण बनाती है।

इस मौके पर पीएचडीसीसीआई के सीईओ और जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर रंजीत मेहता ने कहा कि हम सरकार की हर कोशिश में सरकार के हर कदम का अभिवादन करते हैं हमारा मकसद किसानों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त करना है

एग्रीबिजनेस समिट 2025 के हिस्से के रूप में आयोजन धनुका एग्रीटेक लिमिटेड कंपनी के डॉ. आर जी अग्रवाल*चेयरमैन एमेरिटस ने कहा कि देश के लगभग आधे कार्यबल को कृषि सहारा देती है और खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण विकास और समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। देश में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास के साथ, गुणवत्ता वाले इनपुट और वैज्ञानिक खेती के तरीके खाद्य और पोषण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय कृषि परिवर्तनकारी प्रगति की दहलीज पर खड़ी है - जो इस सभा को समयोचित और महत्वपूर्ण बनाती है।

"नई तकनीक और गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट का उपयोग करके कृषि जीडीपी को तीन गुना करनाह्व है, देश के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं, नीति निमार्ताओं, वैज्ञानिकों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ ला रहा है। हमें सम्मानित महसूस हो रहा है आज इस सीमेंट में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित हुए

एवं माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल झ्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा,माननीय राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी, जल शक्ति मंत्रालय - विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री, राजस्थान सरकार श्री किरोड़ी लाल मीणा झ्र विशिष्ट अतिथि डॉ. रमेश चंद, सदस्य, नीति आयोग झ्र मुख्य वक्ता डॉ. एम.एल. जाट, डीजी-आईसीएआर झ्र मुख्य वक्ता , सहित गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे

इस मौके पर गाला डिनर इन प्रतिष्ठित मेहमानों के साथ-साथ वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, वैश्विक और भारतीय उद्योगपतियों, कृषि-उद्यमियों, शोधकताओं और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य प्रतिभागियों के साथ सार्थक बातचीत के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया गया

# बीआईटी नोएडा में "मात्रात्मक एवं गुणात्मक शोध विधियाँ" पर दो सप्ताह का शिक्षक विकास कार्यक्रम शुरू

**समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर 1 स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 8 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक "मात्रात्मक एवं गुणात्मक शोध विधियाँ" विषय पर दो सप्ताह का ऑनलाइन शिक्षक विकास कार्यक्रम आज विधिवत शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. विकास त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक प्रो. एस एल गुप्ता, और विशेषज्ञ डॉ. अरुण मित्तल तथा डॉ. निकेत मेहता ने कार्यक्रम की विवरणिका का विमोचन किया।



**कार्यक्रम का उद्देश्य**

यह शिक्षक विकास कार्यक्रम शिक्षकों, शोधार्थियों और उद्योग पेशेवरों को आधुनिक शोध पद्धतियों, उपकरणों और उन्नत सांख्यिकीय तकनीकों की व्यावहारिक समझ प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से लगभग 90 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं: लखनऊ विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, रेवा विश्वविद्यालय इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, भारतीय प्रबंध संस्थान दिल्ली, अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रबंधन संस्थान और प्रमुख शोध संगठन

**संस्थान निदेशक का सम्बोधन**

संस्थान के निदेशक प्रो. विकास त्रिपाठी ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि यह चतुर्थ संस्करण है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों की शोध क्षमता को नई दिशा देता है और उन्हें आधुनिक शोध उपकरणों एवं पद्धतियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है।

**मुख्य विषय और गतिविधियाँ**

मुख्य कार्यक्रम संयोजक प्रो. एस एल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख पहलुओं को शामिल किया गया हैः

**प्रश्नावली निर्माण**

विद्यमान साहित्य की समीक्षा, शोध समस्याओं की पहचान, शोध में प्रयुक्त सॉफ़्टवेयर जैसे NVivo, SPSS, AMOS पर व्यावहारिक चर्चा

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षाविद् अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जिनमें प्रमुख हैंः प्रो. (डॉ.) सुधीर राणा (लिवा विश्वविद्यालय) प्रो. (डॉ.) सोनिया चावला (राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान) प्रो. (डॉ.) राजीव अग्रवाल डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. अरुण मित्तल, डॉ. निकेत मेहता (BIT नोएडा) प्रो. (डॉ.) एच. के. डांगी (दिल्ली विश्वविद्यालय) डॉ. लोकेश जिंदल (जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय) प्रो. (डॉ.) शिव रतन अग्रवाल (NTPC स्कूल ऑफ बिजनेस) प्रो. (डॉ.) सुमित नरूला (बेनेट विश्वविद्यालय)

**सहायता और प्रमाण पत्र**

कार्यक्रम सह संयोजक डॉ. निकेत मेहता ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट, सभी सत्रों की रिकॉर्डिंग और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रतिभागी कार्यक्रम के दौरान और बाद में भी सीख को व्यावहारिक रूप से लागू कर सकेंगे।

बीआईटी नोएडा द्वारा आयोजित यह शिक्षक विकास कार्यक्रम शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए मात्रात्मक एवं गुणात्मक शोध में उत्कृष्ट मार्गदर्शन और व्यावहारिक अनुभव का अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शोध की गुणवत्ता और शिक्षण में नवीनता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# सरकारी नीतियाँ ही हमारी सांसें छीन रही हैं

## अरावली का 90% हिस्सा खनन के लिए खुला, दिल्ली-NCR में हवा 15 गुना ज्यादा जहरीली

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/गाजियाबाद। दिल्ली-NCR में सर्दियां आते ही प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो जाता है और हर साल लाखों लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार वायु प्रदूषण का स्तर सामान्य से औसतन 6 गुना तक बढ़ जाता है, जबकि अगर VOC (Volatile Organic Compounds)) को शामिल किया जाए तो प्रदूषण 15 गुना तक पहुंच जाता है।

**पर्यावरणविदों का कहना है कि दिल्ली की यह हालत प्राकृतिक नहीं बल्कि गलत नीतिगत फैसलों का नतीजा है।**





### अरावली — दिल्ली की प्राकृतिक ढाल टूट रही है

दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक अरावली दिल्ली की जल और वायु सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। यह रेगिस्तान को बढ़ने से रोकती है, भूजल recharge करती है और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

लेकिन एक हालिया कोर्ट फैसले में, मंत्रालय के समर्थन के साथ, अरावली की लगभग 90% जमीन को 'अनक्लासिफाइड' घोषित कर खनन और निर्माण के लिए खोल दिया गया है। इससे पर्यावरणविदों में रोष है और विशेषज्ञ इसे दिल्ली के "इकोलॉजिकल डेथ वारंट" की संज्ञा दे रहे हैं।

**मालिकाना हक का संकट**

पर्यावरण विशेषज्ञों का आरोप है कि प्राकृतिक संसाधन धीरे-धीरे "स्टेट-मार्केट प्रॉपर्टी" में बदले जा रहे हैं, जिससे आम जनता का अधिकार खत्म हो रहा है।

जंगल, पहाड़, चरागाह, नदी और वेटलैंड्स अब समुदायों की नहीं, बाजार और नीतियों की भाषा में बदल रहे हैं।

**लद्दाख का संघर्ष**

अरावली के समान ही लद्दाख में भी समुदाय अपने प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है। सोनम वांगचुक और लद्दाखी समाज छठी अनुसूची की मांग कर रहा है ताकि स्थानीय संसाधनों पर स्थानीय समुदायों का अधिकार सुनिश्चित हो सके।

**क्या है समाधान?**

विशेषज्ञों के अनुसार समाधान केवल एक है– स्थानीय समुदायों को कॉमन लैंड पर मालिकाना हक और निर्णय लेने का अधिकार।

**गाज़ियाबाद एक उदाहरण**

गाज़ियाबाद में पिछले एक दशक से प्रदूषण नियंत्रण के सुझाव दिए जा रहे हैं लेकिन प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

## यूपी बोर्ड परीक्षा 2026: संभल में परीक्षा केंद्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। कलक्टेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अन्तर्गत यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 के परीक्षा केन्द्रों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार द्वारा 2026 के लिए परिषद द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्रों की संख्या तहसील बार बतायी गयी जिसमें उन्होंने बताया कि तहसील सम्भल के अन्तर्गत कुल (36) जिनमें 07 राजकीय, 13 अशासकीय सहायता प्राप्त, 16 वित्तविहीन तथा तहसील चंदौसी के अन्तर्गत कुल (19) जिनमें 02 राजकीय 12 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 05 वित्तविहीन एवं तहसील गुन्नौर के अन्तर्गत कुल (14) जिनमें 03 राजकीय, 07 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 04 वित्तविहीन। उन्होंने बताया कि परिषदीय परीक्षा 2026 में हाईस्कूल में 27786 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट में 23646 परीक्षार्थी एवं कुल 51432 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी द्वारा आपत्ति के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से जो परीक्षा केंद्र परिषद द्वारा आवंटित किए गए हैं उनमें भौतिक सुविधाओं की स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा पूर्व में जो केंद्र बनाए गए थे उनमें भौतिक सुविधाओं की क्या स्थिति थी इसके विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज ,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी,खंड शिक्षा अधिकारी गन्नौर एम एल पटेल एवं राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संभल तीर्थ परिक्रमा के पुनर्जीवित कर्ता को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

पंकज राघव/हेमन्त चौहान



संभल।हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा को संभल तीर्थ परिक्रमा को पुनर्जीवित करने के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

हसनपुर रोड पर स्थित चाहल चौथ पर आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महिपाल सिंह ने कहा कि हिंदुत्व, समाज और धर्म जागरण हेतु समर्पित हिंदू जागृति मंच की सेवा को सदैव याद किया जाता रहेगा। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने संभल तीर्थ परिक्रमा को सन 2008 में पुनर्जीवित करके सराहनीय, प्रशंसनीय, स्मरणीय और अभिनंदनीय कार्य किया है। हिंदू जागृति मंच के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि स्वामी भगवतप्रिय जी महाराज, चौधरी महिपाल सिंह, डॉ अरविंद कुमार गुप्ता, भारत सिंह यादव, मंच के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय डी के शर्मा, चौधरी खिलेंद्र सिंह, जयप्रकाश गुप्ता सहित अनेक जनों ने आत्मिक बल प्रदान करते हुए संभल के हितार्थ सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा दी है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, चौधरी खिलेंद्र सिंह, सोनू चाहल, महीपाल सिंह तथा चाहल चौथ से जुड़े हुए अनेक जनों ने हिंदू जागृति मंच की प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने संभल की परिक्रमा को संभल की आन बान शान बता कर परिक्रमा कार्य को और अधिक ऊंचाई देने का संकल्प लिया। चाहल चौथ के प्रबंधक चौधरी खिलेंद्र सिंह ने चाहल चौथ स्थान की महिमा एवं स्वर्णिम इतिहास का वर्णन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महिपाल सिंह ने की तथा संचालन भाजपा नेता सोनू चाहल ने किया।

## आर्य सुगंध संस्थान मुस्सेपुर में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने परिवार के साथ आए बच्चों को वृद्धो को कंबल वितरित किए

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद आर्य सुगंध संस्थान मूसेपुर में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा जी परिवार के साथ आए बच्चों को वृद्धो को कंबल वितरित किए साथ ही बच्चों को स्वादिष्ट भोजन भी बड़े प्यार से कराया स्विप इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ उनकी पत्नी रिया झा व दोनों बेटियां भी रही नजीबाबाद से सीओ साहब नितेश प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे थानाध्यक्ष मंडावली उनकी पत्नी भी उपस्थित रहे एसपी साहब के साथ थाना मंडावली का समस्त स्टाफ ने बड़े लगन से दिव्यांग बच्चों को भोजन परोसा एसपी साहब एवं उनकी धर्मपत्नी रिया झा बच्चों एवं वृद्धों से मिलकर बहुत खुश हुए प्रबंधिका कमलेश आर्या जी व अध्यक्ष सुंदर गोयल जी ने स्मृति चिन्ह देकर एसपी साहब का सम्मान किया प्रबंधिका जी ने बच्चों के हाथ से बने बैग पर्स भी उपहार स्वरूप दिए। संस्थान परिवार ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया इस अवसर पर संस्थापक डॉ अजयवीर सिंह जी, उपाध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश जी,प्रधानाचार्या गर्जना आर्या , अजीत सिंह , गगन आर्य मुकुल , सायबा, फराना, शहनाज नूर शिवा विराज अटल नेहा आदि बच्चे व स्टाफ उपस्थित रहे।

## पचायतन में सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी का जन संवाद एवं सम्मान समारोह



**समाज जागरण**

**पचायतन, 7 दिसंबर 2025 (रविवार)।**

गांव पचायतन में सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी द्वारा आयोजित जन संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरुजी, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी जिले सिंह भाटी गढ़ी आजमपुर ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह खटाना (राजस्थान) द्वारा किया गया।

**उपस्थिति और भागीदारी**

कार्यक्रम में जेवर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 100 गांवों से प्रमुख किसान यूनियन एवं सामाजिक संगठन के अध्यक्ष, समाजसेवी और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य इस प्रकार थे: चौधरी गजब सिंह भाटी, राष्ट्रीय महासचिव मास्टर जगपाल सिंह भाटी, राष्ट्रीय सचिव श्रीमती अनीता सिंह गुर्जर, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती सोनिया शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा चौधरी जगपाल सिंह यादव, संगठन महासचिव उत्तर प्रदेश श्रीमती सुषमा शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती पुष्पा कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती विमलेश कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद महिला मोर्चा श्रीमती प्रीति सक्सेना, जिला महामंत्री महिला मोर्चा बरेली कार्यक्रम का उद्देश्य इस समारोह का उद्देश्य ग्रामीण जनता के साथ जन संवाद स्थापित करना, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सम्मान करना और पार्टी की स्थानीय योजनाओं एवं पहलों की जानकारी साझा करना था।

मुख्य आकर्षण उपस्थित अतिथियों ने स्थानीय समस्याओं, कृषि मुद्दों और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।

महिला मोर्चा और सामाजिक संगठन कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में योगदान दिया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पार्टी की योजनाओं की सराहना की और आगामी कार्यक्रमों में सहयोग का आश्वासन दिया।

पचायतन में आयोजित यह जन संवाद एवं सम्मान समारोह समाज सेवा और राजनीतिक सक्रियता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। इसने स्थानीय जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत संवाद स्थापित किया।

## श्रीमद् भागवत अमृत कथा ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन धुंधकारी कथा की मार्मिक व्याख्या का आयोजन।

**समाज जागरण**



लखीमपुर,खीरी नौरंगाबाद में 7 दिसंबर से आरंभ हुये श्रीमद् भगवत भक्ति ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन वृन्दावन धाम से पधारे पण्डित अमित कृष्ण जी महाराज ने भागवत शब्द की व्याख्या और धुंधकारी की कथा सुनाई। लगातार 18 वर्षों से अनवरत चल रहा यह आध्यात्मिक उत्सव अब नगर की पहचान बन चुका है, एक ऐसा आयोजन, जहाँ भागवत का अमृत केवल सुनाई नहीं देता, बल्कि जनमानस के हृदय में उतरकर जीवन का मार्ग प्रकाशवान करता है। आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा की मधुर, मनोमुग्धकारी रसधारा बहाएँगे। उनके श्रीमुख से निःसृत अमृतमयी वाणी न केवल श्रोताओं को भक्ति की ओर ले जाएगी, बल्कि जीवन के जटिल प्रश्नों का दिव्य समाधान भी प्रदान करेगी। आयोजन समिति के महासचिव एवं भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा, लखीमपुर के अध्यक्ष एड. आर्येन्द्र पाल सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में आर्येन्द्र सिंह, संयोजक संदीप सिंह, आचार्य संजय मिश्रा, शिशिर अवस्थी, ईशान गुप्ता, राज शेखर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इन्द्रजीत सिंह, डॉ०सुशीला सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, बोधमणि मिश्रा, सुनील सिंह, शैलेन्द्र कुमार मौर्या सहित पूरी टीम तत्परता से प्रयासरत है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और समर्पण का जीवंत संगम है जहाँ कथा का हर श्लोक, हर प्रसंग और व्याख्या प्रेरणा का श्रोत बन रही है।

## लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

**समाज जागरण**



चंदौसी।लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर, मौ. महाजन, चन्दौसी में सप्त शक्ति संगम का भव्य कार्यक्रम अत्यन्त हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं बहिनों में सप्त शक्ति श्री, वाक, स्मृति, मेघा, धृति, छमा, कीर्ति जैसी देवियों की शक्ति का जागरण करना है।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से प्रेरणादायी मातृशक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षा के रूप में शुभा अग्रवाल (अध्यक्षा- जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, चंदौसी) ने अपने उद्बोधन में महिला शक्ति, समाज सेवा तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विस्तृत विचार रखे।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अनु रस्तौगी (उपाध्यक्ष - GWF) ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के सम्बन्ध में भारतीय दृष्टि और नई पीढ़ी के मार्गदर्शन पर प्रेरणादायी संदेश दिए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोनिका वार्ष्णेय (समाजसेविका) रहीं, जिन्होंने समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आशा विशारिया (कवियत्री व समाजसेविका) भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

साथ ही ज्योति वार्ष्णेय ( समाज सेविका )एवं कल्पना वार्ष्णेय( समाज सेविका) की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजिका रुचि अग्रवाल द्वारा सुचारू रूप से किया गया।विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह राजपूत ने समस्त अतिथियों, मातृशक्ति एवं उपस्थित जनसमुदाय का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया।

## शिवसेना ने सार्वजनिक शौचालय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर अफजलगढ शिवसेना यूबीटी के जिला प्रमुख चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों एवं स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत इस्लामनगर में पुराना कालागढ स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय एवं श्मशान घाट तक पक्का मार्ग बनाने की मांग को लेकर बीडीओ अफजलगढ को ज्ञापन सौंपा। चौ.संजय राणा ने अवगत कराया कि अमानगढ आरण्य में बड़ी तादाद में आने वाले पर्यटकों, महिला यात्रियों एवं बसों के चालक एवं परिचालकों को बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय न होने से विवश होकर खुले में शौच करना पड़ रहा है । प्रधानमन्त्री जी के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लग रहा है। इसके अतिरिक्त श्मशान घाट तक पक्का मार्ग न होने के कारण बषार्काल में शव की अंतेष्ठी के लिए क्षेत्रवासियों को कीचड में होकर जाना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना जिला प्रमुख चौ. संजय राणा, जिला महासचिव डा.सीपी सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह,ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिरोही, इस्लामनगर ग्राम पंचायत प्रमुख परशुराम जी, मनवीर सिंह यादव, हरविंदर सिंह, भवानी सेना सेना जिला उपप्रमुख विजयलक्ष्मी रावत, तहसील प्रभारी राधिका राजपूत, ब्लाक अध्यक्ष गुरमीत कौर आदि मौजूद रहे।

## झोपड़ी में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर मंडावर। देर रात झोपडीनुमा मकान मे अचानक आग लग गई। आग लगने की सुचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

गाँव करीमपुर बमनोली उर्फ नंगली निवासी रफीक अहमद झोपडी नुमा मकान मे रहता है। शनिवार की रात वह परिजनों के साथ अपने झोपडी नुमा मकान मे सौ रहा था। रात 12 बजे के करीब पड़ोस मे रहने वाले सोनू की पुत्री शानिया की आँख खुली तो उसने रफीक के झोपडी नुमा मकान मे आग लगती देख शोर मचा दिया शोर सुनकर सोनू व आसपास के ग्रामीण रफीक के मकान की ओर दौड़ पड़े ओर किसी तरह घर के अंदर सौ रहे रफीक ओर उसके परिजनों को बाहर निकाला जिसके बाद मंडावर पुलिस व फायर बिर्गेड को सुचना दी सुचना पर पहुंची फायर बिर्गेड की टीम ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग की चपेट मे आकर घर के अंदर बँधी तीन बकरियों की मौत हो चुकी थी। रफीक के पुत्र समीर ने बताया की आग लगने से घर मे रक्खी आठ हजार की नगदी, बिक्की, व अन्य सभी सामान जल गया जिससे उनका लगभग तीन लाख रूपए का नुकसान हुआ है। समीर का आरोप है की उनके घर मे पीछे से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाईं गई है।

## ग्रेटर नोएडा में जे.एस. आदर्श विद्यालय बिरौंडी में विजय सिंह पथिक प्रतिभा विकास केंद्र का शुभारंभ

**समाज जागरण**




ग्रेटर नोएडा, 8 दिसंबर। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा आज जे.एस. आदर्श विद्यालय, बिरौंडी में विजय सिंह पथिक प्रतिभा विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र नगरीय क्षेत्र के वंचित बच्चों को संस्कार, शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से चलाया जाएगा। फाउंडेशन द्वारा ग्रेटर नोएडा में ऐसे 10 प्रतिभा विकास केंद्र प्रारंभ करने की योजना है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के केंद्रीय मंत्री राजेश दत्ता, जिला महामंत्री शिव नरेश पांडे, पूर्वी संभाग संयोजक भरत जी, जिला महिला संयोजिका संगीता वर्मा, जिला मंत्री डॉ. नीरज कौशिक, किसलय, राजेश बिहारी, प्रो. विवेक कुमार, डॉ. दिव्या अग्रवाल एवं नीरज जिंदल उपस्थित रहे।

नेताओं के विचार अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में राजेश दत्ता ने बताया कि वर्तमान में देश के 18 राज्यों में 1500 प्रतिभा विकास केंद्र संचालित हो रहे हैं। इस वर्ष 1000 नए केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों से जुड़ने वाले विद्यार्थियों में अल्प समय में सकारात्मक और उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिलते हैं।

कार्यक्रम में भरत जी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों को संस्कार शिक्षा एवं प्राणायाम अभ्यास कराया। स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति और प्रतिक्रिया

विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से ज्ञानचंद बोहरे, संतराम मावी, सतीश मावी, सतपाल मावी, प्रधानाचार्य रकम सिंह एवं जितेंद्र मावी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सतीश मावी ने कहा कि प्रतिभा विकास केंद्र विद्यार्थियों के शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक विकास का माध्यम बनेगा और इसके सकारात्मक परिणाम अभी से दिखाई दे रहे हैं।

प्रधानाचार्य रकम सिंह ने कहा कि निर्माण और विनाश शिक्षक की गोद में पलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षिका सविता बच्चों में सद्गुण एवं संस्कार, दोनों का विकास कर उन्हें योग्य भविष्य की ओर अग्रसर करेंगी। अंत में कल्याण मंत्र के उच्चारण और जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कानून के बावजूद कच्ची उम्र के लड़के - लड़कियों के विवाह जारी

**समाज जागरण बादल हुसैन**



नई दिल्ली.सदियों से चली आ रही बाल विवाह कुरीति से भारत आज 21 वी सदी में भी मुक्त नहीं हो पाया है।देश में चल रहे बाल विवाह रोकने के लिए कठोर कानून होने के बावजूद दुनिया के लिए तिहाई बाल विवाह भारत में होते हैं।बाल विवाह बच्चों का भविष्य चार तरह से बर्बाद करते हैं। ये बच्चों को शिक्षा से वंचित करते हैं,समय से पहले गर्भ धारण से लड़कियों और शिशुओं का जीवन खतरे में पड़ता है।बचपन में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा की शिकार होने का खतरा अधिक होता है। और बालिका वधुओं की मानसिक स्थिति खराब हो सकती है। पिछले 3 वर्षों में बाल विवाहों में अचानक बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2023 में बाल विवाहों के लिए 16,737 लड़कियों तथा 129 लड़कों का अपहरण किया गया।2023 में बाल विवाह के 2022 की तुलना में 6 गुणा अधिक 6038 मामले दर्ज किए गए।2023 में बाल विवाह के अधिक 5267असाम में दर्ज किए गए जो पूरे देश में दर्ज बाल विवाह के कुल मामलों के लगभग 90 प्रतिशत है। बाल विवाह रोकथाम कानून के अंतर्गत लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष है।बाल विवाह पर 2 वर्ष तक की सजा का प्रवधान है। यह अपराध गैर जमानती है।बाल विवाह के विरुद्ध कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। विकसित भारत के निर्माण के लिए अन्य बातों के अलावा बाल विवाह रोकना भी जरूरी है।

## चंदौसी में एसआईआर कार्यों की समीक्षा: डीएम ने दिए कड़े निर्देश

**समाज जागरण**

चंदौसी/बहजोई। स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आईटीआई) परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय पर विशेष गहन पुनरीक्षण( एसआईआर) कार्यों गणना प्रपत्रों के संग्रह, डिजिटलाइजेशन आदि के संबंध में बूथ संख्या 133 से 138 तक के बूथों के संबंध में बीएलए, बीएलओ एवं नगर पार्षद के साथ बैठक की गयी। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा डाटा मैपिंग को लेकर जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उप जिलाधिकारी चंदौसी को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएलओ के साथ एक टीम बनाते हुए मतदाता सूची को शत प्रतिशत देख लें । आपत्ति, प्रोजनी, शिफ्टिड मतदाता आदि को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा एएसडी सूची को बूथों पर चस्पा करने को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जहाँ एएसडी सूची चस्पा न हो वहाँ सूची को चस्पा किया जाए। संबंधित बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही डिजिटलाइजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी एवं तहसीलदार एवं संबंधित बीएलओ आदि उपस्थिति रहे।

## मशीन की चपेट मे आने से एक युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना। चारा काटने की कुट्टी मशीन की चपेट मे आने से एक युवक की मौत हो गई, युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। गांव में मातम का छाया है।

सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम नारंगी चक निवासी स्व0 शफाहत का पुत्र नवाब अहमद 19 वर्ष रोजाना अपने चाचा अरशद की कुट्टी मशीन पर पशुओं के चारे को काटकर लाता था। रविवार की शाम वह रोजाना की तरह कुट्टी मशीन पर चारा काटने गया था। वहां पर कोई मौजूद नहीं था। कुट्टी काटते समय अचानक नवाब पटे में आकर उसमें उलझ गया। पटे में नवाब को उलझता देख शमशाद की पत्नी ने हिम्मत करके पटे से निकालकर शोर मचाया व उसके परिजनों को सूचना देखकर बुलवाया परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल हुए नवाब को गांव के ही प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए डाक्टर के पास लेकर गए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया यह सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में सन्नाटा छा गया।। मृतक 24 दिसंबर को छोटी बहिन की होने वाली शादी की तैयारी करने में लगा था। नवाब की कुट्टी मशीन में आने से हुई मौत से बुजुर्ग माता पिता का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

## अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मडावर। पुलिस ने बालावाली बैरियर के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को एक अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।



रविवार की देर शाम मंडावर थाना प्रभारी सुमित राठी के नेतृत्व मे बालावाली चौकी इंचार्ज आदेश कुमार हेड कांस्टेबल सुशील मलिक, कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल भगत सिंह, होमगार्ड सतपाल बालावाली बैरियर के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्होंने एक बाइक सवार जब्बाद पुत्र खुर्शीद निवासी सुठारी नहदपुर थाना लक्सर जनपद हरिद्वार को रोका तो उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसकी बाइक सीज करते हुए सोमवार को उसका उचित धारों में चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

## लखीमपुर में घना कोहरा और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित, स्कूल समय में बदलाव की मांग तेज

**समाज जागरण कुलदीप सिंह, लखीमपुर।**

जिले में सोमवार सुबह घना कोहरा छा जाने से दृश्यता लगभग शून्य पर पहुंच गई। कोहरे के कारण वाहन रफ्तार पकड़ नहीं सके और चालक



हेडलाइट जलाकर सड़क पर चलने को मजबूर रहे। बढ़ती शीतलहर ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

कोहरे की वजह से सुबह करीब 10 बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पाए। इससे स्कूलों की नियमित व्यवस्था भी प्रभावित हुई। कई विद्यालयों में बच्चे देर से पहुंचे। अभिभावकों का कहना है कि कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच छोटे बच्चों को निजी स्कूलों तक पहुंचाना बेहद मुश्किल हो रहा है, बावजूद इसके प्रशासन ने अब तक निजी स्कूलों के समय में बढ़ोतरी नहीं की है।

लगातार गिरते तापमान से कंपकंपी बढ़ गई है और ठिठुरन चरम पर पहुंचने लगी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग सड़कों पर अलाव जलाकर गर्मी लेते दिखाई दिए। वहीं बाजारों में गर्म कपड़े खरीदने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। बढ़ती ठंड का असर खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर अधिक देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार ठंड और कोहरे का प्रकोप फिलहाल जारी रहने की संभावना है। वहीं आमजन प्रशासन से स्कूल समय बदलने और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

## कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी। फुटबॉल टूनार्मेंट में खिलाड़ियों ने मैदान पसीना बहाया।

लखीमपुर खीरी।स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविन्द गिरी की स्मृति में आयोजित आल इंडिया फुटबॉल टूनामेंट के दूसरे दिन पहला मैच कल बराबरी पर छूटे एस के स्पोर्ट क्लब गोला और भूडबल नेपाल के मध्य खेला गया जिसमे एस के स्पोर्टिंग क्लब गोला 02से विजय रही

दूसरा मैच कलकत्ता एफ सी और बलिया एफ सी के मध्य खेला गया जिसमे बलिया एफ सी 02-01 से विजय रही इस मैच में अथिति के रूप में पवन गुप्ता अध्यक्ष रोट्रैक्ट क्लब विशिष्ट अतिथि के रूप में पवनेश कुमार एवं योगेश साहनी रहे। तीसरा मैच अतरिया एफ सी और सीवान बिहार के मध्य खेला गया जिसमे सीवान विहार 03 से विजय रही जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र गिरी एवं विशिट अतिथि के रूप में गजराज वर्मा ईश्वर चन्द तिवारी रामगुलाम पाण्डेय देवराज भसीन मधुसूदन गिरी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया उपाध्यक्ष टूनार्मेंट कमेटी मदुसूदन गिरी राजन साहनी नियामत अली राजेश्वर सिंह पंकज गुप्ता जैनुद्दीन अंसारी (शब्बू ) कफील अहमद भोली गिरी रामेन्द्र गिरी जरनैल सिंह राजू रावत राम रछपाल पंकज तिवारी जी के के शुक्ला रामगुलाम पांडेय गजराज वर्मा राजेस्वर सिंह कमाल अफसर मनोज अय्यूब खान पूर्व सभासद रामू तिवारी ० अन्य सम्मानित सभी लोग उपस्थित रहे ।

मैच रेफरी रहमतुल्ला मकसूद अहमद विशाल कुमार प्रभात कुमार खर्शीद आलम रहे।

# नशे का सौदागर गिरफ्तार,कब्जे से मादक पदार्थ बरामद

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

पुलिस थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया, पुलिस ने कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने नशे के खिलाफ ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर विशेष अभियान चला रखा है। रविवार की देर रात पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग रजवाहे पर मादक पदार्थ तस्कर मादक पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर उप निरीक्षक



देवेंद्र कुमार तेवतिया पुलिस टीम सहित मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम सालिम पुत्र मीनू निवासी सलेमपुर मार्ग कांधला बताया। पुलिस के अनुसार तलाशी लेने पर पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से 400 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# पेरिस बनाने का वादा निकला झूठा,सड़कों पर फैला कीचड़

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

नगर के गंगेरू मार्ग पर पालिका कर्मचारियों की घोर लापरवाही देखने को मिली नाले से निकाला गया कचरा, किचड़ कई दिन तक सड़क पर फैला रहा।आसपास के लोगों ने रोष प्रकट करते हुए पालिका प्रशासन से निस्तारण की मांग की है। नगर पालिका परिषद की सफाई टीम ने कई दिन पूर्व नगर के नगर के गंगेरू मार्ग पर नालों की सफाई करते हुए कचरा, किचड़ बाहर निकाल दिया था। आसपास के दुकानदारों सहित राहगीरों का कहना है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी नालों से निकाला गया कचरा,व किचड़ सड़क पर फैला हुआ है। सड़क पर गंदगी फैलने से आने जाने वाले राहगीरों



सहित दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर वासियों का कहना है कि चुनाव से पूर्व वर्तमान पालिका अध्यक्ष ने नगर को पेरिस बनाने का वादा किया था। पालिका अध्यक्ष अपने वादों पर खरें नहीं उतरे हैं पेरिस बनाने की बात तो दूर वह सड़क पर फैले कचरे व किचड़ को भी उठवाने में असमर्थ दिखाई पड़ रहे हैं। सोमवार को गंगेरू मार्ग के दुकानदारों ने रोष प्रकट करते हुए पालिका प्रशासन से कूड़ा उठा कर निस्तारण की मांग की है। सफाई लिपिक अमरीश कुमार का कहना है कि नाले से निकाला गया कचरा कई दिन तक गिला रहता है। सूख जाने के बाद ही उठाया जाता है। जिस कारण देरी हुई है जल्दी टीम भेज कर सड़क से कचरा उठाया जाएगा।

# बाइक की चपेट में आई मासूम, गंभीर रूप से घायल

समाज जागरण कांधला।

कस्बे के गंगेरू रोड पर तेज रफ़्तार बाइक की चपेट में आने से नो वर्षीय मासूम बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफराझ्र तफरी मच गई। राहगीरों और मोहल्लेवासियों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए बच्ची को निजी चिकित्सालय पहुँचाया तथा परिजनों को सूचना दी।सोमवार को गंगेरू रोड निवासी उमरदीन की नो वर्षीय बेटी शबनम अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। इसी दौरान गंगेरू की ओर से तेज रफ़्तार में आ रहे एक बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लेकिन घटना के तुरंत बाद बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। मोहल्लेवासियों ने राहगीरों की मदद से घायल बच्ची को तुरंत कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका उपचार जारी है। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना घायल बालिका के परिजनों को दी।समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# छह नन्हें तलबाओ ने शुरू किया हिफ़्ज-ए-कुरआन का सफर

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

कस्बे के मोहल्ला खैल स्थित जामिया अरबिया कासिमुल उलूम में आधा दर्जन नन्हें तलबाओ ने हिफ़्ज-ए-कुरआन का आगाज किया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती मौलाना सैयद बदरुल हुदा साहब ने की।उन्होंने कहा कि हिफ़्ज-ए-कुरआन सिर्फ. तालिमी सफर नहीं, बल्कि अल्लाह की एक मुकद्दस अमानत है जो चुनिंदा दिलों में बसाई जाती है। छह बच्चों का हिफ़्ज शुरू होना जामिया के लिए फख्र की बात है। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह तआला इन तलबाओ को मुकम्मल हाफि ज-ए-कुरआन बनाए और उनकी ज़िंदगी में बरकतें दे।नायब मोहतमिम मौलाना सैयद मजहरुल



हुदा ने कहा कि जामिया की कोशिश है कि बच्चों को दीन की बुनियादी तालीम बेहतरीन माहौल में दी जाए। हिफ़्ज शुरू करने वाले तलबा, मोहम्मद हम्द, मोहम्मद दानिश, अयान, अब्दुस समद, सूफियान और हुजैफा लगन और इस्तिकामत के साथ आगे बढ़ेंगे तो अल्लाह तआला उनकी राहें आसान करेगा। इस दौरान मौलाना सैयद बदरुल हुदा साहब ने अमन चैन की दुआ मांगी।इस मौके पर मौलाना रिजवान, कारी अब्दुस शकूर, हाजी शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# विद्युत पोल पर लगी भीषण आग, हड़कंप मचा ; कॉलोनी की बिजली गुल

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

कस्बे की जन्नत कॉलोनी में सोमवार शाम उस समय दहशत का माहौल बन गया जब एक विद्युत पोल पर लगे प्लास्टिक बॉक्स में अचानक भीषण आग भड़क उठी। प्रत्यक्ष ।दर्शियों के अनुसार बॉक्स के अंदर मौजूद तारों में अचानक तेज चिंगारी उठी, जिसके कुछ ही ही क्षण बाद आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते बॉक्स धू-धूकर जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।आग बढ़ते ही प्लास्टिक बॉक्स और विद्युत तार जलकर नीचे जमीन पर गिर पड़े, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी



मच गई। मौहल्ले के लोगों ने बिजलीघर पर फोन कर कर्मचारियों को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस तो ली, लेकिन साथ ही बिजली गुल होने से क्षेत्र की परेशानी भी बढ़ गई। अचानक बिजली कट जाने के कारण दैनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो गई।सूचना पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बॉक्स व जले हुए तारों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू किया। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि आग तारों में शॉर्ट सर्किट होने से लगी।

# बीएसएम स्कूल के छात्रों ने किया आदर्श मंडी थाना का शैक्षिक भ्रमण

-कानून, सुरक्षा और अनुशासन की वास्तविक कार्यप्रणाली से हुए रूबरू

समाज जागरण

शामली। एक्सप्लोर शामली की शैक्षिक श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को बीएसएम विद्यालय के छात्रों को आदर्श मंडी थाना का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था एवं कानूनी प्रक्रियाओं की वास्तविक कार्य प्रणाली से परिचित कराना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को यह बताया गया कि किस प्रकार मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, शिकायत और बयान की प्रक्रिया कैसे होती है,



काउंसलिंग व विवादों का समाधान कैसे किया जाता है तथा कानून तोड़ने पर क्या दंड और दायित्व तय होते हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अनेक सवाल पूछे, जिनका थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारियों ने सहज, धैर्यपूर्ण व सरल भाषा में उत्तर दिया। इससे छात्रों का संकोच दूर हुआ और उनमें कानून व सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित हुई। अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि छोटी सी गलती भी बड़ा परिणाम ला सकती है तथा क्रोध में लिया गया निर्णय जीवन को बदल सकता है। सच्ची शक्ति धैर्य, संयम और सही निर्णय में होती है। प्रधानाचार्य श्री राहुल चौधरी ने कहा कि पुलिस प्रशासन समाज की सुरक्षा की रीढ़ है और उसका सम्मान व सहयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने छात्रों की अनुशासनप्रियता और जिज्ञासु प्रवृत्ति की सराहना की। मौके पर मैनेजर छाया सिंह, चेयरमेन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# वीवी पीजी कॉलेज शामली में सार्क पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

-भारत सार्क संबंध, चीन का हस्तक्षेप और क्षेत्रीय चुनौतियों पर हुआ मंथन

समाज जागरण

शामली। जनता वैदिक कॉलेज, वीवी पीजी कॉलेज शामली एवं इंडियन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहर के वीवी पीजी कॉलेज में जियो पॉलिटिक्स इन सार्क विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में देशभर से आए विद्वानों ने सार्क देशों की वर्तमान स्थिति, भारत की भूमिका और क्षेत्रीय राजनीति पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। छात्रा तनुश्री धीमान ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कुलपति प्रो. आरएस यादव, इंडियन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं मेरठ विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा, मां शाकंभरी विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजीव चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता वैदिक कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र प्रताप चौधरी ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रताप सरोहा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि वर्तमान




समय में भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंध अत्यंत संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद भारत के लिए सार्क का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति अब पहले से अधिक यथार्थवादी दिखाई दे रही है। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. आरएस यादव ने सार्क की स्थापना, उसकी उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की संभा वनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सार्क देशों में आपसी सामंजस्य का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। जब तक यह दूर नहीं होगा, तब तक संगठन अपने उद्देश्य में पूर्णतः सफल नहीं हो सकता। प्रो. संजीव शर्मा ने सार्क देशों में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के सभी पड़ोसी देशों में चीन तकनीक, हथियार और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, जो भारत के लिए संवेदनशील विषय है। उन्होंने भारत को शिक्षा, संस्कृति और योग जैसे क्षेत्रों में अपनी भूमिका मजबूत करने का सुझाव दिया। मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजीव चौधरी ने कहा कि सार्क संगठन अपनी प्रासंगिकता धीरे-धीरे खो रहा है, क्योंकि सदस्य देश अनेक अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जुड़े हुए हैं, जिसके कारण साझा रणनीति का अभाव दिखाई देता है।इस अवसर पर प्रो. प्रतीत कुमार, प्रोफेसर जेके सरोहा, असिस्टेंट प्रोफेसर मुनेश कुमार, प्रो. सुधीर कुमार मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशियां लाने का प्रयास, डीएम

-नगर पालिका ने दूसरे चरण में 229 को बांटे कंबल

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद शामली द्वारा कंबल वितरण के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम अरविन्द कुमार चौहान रहे। इस दौरान 229 जरूरतमंदों को नागरिकों को कंबल वितरित किए गए। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि निसहाय की सेवा भगवान की सेवा होती है। मानव का सबसे बड़ा धर्म निष्काम भाव से दूसरे मनुष्य की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा ठंड के मौसम में गरीबों एवं असहायों को कंबल वितरित करना एक सराहनीय प्रयास है। कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी इस तरह के पुनीत कार्यों में आगे आना चाहिए। चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि नगर पालिका परिषद का प्रयास है कि शहर के सभी वार्डों में रहने वाले गरीब, निसहाय, वृद्ध और




विधवा लोगों को चिन्हित कर उन्हें कंबल दिए जाएं, जिससे कोई भी जरूरतमंद ठंड से प्रभावित न हो। कार्यक्रम का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभासद अजीत निर्वाल, अरविन्द खटीक, प्रमोद जांगिड उर्फ राजू, तोहिद रहमानी, डॉ. राजेन्द्र संगल, रामनिवास सैनी, विनोद तोमर, सभासद प्रतिनिधि संदीप कुमार, संजय उपाध्याय, डॉ. मनोज कुमार, गुलजार मंसूरी, इखलाक कुरैशी, कर अधीक्षक योगेश कुमार, अवर अभियंता सिविल श्रीकांत राणा, अवर अभियंता जलकल हर्षित गर्ग आदि मौजूद रहे।

# प्रान्तीय वाणिज्य मेला प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

-दो छात्रों ने मेरठ प्रान्त स्तर पर हासिल किया प्रथम व द्वितीय स्थान

समाज जागरण

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रान्तीय वाणिज्य मेला मॉडल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। विजयी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने बताया कि प्रान्तीय वाणिज्य मेला प्रतियोगिता दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नेहरू नगर, गाजियाबाद में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में मेरठ प्रान्त के 39 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 109 मॉडलों का प्रदर्शन हुआ। यह प्रतियोगिता मॉडल प्रदर्शन, एकाउन्टेंसी, अर्थ शास्त्र तथा



व्यवसाय अध्ययन विषयों पर आधारित रही। प्रतियोगिता में कक्षा 12 के छात्र वंश ने वाणिज्य प्रवक्ता सुखदेव कुमार एवं सचिन कुमार के कुशल निर्देशन में अर्थशास्त्र मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12 के ही छात्र हर्ष ने एकाउन्टेंसी मॉडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय पहुंचने पर विजयी छात्रों का मेडल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मलूक चंद, सचिन, मधुबन, नीतू कुमार, सोमदत्त, अशोक सोम, भानु कुमार, अंकुर कुमार सहित अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों का करनाल स्थित एनडीआरआई में शैक्षिक भ्रमण

150 दिव्यांग व 120 पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने लिया डेयरी अनुसंधान का अनुभव

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) समेकित शिक्षा के अंतर्गत सोमवार को जनपद शामली के दिव्यांग बच्चों का एक्सपोजर विजिट हरियाणा की ऐतिहासिक नगरी करनाल में कराया गया। इस भ्रमण में जनपद के सभी विकास क्षेत्रों से 150 दिव्यांग बच्चों तथा पीएम श्री विद्यालय के 120 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस एक्सपोजर विजिट का शुभारंभ सीडीओ विनय कुमार तिवारी एवं बीएसए लता राठौर द्वारा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना



करके किया गया। बच्चों के साथ उनके अभिभावक, प्रत्येक विकासखंड से पांच-पांच अध्यापक, जनपद में कार्यरत 11 स्पेशल एजुकेटर तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं। बच्चों को करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें कृषि विज्ञान, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, दुग्ध उत्पादों की विभिन्न किस्मों और पशुधन के रख-रखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। बच्चों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि किस प्रकार वैज्ञानिक स्तर पर डेयरी अनुसंधान एवं आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। इस अवसर पर जिला समन्वयक निर्माण राहुल कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुशील कुमार, जिला समन्वयक मिड डे मील जितेंद्र कुमार, शोभित मलिक, भोला कुमार, सुनील कुमार, आनंद पाल, रेशमा, मुनेश मलिक, पूजा, अलका शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बहावड़ी के जंगल में दंपती की मौत, जहरीला पदार्थ खाने की आशंका

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहावड़ी के जंगल में रविवार देर रात पति-पत्नी अर्धमुर्छित अवस्था में पड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने पति को मृत घोषित कर दिया, जबकि पत्नी की हालत नाजुक होने के कारण उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालांकि उपचार के दौरान पत्नी की भी मौत हो गई।

रविवार आधी रात को शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि बहावड़ी गांव स्थित बुटराडी बिजलीघर के सामने जंगल में एक महिला और पुरुष बेहोशी की हालत में पड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। पति की पहचान 30 वर्षीय नरेश पुत्र नरेंद्र तथा पत्नी की पहचान सोना पत्नी नरेश के रूप में हुई, जो मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन के आधार पर की गई।

पुलिस के अनुसार घटनास्थल से एक जहरीले पदार्थ की शीशी भी बरामद हुई है, जो संभवतः हरियाणा से खरीदी गई बताई जा रही है। इसके अलावा दंपती द्वारा मेरठ-करनाल मार्ग स्थित स्थानीय ढाबे पर खाना खाने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने घटना स्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई, जहां से उल्टी से सने कपडे और उल्टी होने के साक्ष्य मिले है। सोमवार देर शाम तक परिजनों के शामली न पहुंचने के कारण पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी थी। पुलिस ने नरेश का शव शामली और सोना का शव मेरठ में पोस्टमार्टम कराए जाने की पुष्टि की है। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि दंपती जंगल में कैसे पहुंचे, उनके बीच कोई विवाद था या दोनों ने किसी कारणवश जहरीले पदार्थ का सेवन किया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# दो करोड़ 52 लाख रुपये की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) सहारनपुर परिक्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर के अंतर्गत थाना झिंझाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 263 ग्राम स्मैक, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 52 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है, बरामद की है।

सोमवार को शहर के पुलिस लाईन



में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत बडी कार्यवाही की गई। झिंझाना पुलिस ने गत 7 दिसंबर की रात्रि को ग्राम अगड़ीपुर जाने वाले रास्ते पर बंद पड़े क्रेशर के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सरफराज उर्फ धौला पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम घाटमपुर, थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से स्मैक के साथ-साथ एक पिट्ठू बैग, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा 50 पारदर्शी पिन्नी पाउच भी बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि बरामद स्मैक की जाचं करने पर पता चला कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उक्त स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 52 लाख 60 हजार रुपये है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना झिंझाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। साथ ही अभियुक्त के मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के संबंध में अग्रिम जांच की जा रही है।

**पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा**

शामली। पूछताछ के दौरान अभियुक्त सरफराज ने बताया कि वह अपने साथी साबिर पुत्र कौशर निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान, थाना कैराना, जनपद शामली के साथ जनपद बरेली गया था, जहां से उसने गुड्डू नामक व्यक्ति से स्मैक खरीदी थी। इसके बाद वह इस स्मैक को आसपास के क्षेत्रों में फुटकर रूप से बेचता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को बड़ा झटका लगा है तथा अभियान के तहत आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# सती मंदिर रोड से ई रिक्शा चोरी, चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

समाज जागरण शामली।

शहर कोतवाली क्षेत्र के सती मंदिर रोड से चोरों ने ई-रिक्शा को चोरी कर लिया। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। चोर सीसीटीवी कैमरों में आने के बावजूद पुलिस अभी तक पकडने में नाकाम है। शहर कोतवाली क्षेत्र के सती मंदिर रोड निवासी रजनीश पुत्र सुरेंद्र सिंह गत शनिवार को अपनी ई-रिक्शा को खडी कर घर में गया था। बताया जाता है कि सवेरे करीब साढे 11 बजे के लगभग दो चोरों ने उसके घर के बाहर खडी ई-रिक्शा को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता चला तो पीडित ने चोंरों की तलाश की और पुलिस को मामले की सूचना दी।

पीडित ने बताया कि चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए है, लेकिन पुलिस उसकी रिक्शा को बरामद नही कर सकी है।

# कौशांबी विहार में जलभराव, लोगों का हंगामा प्रदर्शन

समाज जागरण

शामली। शहर के कौशांबी विहार के दर्जनों महिला-पुरूषों ने सोमवार को जलभराव की समस्या को लेकर जमकर हंगामा किया। उन्होने गंदे पानी में खडे होकर नगर पालिका में खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही नगर पालिका द्वारा बनाए गए नाले की निकासी को बीच से मिटटी डालकर रोक दिया गया, जिसके बाद कालोनीवासियों को आपसी तीखी नोंकझोंक भी हुई। सोमवार को शहर के कौशांबी विहार निवासी दर्जनों महिला-पुरूषों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने हो रहे जलभराव में खडे होकर अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान उन्होने बताया कि नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण अधूरा कराया गया है। नाले का गंदा पानी कालोनी के बाहर लाकर छोड दिया गया, जिससे



मैन रास्ते पर जलभराव हो रहा है और आने जाने वाले लोगां को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। कई बार शिकायत नगर पालिका चेयरमैन, ईओ और डीएम से की गई, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। एमएलसी विरेन्द्र सिंह को भी शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। जिसके बाद मजबूरन उनको विरोध प्रदर्शन करना पड रहा है। इस दौरान आक्रोशित महिला पुरूषों ने उक्त नाले की निकासी को मिटटी व रोडा डालकर बंद करा दिया। जिसके बाद अन्य मोहल्लेवासियों ने निकासी बंद करने का विरोध किया तो दोनों पक्षो में कहासुनी भी हुई। फिलहाल निकासी के रास्ते को बंद करने से अन्य कालोनीवासियों के सामने भी संकट खडा हो गया है। उन्होने मामले में जिला प्रशासन से संज्ञान लेकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस अवसर पर रूबी, नीरज कुमार, विकास कुमार, देवेन्द्र फोगाट , ओमदत्त, रामशरण आदि मौजूद रहे।

# पंच कल्याणक महोत्सव में श्रद्धालुओं ने की माता की गोद भराई

**समाज जागरण बागपत।**
संस्कारप्रणेता,ज्ञानयोगी,आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी बडौत के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन जैन श्रद्धा लुओं द्वारा गर्भ कल्याणक(उत्तर रूप) धूमधाम से मनाया गया। प्रातः सोधर्म इंद्र सौरभ जैन के नेतृत्व में कुबेर इंद्र सिद्धार्थ जैन, यज्ञनायक प्रभात जैन, ईशान इंद्र राजीव जैन, सनत इंद्र सतीश जैन, महेंद्र इंद्र अशोक जैन,आदि इन्द्रगणों ने पंडित हंसमुख राय के निर्देशन में आदिनाथ भगवान एवं अन्य तीर्थंकर भगवान की प्रतिमाओं का अभिषेक और शांतिधारा की। गर्भ कल्याणक की द्वितीय दिन गर्भ कल्याणक की पूजन हुई और गर्भ कल्याणक की संस्कार विधि की गईं। इस अवसर पर संगीतकार रामकुमार भोपाल के मधुर भजन देखे जा मां ने सोलह स्वप्न ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। अतिथियों को स्वागत अध्यक्ष मुकेश जैन एवं प्रदीप जैन द्वारा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। पंच




कल्याणक के मध्य प्रवचन देते हुए आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज ने कहा गर्भ-कल्याणक उसी का मनाया जाता है जो स्वयं कल्याणक के पथ पर चलकर अन्य जीवों के कल्याण की भावना से जुड़ा हो, जो आत्मा अतीत में साधना करती है, परोपकार करती है, केवली या केवली के चरणों में सोलह कारण भावना भाती है, वही आत्मा तीर्थकर प्रकृति का बन्ध कराती है, ऐसी आत्मा जब किसी पुण्यशाली दम्पत्ति के यहाँ माता के उदर में आती है तब स्वर्ग के देवता गर्भ स्थान को स्फटिक मणि के समान स्वच्छ कर देते हैंऔर तीर्थकर पदधारी बालक 9 माह का जीवन उसमें ही व्यतीत करता है। उसी समय का नाम गर्भकल्याणक है। इस संसार में करोड़ों आत्मायें गर्भ में आती है, पर कल्याणक स्पष्टतया कल्याणकारक का ही मनाया जाता है। उन्होंने कहाँ कि गर्भ का अर्थ होता है जीव की सुरक्षा की सुनियोजित व्यवस्था। यदि सामान्य रूप से किसी बालक को गर्भ में डाल दिया जाये तो वह जीवित नहीं रह सकेगा, परन्तु यदि वह प्रकृति-प्रदत्त उपहार के रूप में किसी के गर्भ में पहुच जाये तो वह अपने आयु, कर्म,पुण्य व माँ की चेतना के सम्बन्ध के माध्यम से अंधेरी, गन्दगी से परिपूर्ण स्थान में 9 माह का समय व्यतीत करता है। संसार के समस्त दृश्यों से वातावरण से परे यह मूत्र, रक्त, मास से युक्त स्थान पर मां द्वारा प्रयुक्त भोजन को ग्रहण कर चमगादड़ की भांति उल्टे लटके अपने जीवन को व्यतीत करता है। एक बार भी गर्भ की वास्तविकता का दर्शन हो जाये तो कभी भी ऐसे स्थान पर उत्पन्न होने का भाव उत्पन्न नहीं होगा। हृदय की आँखों से गर्भ के दृश्य को देखने के उपरान्त मन कहेगा- हे परमात्मा, मुझे कभी भी इस गर्भ में दुबारा नहीं पहुँचाना। अब तू मुझे ऐसी शक्ति प्रदान कर की मैं इस गन्दगी भरे स्थान से सदा-सदा के लिए मुक्त हो जाऊ ताकि गर्भकल्याणक के गर्भ के दृश्य तुम्हारी विरिक्ति के कारण बन जाये। पर तीर्थंकर व महापुरूष गर्भ में शुद्ध-स्वच्छ स्थान पर रहते हैं और उस गर्भ की सुरक्षा, शिक्षा, संस्कार का निरन्तर विस्तार करने के लिए अष्ट देवियाँ नियुक्त हो जाती है, जिसमें श्री देवी माँ की शोभा बढ़ाती हैं। हीं देवी लज्जा का निवारण करती है। रात्रि में आरती हुई एवं माता के सोलह सपनो की प्रस्तुति नृत्य नाटिका के माध्यम से की गई। दिखाया गया की जब माता मरुदेवी को आदिनाथ भगवान के गर्भ में आने पर सोलह सपने दिखाई दिए तो उन्होंने इसका फल अपने पति राजा नाभिराय से पूछा तो उन्होंने स्वप्नों का फल बताया और कहा कि तुम अतिशीघ्र एक विलक्षण व्यक्तित्व की माता बनोगी। कार्यक्रम में श्री मुनिसुव्रतनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन,सचिव अजय जैन काले , राजकुमार जैन, पवन जैन, कमल जैन, प्रवीण जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, धनेंद्र जैन,अरविंद जैन मुन्ना,सुनील जैन,अनिल जैन, दिनेश जैन, आकाश जैन, राकेश जैन, मनोज जैन, नितिन जैन, सचिन जैन, अमित जैन, संजय जैन, मनोज जैन, सतीश जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन एवं सिद्धार्थ जैन ने बताया कि 9 दिसंबर को जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे सौधर्म इंद्र के द्वारा अन्य इंद्रगणों सहित भव्य जुलूस के माध्यम से नगर परिक्रमा की जाएगी और 1008 कलशों से पांडुशिला पर आदिनाथ भगवान का अभिषेक किया जाएगा।

# नेशनल मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में रटौल की अलीना ने गोल्ड मेड़ल जीता

## गोल्ड मेड़ल जीतने पर कस्बें मे किया गया स्वागत

**समाज जागरण चांदीनगर।**

बागपत के गोल्डन गेट इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल में हुई प्रथम नेशनल निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में रटौल की अलीना खान ने गोल्डन मेड़ल जीत कस्बें का नाम रोशन किया कस्बें में पहुंचने पर छात्रा के लोगो ने भव्य स्वागत भी किया ।बागपत के गोल्डन गेट इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रथम नेशनल निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन 5 दिसम्बर से लेकर 7 दिसम्बर तक किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश, हिमाचल, प्रदेश, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया गोल्डन गेट पब्लिक स्कूल बड़ागांव की कक्षा 10 की छात्रा व रटौल निवासी हबीब खान की पुत्री अलीना खान ने




प्रतियोगिता में भाग लेते हुए गोल्ड मेड़ल जीता जिसके बाद स्कूल के प्रबधंक सुधीर चौधरी और प्रधानाचार्य मनीष चौधरी ने छात्रा को शुभकामनाएं दी। जिसके बाद छात्रा के घर पहुंचने पर उसका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर काग्रेस के वरिष्ठ युवा नेता फैज मोहम्मद ने कहा की मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा आज लड़किया भी सभी क्षेत्रो में अपनी पहचान बना देश का नाम रोशन कर रही है उन्होंने कहा की खेलकूद में भी केरियर बनाने की अपार सम्भावना है। इस मौके पर डाक्टर शकील अहमद, मुजीब, जावेद, मुजीब, वशीम कुरैशी,सुऐब, रियाजूदीन, शहजाद चौधरी सहित कस्बें के लोग मौजूद रहे।

# पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के बागपत जिलाध्यक्ष बने संयम जैन

**समाज जागरण बागपत।**
पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के मंडल प्रभारी आलोक शास्त्री के कार्यालय दिल्ली रोड बडौत पर व्यापार मंडल की बैठक का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आचार्य धन कुमार शास्त्री ने की तथा संचालन मंडल प्रभारी आलोक शास्त्री ने किया। बैठक में संयम जैन को जिला बागपत का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने कहा अब समय आ गया है व्यापारियों को एकजुट होना चाहिए। सभी व्यापारी भाई एकजुट रहेंगे तो कोई भी अधिकारी उनका उत्पीड़न नहीं कर पाएगा। व्यापार मंडल किसी भी व्यापारी भाई का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं करेगा सदैव व्यापारी हितों में कार्य करता रहेगा तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संयम जैन को मनोनीत पत्र देकर व्यापारियों के हितों की शपथ ग्रहण कराई बैठकको प्रदेश मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा वह मनोज सोनी ने कहा व्यापारी



सरकार की रीड की हड्डी होता है व्यापारी टैक्स देता है अभी देश में संपन्निता आती है तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई दी प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार व विधानसभा अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल दिन प्रतिदिन वट वृक्ष की तरह फैलता ही जा रहा है व्यापार मंडल में सदैव व्यापारियों का सम्मान करने का कार्य क्या है तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई। बैठक को मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष संदीप जैन अभिषेक कुमार.आदि व्यापारी पदाधिकारी ने संबोधित किया।
इस अवसर पर बैठक के अध्यक्ष आचार्य धन कुमार शास्त्री ने व्यापार मंडल के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संयम जैन जी को आशीर्वाद तथा मेहनत से पद की गरिमा को बनाए रखना का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मेरठ महासचिव मोहित उपाध्याय बडौत नगर अध्यक्ष विजय वर्मा सोनू वर्मा सत्यपाल कश्यप व्यापारी नेता रवि पालीवाल हिमांशु वर्मा राजीव भारद्वाज पनविंदर तोमर आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# लहचौड़ा गांव के प्राथमिक विद्यालय के आफिस का ताला तोड़ चोरी का प्रयास

**समाज जागरण चांदीनगर।**
लहचौड़ा गांव में प्राथमिक विद्यालय में रात्रि अज्ञात चोरो ने आफिस का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किया हेड मास्टर नें पुलिस को जानकारी दी है। लहचौड़ा गांव में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें किनारें प्राथमिक विद्यालय है जहा रात्रि अज्ञात चोरो ने आफिस का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किया लेकिन सफल नही हो सके सुबह जब हेड मास्टर नरेश कुमार विघालय



पहुंचे तो ताला टूटा देख हक्के बक्के रह गये उन्होंने तुरंत गांव के गणमान्य व्यक्तियों और पुलिस को सूचना दी मौकें पर पुलिस ने पहुंच छानबीन भी की वही ग्रामीणों ने बताया की पिछले वर्ष भी विघालय मे ताला तोड़ दो बार चोरी हुई थी जिससे लेकर ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढाने की मांग की है।

# समाजसेवी कुशांक चौहान राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य नामित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गठित राज्य सलाहकार बोर्ड में जनपद शामली के कांधला निवासी समाजसेवी कुशांक चौहान को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस संबंध में दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-3 द्वारा सोमवार को आधिकारिक रूप से सूचना जारी की गई है। शासन स्तर पर नामनिर्दिष्ट सदस्यों के स्थान पर नए सदस्यों की नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई है। इसी क्रम में कुशांक चौहान को राज्य दिव्यांग सलाहकार



बोर्ड में प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। बताया गया कि वे लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं और विशेष रूप से दिव्यांगजनों के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही जनपद शामली सहित कांधला क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने उनके चयन का स्वागत करते हुए इसे जनपद के लिए गौरव का विषय बताया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। कुशांक चौहान ने कहा कि पार्टी और राज्य सलाहकार बोर्ड ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। दिव्यागों के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

# जवाहर नवोदय विघालय कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को

**समाज जागरण चांदीनगर।**
जवाहर नवोदय विघालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा 13 दिसम्बर को बागपत सहित अन्य ब्लाको के विघालयो में आयोजित की जायेगी। जवाहर नवोदय विघालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए परिक्षा 13 दिसम्बर दिन शनिवार को छपरोली, बागपत, बडौत, पिलाना, खेकड़ा, बिनौली, के स्कूलों मे सुसह 11;30 से दोपहर 1:30 तक आयोजित की जायेगी प्रवेश पत्र छात्र ब्लाक के ब्लाक सहायक अधिकारी से या जवाहर नवोदय की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है यह जानकारी विघालय के प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार ने दी है।

# गौना गांव में चोरी के बाद चोर पुलिस की पकड़ से बाहर

## पुलिस जल्द घटना के खुलासे की कह रही है बात

**समाज जागरण चांदीनगर।**
गौना गांव में रविवार रात्रि अज्ञात चोरो ने एक मकान पर धावा बोल लाखो के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गये थे। घटना के 24 घन्टें बीत जाने के बाद भी अभी तक चोर पकड़ से बाहर है। पुलिस ने जल्द घटना के खुलासा करने को कहा है। गौना गांव में सूरज पुत्र सोहनलाल का परिवार घर के आगे लगा चेनल मे ताला लगा कमरे मे सो रहे थे। रात्रि किसी समय अज्ञात चोर चेनल का ताला काट घर में घुस गए थे। और एक कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ उसमे रखा एक लाख रूपया और सोने की दो अंगूठी, दो सोने की चेन, एक सोने का मंगलसूत्र, नो जोड़ी सेम्पिल,चोरी कर ले गये थे। पीड़ित परिवार ने बताया की 12 तोला सोना चोरी हुआ है। पीड़ित ने यह भी बताया की एक लाख रुपए का धान बेचा था। जिसके रुपए घर रखे थे। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुटी है। तीन चोर सीसीटीवी केमरे मे भी कैद हुए है। घटना के 24 घन्टे बाद भी चोर अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। उधर थाना प्रभारी अतर सिंह ने कहा की जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा।

# मौत का सौदागर 20 लाख की स्मैक सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**कैराना।(फुरकान जंग)**

कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 102 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पकड़ी गई स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है।डीआईजी सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान 'ऑपरेशन सवेराः नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर' संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने रविवार रात्रि में



चेकिंग के दौरान क्षेत्र के गंदराऊ मोड़ से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 102 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता इनाम निवासी ग्राम मण्डावर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एन डीपीएस एक्ट की सम्बंधित धारा के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया है। पुलिस द्वारा पकड़ी गई स्मैक की अनुमानित कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 20 लाख रुपये बताई गई है।

# राशन डीलर के पति व पुत्र समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। हिंगोखेड़ी के ग्रामीण ने गांव की सरकारी राशन विक्रेता के पति व पुत्र समेत तीन लोगों पर उसके भैंसे पर हमला करके गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। वहीं, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।क्षेत्र के गांव हिंगोखेड़ी निवासी नितिन चौहान ने कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि विगत 30 नवंबर को प्रातः करीब नौ बजे वह भैंसा-बुग्गी लेकर अपने खेत पर गया था। आरोप है कि खेत के पड़ोसी लोकेश व संजय उर्फ बिट्टू तथा उसके दो पुत्र उससे रंजिश रखते है तथा अनावश्यक रूप से परेशान करते रहते है। उसने गांव के लोगो के माध्यम से समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नही माने। आरोप है कि विगत एक दिसंबर को लोकेश, संजय उर्फ बिट्टू तथा अजय ने उसके साथ खेत पर गाली-गलौच व मारपीट की। आरोपियों ने खेत पर बंधे उसके भैंसे पर भी फावड़े से प्रहार किए। इसके बाद, अगले दिन प्रातः करीब दस बजे वह भैंसा-बुग्गी लेकर अपने खेत पर गया। जहां पर लोकेश व उसके पुत्र अजय ने उसके भैंसे पर फिर से हमला कर दिया, जिसके चलते वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। आरोप है कि जब उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ में गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता(बीएनएस) की धारा-352,115(2),351(2) व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा-11 के तहत मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया गया है कि मामले में नामजद आरोपी लोकेश गांव हिंगोखेड़ी की महिला राशन विक्रेता का पति है, जबकि अजय उसका पुत्र है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार हुआ घायल

**अनिल कुमार अग्रहरी/**
**समाज जागरण**
डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के बग्घा नाला के पास बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से चोपन अस्पताल भेजवाया गया। मिली जानकारी मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के बग्घानाला रेलवे ओवर ब्रिज




के पास सोमवार की शाम डाला से चोपन की तरफ जा रहे एक बाइक पर सवार की बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई जिससे बाइक सवार सुनील चौबे (50) निवासी गड़ईडीह थाना चोपन सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे मौके पर पहुंचे राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी चोपन भेजवा दिया।

# नशीले कफ सिरप की तस्करी के संबंध में महत्वपूर्ण अपडेट

**दैनिक समाज जागरण**
सोनभद्र। थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत नशीले कफ सिरप के अवैध कारोबार से संबंधित अभियोग की विवेचना एसआईटी द्वारा प्रगति पर है। विवेचना के दौरान निम्न महत्वपूर्ण तथ्य व कार्यवाही सामने आई हैंः मुख्य स्टॉकिस्ट शैली ट्रेडर्स के विरुद्ध कार्रवाई- फर्म के चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल को नोटिस जारी कर 10 दिसंबर तक सभी वित्तीय लेनदेन, लेजर, GST आदि से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। अन्य संलिप्त फर्मों को नोटिस- अवैध कारोबार की चेन में शामिल निम्न फर्मों व व्यक्तियों को भी साक्ष्य सहित उपस्थित होने हेतु नोटिस प्रेषित किए




गए हैं–मां कृपा मेडिकल स्टोर, शिविक्षा फर्म (जनपद सोनभद्र)। दिलीप मेडिकल एजेंसी एवं आयुष इंटरप्राइजेज (नया बाजार, भदोही)। राजेन्द्र एंड संस ड्रग एजेंसी, परसीपुर, भदोही। यह फर्म अंकिता गुप्ता (पत्नी-विजय गुप्ता, प्रो० शिविक्षा फर्म) द्वारा संचालित है। फर्म के भवन स्वामी को भी नोटिस प्रेषित किया गया है। शैली ट्रेडर्स के खातों की जांच में बड़ा खुलासा- जांच के दौरान पाया गया कि पिछले दो वर्षों में लगभग ₹425 करोड़ का संदिग्ध वित्तीय लेनदेन किया गया है। खातों का फ्रीज किया जाना अवैध कारोबार में संलिप्त लगभग 30 बैंक खातों को फ्रीज किया गया है। अब तक करीब ₹60 लाख की राशि फ्रीज कराई जा चुकी है। एसआईटी द्वारा पूरे नेटवर्क की गहन विवेचना जारी है, तथा अवैध व्यापार से जुड़े अन्य व्यक्तियों/फर्मों की भी पहचान की जा रही है।

# वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एवं आयुष विभाग की सहभागिता में वामा वेलनेस कैम्प आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**
सोनभद्र। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एवं आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन दिनांक 07 दिसम्बर 2025 को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में किया गया। कैम्प का आयोजन पुलिस अधीक्षक सोनभद्र की अध्यक्षता तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कैम्प के दौरान पुलिस लाइन में नियुक्त पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को




होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यक होम्योपैथिक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया एवं कूपन का भी वितरण किया गया। उपस्थित चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के शारीरिक स्वास्थ्य, रोग लक्षणों तथा स्वास्थ्य-संबंधी सावधानियों के बारे में भी उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। वामा वेलनेस कैम्प का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य संवर्धन, मानसिक राहत तथा समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है, जिसे सभी ने अत्यंत सराहनीय एवं लाभदायक बताया।

# टीएमयू नर्सिंग ब्रह्मोत्सव में अग्नि ओवरऑल चैंपियन

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुरादाबाद और तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव- ब्रह्मोत्सव-2025 अविस्मरणीय यादों के संग विदा

**समाज जागरण**
तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव- ब्रह्मोत्सव-2025 में अग्नि टीम ओवर ऑल चैंपियन रही। ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब स्पोर्ट्स और क्लचरल इवेंट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दिया गया। अग्नि टीम को डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने विजेता ट्राफी देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिताओं में वायु टीम ने सर्वाधिक 09 गोल्ड, 07 सिल्वर और 05 ब्रॉन्ज मेडल, नीर टीम ने 08 गोल्ड, 06 सिल्वर और 07 ब्रॉन्ज, अग्नि टीम ने 06 गोल्ड, 07 सिल्वर और 07 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, नर्सिंग कॉलेज, मुरादाबाद की प्रिंसिपल डॉ. जसलीन एम., नर्सिंग कॉलेज, अमरोहा की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास सिंह आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर इससे पूर्व टीएमयू के रिद्धि-सिद्धि भवन में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग सांस्कृतिक प्रोग्राम्स का शुभारम्भ हुआ। इस सुअवसर पर टीएमयू हॉस्पिटल में मनोचिकित्सा विभाग की प्रो. प्रेरणा गुप्ता, सीटीएलडी के उपनिदेशक डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।
सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में टीम अग्नि का भी जलवा रहा। फेस पेंटिंग





में अग्नि के अमन कुमार विजेता रहे, जबकि टीम अग्नि की नगी थियानहोई दूसरे स्थान पर रही। पॉट पेंटिंग में टीम आकाश की सोनिया रानी प्रथम और टीम अग्नि की निधि रानी द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में टीम वायु की अशिया, हिमांशी और शिवानी संयुक्त रूप से विजेता रही, जबकि टीम अग्नि की वंशिका, निधि, नूर और प्रज्ञा सेकेंड स्थान पर रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में टीम वायु के सचिन विजेता रही। टीम वायु के सफा तारिक दूसरे, जबकि टीम अग्नि की कामना तीसरे स्थान पर रही। कार्ड मेंकिंग में टीम अग्नि के नगी थियानहोई, प्रज्ञा शर्मा और सोनाक्षी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सोलो डांस में टीम अग्नि की केंजल अव्वल रही, जबकि उत्तरेक्शा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डुएट डांस में वायु के शिवम एंड सिमरन विजेता रहे और अग्नि के उदित एंड जेस्मिन सेकेंड स्थान पर रहे। सोलो सिंगिंग में आकाश टीम के आयुष प्रथम, जबकि नीर टीम के अंकुर द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप डांस में अग्नि टीम के किरणजीत एंड समूह विजेता रहा। आकाश टीम की रिया एंड समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संचालन मिस पवित्रा और वैष्णवी ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर्स- श्री सतीश प्रजापति, श्री रितिक कुमार, श्री विनय लाल, श्रीमती पूजा झा के साथ साथ प्रो. जितेन्द्र सिंह, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. अनुषी सिंह, डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्रो. विजी मोल, श्री वेदमूर्ति, श्री गौरव कुमार, प्रो. वरुण तोषनीवाल, श्री मुकुल सिंह, मिस शालू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# आज होगा बिजली अदालत का आयोजन

**समाज जागरण कालांवाली 08 दिसंबर (सुरेश जोरासिया)**

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई के लिए नौ दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सर्कल कार्यालय सिरसा में बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता कुलदीप अत्री ने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली विभाग द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गये है ताकि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप से सुलझाया जा सके। इसी कड़ी में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई नौ दिसंबर को सिरसा स्थित सर्कल कार्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यतः गलत बिलिंग, वोल्टेज संबंधित बिजली आपूर्ति, खराब मीटर को बदलने आदि शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बिजली के अनाधिकृत उपयोग के मामले में दंडित या जुमार्ना और दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता निश्चित समय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या 01666-238453 पर संपर्क कर सकते है एवं अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# किसानों को सिंचाई के लिए तीन शिफ्टों में मिले थ्री फेस लाइट : दिनेश सुरपुरा

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 8 दिसंबर। बहल के निकटवर्ती गांव सुरपुराखुर्द के पावर हाउस में सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठे होकर उप मंडल अभियंता के नाम रजिस्टर में अपनी शिकायत दर्ज करवा कर बिजली के पावर कट व कम वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए सिंचाई के लिए दी जाने वाली थ्री फेस लाइट को 2 शिफ्टों के बजाए तीन शिफ्टों में करने की मांग की। उप मंडल अभियंता से दूरभाष से हुई वातार्लाप के आधार पर समस्या का तुरंत समाधान करने का



आश्वासन दिलाया गया है। समाजसेवी व युवा जेजेपी नेता दिनेश सुरपुरा ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए दी जाने वाली लाइट में बार बार कट लगते हैं। कम वोल्टेज आती है जिसके कारण किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है । किसानों को कम वोल्टेज मिलने व बार बार लाइट के आने जाने से फसल की सिंचाई में भी परेशानी आती है व मोटर जलने का भी खतरा रहता है। दिनेश सुरपुरा ने कहा कि जल्द से जल्द किसानों की इस समस्या का समाधान किया जाए। पावर हाउस में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने समस्या को समझते हुए उच्च अधिकारियों को तुरंत अवगत कराया और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द आपकी समस्या का समाधान होगा । इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि संजय लाखलाण, युवा जेजेपी नेता व समाज सेवी दिनेश सुरपुरा , संजय लाखलाण, भरत सिंह , रामफल , सुरेश, अशोक, विकास , कुलदीप सूरजभान राजकुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# आर.एम.पी. को मिले प्रैक्टिस का अधिकार: एलसी शर्मा

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 08 दिसंबर (सुरेश जोरासिया) आ.एम.पी. पुनियन की एक बैठक जनता भवन रोड स्थित श्री युवक साहित्य सदन में हुई। इस बैठक में संगठन के सहय अध्यक्ष एल. मी. रामों ने बतौर अध्यक्ष आर. एम. मौनी ने बताया कि नशा और लिंग जाँच (भाण लिंग निधारण) मामविक वानवा बीमारियों बन चुके है। नहाव भ्रूण हल्या पा गर्ष १२०० में दिल्ली में जागरुकता अभियान की शुरूआत करते हुए उन दोनों समस्याओं को मुख्य ऐजेंडे में रामिल का संगठन नै एक रारा दिया था 'लिंग जांच सखोरी अभिशाप है. अ. एम.पी. निरपराध है।' जबकली हल्ला प्रधान सुखदेव सिंह ने कहा कि संगठन ने पूरे प्रदेश में वगरुकता अभियान को मुचारू रूप से चलाने का काम किया। वर्ष 2014 में, नहीं की रोकथम को लेकर एलेनाबाद में सिहसा तक के अनेकों से स हुए 100 किलिमीटर लंबी हो





मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई च। संगठन द्वा नशे पा किए ग प्रयासों की प्रशंसा करते हुए, हरियाणा बोक जाधव द्वारा संगठन के सभी सदस्यों को प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) देकर सम्मानित किया गया था। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओ.पी. चर्मा ने बताया कि आर.एम. पी. का रिश्ता समाज के प्रतीक घर में परिवार के सदस्य की तरह का है और का समाज के जिम्मेहरी के साथ भार्गदारी करते हैनपुरा का है। तो ने तो मुखबिर बनने की जरूरत है और न ही अरजकता फैलाने की। उसे समाज के की चिंता करते हुए युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने के लिए सरकार का सहयोग करते हुए एक अच्छे नगतिक का कर्तम निधने की जरूरत है। इसलिए आर.एम. पी. यूनियन मी एजेंट पर काम करते हुए पिछले २० दुख-सुखवसर तय कर आगे है और स्वास्थ्य सेवाएँ दे रही है संगठन के रीय अध्यक्ष एल.पी. शर्मा ने कहा कि हरियाणा में 1973 में आरएम के रजिस्ट्रेशन बंद अपंगीकृत चिकित्सक के रूप में कार्य कर रहे हैं। कुछ दशक पर्व, कलम का सकार में सीएम चौधरी भजन लाल ने काम एम पी को पंजीकृत करने का फैसला लिया था। इसके लिए नोटिफिशन भी जारी किया गया था जिसके तहत बोर्ड की कैस के रूप में 2288 रुपये प्रत्येक आर.एम.पी से से जम करवाने हुए करोड़ों रुपये लिए गए थे। बाद में में करना चंटाला सकार में और.एम. के. की समस्या की गंभीरता को समते हुए कर्मकार वधयक के रूप में भार एम में को पैविरल कन अधिकार देने का विधेयक पास किया था, जो सस्कार ले जाने की जगह से लागू नहीं हो सका। बाद भाजप की संसार बनने के बाद कई बार पूर्व सीएम मनोहर लाल सर से मुलाकात कर आरएम पी की समस्या उनके सामने रखी गई। जानवर लाल ने आर.एम. से. दांगों का ध्यान रखते हुए हेल्थ वर्कर बोर्ड का गठन करते हुए चिकित्सकों की प्रक्टिस का अधिकार देन का आधामन दिया था जी के आन तक वित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एन ग्री, शर्मा ने कछ कि 70 और और 10 के दशक में पॅक्टिस की शुरूआत करने वाले युवाओं की उम्र उस समय 25 से 30 सात की और आज सीनिया सिटीवन हो चुके हैं। उन्हेंने पूरा जीवन जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में लगाते हुए एक अच्छ चिकित्सक च अच्छे नागरिक के रूप में जीवन व्यतीत किया है। पीढ़ी तर पीढ़ी अपने पूर्वजों द्वान मिले हुर जान को आधार बनाकर, मेडिकृत पुस्तको अस्पताल में 5 से 10 साल का अनुभव प्राथ करने के कार आज का युव निकितयक गाँजे में दूर दराज के क्षेत्रों में, गली-मोत्यों में, कोणी-धों में रहने वाले गरी लोगों का जिन्के पास पैसे का न अभाव होता है, पैसे की चिंता करते हुए कम से कम खर्च में इलाज करते हुए लोगों की सेवा का कार्य कर रहे हैं। आग, देश में बेरोजगारी की समस्या भयानक रूप ले चुकी है। ऐसे में आर. एम. गो. नित्मिक सेवा करने के साथ स्कोजगर के रूप में कर्य करते हुए अपने पराकान पोषण कर रहे हैं और रोजगार की समस्या को हल करने में सरकार का सहयेग कर न्ह है। ग्रामीण घरी में जार. एम.पी. को प्रतिबस्ति करने और वर धरू मेडिकिन पर प्रतिबंध लगाका सरकार जनता का कौन सा भला करस चाहते है, यह एक चारव विषर है। इस पर चर्चा होरा जमाते है ताकि स्वाम्या सेवालों की मान में राव्रकर कजून बाधा जा सके। इस मौके पर कमलेश चाहत, ओम प्रकारचा गुरनाम सिंह मंगला, गम कुमार, रुलिया सिंह राम सरन सहित सैकड़ों आर.एम.पी. मोजूद थे।

# एसडीएम मनोज दलाल ने लोहारू मार्केट कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट संजय नेहरा और वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी को दिलाई शपथ

**- किसान हित की योजनाओं का जरूरतमंद को समय पर मिले फायदा: एसडीएम मनोज दलाल**

**- किसान को अपनी फसल बेचने में और आढ़ती को खरीदने में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी: चेयरमैन संजय नेहरा**

**- किसानों को मंडी में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी: चेयरमैन संजय नेहरा व वाईस चेयरमैन सुभाष सैनी**

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-लोहारू, 08 दिसंबर। प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत लोहारू मार्केट कमेटी के चेयरमैन संजय नेहरा और वाईस चेयरमैन सुभाष सैनी को एसडीएम मनोज दलाल ने पद और गोपनीयता की मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाई। इस दौरान सचिव संजय समोथा,लोहारू नपा के चेयरमैन प्रदीप तायल , विजय शेखावत,कमलेश भोडूका सहित अनेक वार्डों के पार्षद और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मार्केट कमेटी के चेयरमैन और वाईस चेयरमैन के शपथग्रहण कार्यक्रम में दोनों मनोनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाए जाने के उपरांत एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि मार्केट कमेटी के पदाधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है वे किसान को किसी प्रकार की परेशानी ना आने दें। किसान को फसल बेचने में, किसी प्रकार से होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि के केसों में उन्हें आगे बढ़कर आमजन को लाभ पहुंचाने का काम करना चाहिए ताकि सरकार की योजनाओं को आमजन को फायदा हो सके। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसान हित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनका मकसद प्रशासन से तालमेल करके पूरा करना होता है। उनसे आमजन को बड़ी उम्मीदें होती हैं तथा इस पर वे खरा उतरने का काम करें। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत चेयरमैन संजय नेहरा और वाईस चेयरमैन सुभाष सैनी ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल, बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, भाजपा के नेताओं और पदाधिकारियों का आभार जताया और जनता की नीतियों पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि किसान हित को सर्वोपरि मानकर कार्य किया जाएगा। किसान को फसल बेचने में और आढ़ती को खरीदने में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। किसान को बिजली, पानी, पेय जल आदि मूलभूत सुविधाएं मंडी में प्रदान की जाएगी। इस मौके पर नगरपालिका के चेयरमैन बंटी तायल, भाजपा नेता विजय शेखावत, कमलेश भोडूका, लोहारू बार के प्रधान राजेश भारद्वाज, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र ने चौधरी, एडवोकेट संदीप बुढेड़ा, रामदत्त पहाड़ी, धनपत सैनी, रामसिंह सैनी, रतन अग्रवालवासु मतानी, सीएम विंडो के राजेश चैहड़िया, जगदीश जायलवाल, मार्केट कमेटी से अनील गुप्ता, राजीव वत्स, संजय खंडेलवाल, सुरेन्द्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद

# हरियावास गांव में एक माह से लापता बुजुर्ग विजय कुमार का नहीं चला कोई अता पता

**दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 8 दिसंबर। बहल के निकटवर्ती गांव हरियावास में एक माह से लापता बुजुर्ग विजय कुमार का कोई अता-पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने बुजुर्ग के बेटे बजरंग की सूचना पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया हुआ है। विजय कुमार की तलाश में पुलिस व परिजन मारे मारे घूम रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग पुलिस को हाथ नहीं लगा है। पुलिस व परिजनों बुद्ध विजय कुमार की तलाश के लिए मीडिया व सोशल मीडिया का सहारा भी लिया है लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया है। बुजुर्ग विजय कुमार के पुत्र बजरंग ने गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी थी और पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लापता विजय कुमार को तलाशा जा रहा है। पुलिस व परिजनों ने विजय कुमार के मिलने की सूचना थाना प्रभारी बहल को देने का आग्रह किया है।



# स्पोर्ट्स फिएस्टा अलायंस इंटरनैशनल स्कूल जैतो में आयोजित

**(मन्नू पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,8 दिसंबर : "स्पोर्ट्स फिएस्टा" अलायंस इंटरनैशनल स्कूल जैतो द्वारा आयोजित वार्षिक खेल आयोजनों का एक सामान्य नाम है, और प्रस्तुत समाचार इन आयोजनों में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भागीदारी को उजागर करते हैं। अभिभावक इन आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और इस बारे में सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं कि ये आयोजन अभिभावकों में



शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। स्कूल ने अभिभावकों के लिए बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, कैरमबोर्ड, टेबल टेनिस और क्रिकेट जैसे विशिष्ट चुनौतियाँ और खेल शामिल किए। मनोरंजक खेल` अभिभावक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं, जिससे पारिवारिक यादें साझा हो रही हैं और स्कूल के साथ उनका रिश्ता मजबूत हो रहा है। शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों द्वारा इन आयोजनों की लगातार प्रशंसा की जाती है। सकारात्मक और उत्साहजनक माहौल में खेल कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क जैसे जीवन कौशल विकसित करने पर जोर दिया जाता है।खेल सहित कई तरह की गतिविधियाँ शामिल की गईं, जिन्होंने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को बांधे रखा।इस अवसर पर बैडमिंटन में श्रीमती दामिनी, संदीप, प्रिया, ममता, नेहा विजेता रहीं` क्रिकेट में टीम ग्रीन विजेता रहीं` कैरमबोर्ड में सरदार अमनिंदर सिंह (पीली टीम), श्रीमती वनीता (नीली टीम) नवप्रीत (लाल टीम) विजेता रहे` शतरंज में प्रतीक ने पहला, योगेश ने दूसरा, मोनिका ने तीसरा स्थान जीता` बास्केटबॉल में रेड टीम (नवप्रीत, चिंकी, पल्लवी, मोनिका, सरबजीत, पूजा, जगरूप, जशन, लवदीप, देवराज) विजेता रहे` टेबल टेनिस में (प्रतीक, धीरज, जशन, लवदीप, प्रियंका, बेअंत) विजेता रहे` अभिभावकों ने फिर से खेलों का आनंद लिया` अपने पुराने समय को याद करते हुए, उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था और उन्होंने उसी उत्साह के साथ खेला` स्कूल प्रबंधन कमेटी और प्रिंसिपल श्रीमती गुरसेवक मान ने अभिभावकों को अपना बहुमूल्य समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया। उन्हें आने वाले सेमेस्टर में अभिभावकों के लिए इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी पूरी कैबिनेट के साथ श्री हरमंदिर साहिब में दिल्ली की माथा टेका

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



अमृतसर,8 दिसंबर : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में माथा टेका है। वह अपनी पूरी कैबिनेट के साथ वहां गई थीं। सूत्रों के अनुसार यह यात्रा गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर दिल्ली के लाल किले में आयोजित भव्य 'गुरमत समागम' के सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए 'शुकराना' अर्पित करने हेतु थी।मुख्यमंत्री गुप्ता अपनी कैबिनेट के 6 मंत्रियों के साथ सोमवार को दिल्ली से अमृतसर पहुंचीं। हवाई अड्डे पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य उनका स्वागत किया गया। उन्होंने दरबार साहिब में मत्था टेका, अरदास की और गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि गुरु साहिब की कृपा से ही लाल किले का कार्यक्रम सफल हो सका। उन्होंने स्वर्ण मंदिर में बर्तन धोने (सेवा करने) का कार्य भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल एक औपचारिक संकेत नहीं, बल्कि गुरु परंपरा के प्रति गहरी आस्था और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए गुरु साहिब की निरंतर कृपा और आशीर्वाद की कामना की। सुरक्षा और संदर्भः इस दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी, क्योंकि कुछ दिन पहले दिल्ली के लाल किले के पास एक आतंकी घटना हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डर के माहौल के बावजूद, गुरमत समागम में छह लाख से अधिक श्रद्धालु बिना किसी व्यवधान के शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री भी पहले कई बार स्वर्ण मंदिर जाकर माथा टेक चुके हैं।

# अयोध्या में 19 दिसंबर को 5 महानुभावों को मिलेगा 'रामदास अग्रवाल जन सेवा सम्मान': स्मृति चिन्ह के साथ 1-1 लाख रुपए दिए जाएंगे नगद सुरिंदर सिंगला

**समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो/डबावाली, 8 दिसंबर : अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में आज कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा संस्था के संस्थापक एवं तीन बार राज्यसभा सांसद रहे भाजपा के राष्ट्रीय शीर्ष नेता स्व. रामदास अग्रवाल की स्मृति में प्रारंभ किए गए 'रामदास अग्रवाल जन सेवा सम्मान' से सम्मानित होने वाले 5 अग्र बंधुओं को प्रति वर्ष स्मृति चिन्ह, शॉल के साथ 1-1 लाख रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब के राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला ने बताया कि अयोध्या में 19 दिसंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में चंद्रकांत सर्राफ कलकत्ता को स्वास्थ्य सेवा, डा. मेघा अग्रवाल उत्तर प्रदेश को साहित्य सेवा, डा. प्रमेंद्र महेश्वरी बरेली को समाज सेवा, गिरीश कुमार अग्रवाल जयपुर



को व्यापार सेवा एवं तेलंगाना महिला प्रकोष्ठ को समाजसेवा के लिए 'रामदास अग्रवाल जन सेवा सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा सभी राज्यों से सम्मान प्राप्त करने के योग्य महानुभावों से उन द्वारा किए गए कार्यों का प्रति वर्ष ब्यौरा प्राप्त करने उपरांत सम्मान चयन कमेटी द्वारा सम्मान देने के लिए व्यक्तियों का चयन करने उपरांत उन्हें राष्ट्रीय कार्यसमिति में सम्मान प्रदान किया जाता है।

उन्होंने बताया कि सम्मान चयन कमेटी में राज्य सभा सांसद रहे डा. अनिल अग्रवाल, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार श्याम जाजू, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता एवं गोपाल दास खंडेलवाल, महामंत्री राजीव मित्तल, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्व. रामदास अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदु परिषद, चैंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब जैसी संस्थाओं में आजीवन सक्रिय रहे। वह भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष एवं कई प्रदेशों के प्रभारी रहे। उन्होंने राजनीति, व्यापार के साथ-साथ अग्रवाल वैश्य समाज को एक मंच पर इक्ठ्ठा करने के लिए सर्वप्रथम 9 नवंबर 1997 को विश्व भर के अग्रवाल/वैश्य समाज के अग्रणी बंधुओं को एकत्रित कर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का गठन किया। वह आजीवन इस संस्था के अध्यक्ष रहे। उनकी स्मृति में प्रारंभ किया गया` 'रामदास अग्रवाल जन सेवा सम्मान' प्राप्त करने वाले लोगों को सदैव उनके जीवन से प्रेरणा मिलेगी।

# पंजाब कांग्रेस में अंदरूनी कलह बढ़ी, राजा वड़िंग ने डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को प्राथमिक सदस्यता से सस्पेंड किया

**(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, 8 दिसंबर : पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पूर्व क्रिकेटर और पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस नेता नवजोत सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निकाल दिया है। मुख्यमंत्री पद के लिए 500 करोड़ रुपये देने के बारे में नवजोत कौर के बयान से पार्टी में पहले ही हंगामा मच गया था। इसके बाद, नवजोत कौर ने सोमवार को एक मीडिया चैनल पर कहा कि पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने काउंसलर के टिकट 5 करोड़ रुपये में बेचे हैं। अमरिंदर राजा वड़िंग, चरणजीत चन्नी, सुखजिंदर रंधावा और प्रताप सिंह बाजवा मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं और कांग्रेस पार्टी को खत्म करने का काम कर रहे हैं। देर शाम कांग्रेस अध्यक्ष ने नवजोत कौर को प्राथमिक सदस्यता से सस्पेंड करने के फैसले की घोषणा की। इसके अलावा, डॉ. सिद्धू ने आरोप लगाया कि तरनतारन जिले के चुनावों के दौरान टिकट बेचे गए। रंजीत सिंह राणा गांधीविंड ने कांग्रेस की सेवा की, लेकिन टिकट देते समय उनसे 3 करोड़ रुपये मांगे गए। बाद में, टिकट करणबीर सिंह बुर्ज को दिया गया। बुर्ज भी खुलेआम कह रहे हैं कि राजा वड़िंग को 5 करोड़ रुपये और प्रताप सिंह बाजवा को 5 करोड़ रुपये दिए गए। नवजोत सिंह सिद्धू अभी भी कांग्रेस कमेटी के सदस्य हैं।

# भारत के दो बोकिया खिलाड़ी एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए रवाना हुए: मीडिया इंचार्ज प्रमोद धीर

**(मन्नू पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 8 दिसंबर : चौथे एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में होंगे। इन खेलों में 40 देशों के लगभग 1200 एथलीट हिस्सा लेंगे। भारत सरकार के युवा सेवा और खेल विभाग, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया और बोकिया स्पोर्ट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया ने पदाधिकारियों और भारतीय खिलाड़ियों सहित 160 लोगों को चुना है। ये खेल 7 से 14 दिसंबर तक होंगे। दो भारतीय खिलाड़ी, आयुषी ठकुराल और व्योम पाहवा भी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह धालीवाल




और कोच सुखजिंदर सिंह के नेतृत्व में इन एशियन पैरा गेम्स में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। बोकिया स्पोर्ट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों, जिनमें चेयरमैन अशोक बेदी, जनरल सेक्रेटरी शमिंदर सिंह ढिल्लों, कोच दविंदर सिंह टफी बराड, मीडिया इंचार्ज प्रमोद धीर जैतो, डॉ.रमनदीप सिंह, कोच गुरप्रीत सिंह धालीवाल, जगरूप सिंह सूबा, कुलदीप सिंह, अमनदीप सिंह और अन्य शामिल हैं,ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। बोकिया इंडिया टीम के कोच दुबई में एशियन पैरा गेम्स के लिए भारतीय बोकिया खिलाड़ियों को विदा करते हुए।

# शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा से सजा रंगारंग बेबी शो आयोजित

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 8 दिसंबर : आज शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में नन्हेझमुन्ने बच्चों की मासूमियत, उत्साह और प्रतिभा से भरपूर बेबी शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत माननीय श्रीमती हरजीत कौर, प्लेवे ह्यलिटल किड्सह्न स्कूल की प्रिंसिपल मीना शर्मा, ब्राइट स्टार स्कूल के प्रिंसिपल श्री सुरिंदर सिंह, सुखमनी अस्पताल के डॉ. गुरमीत सिंह, सरदार दिलबाग सिंह और अन्य विशिष्ट मेहमानों के स्वागत के साथ हुई।दीप प्रज्ज्वलन की रस्म ने पूरे कार्यक्रम का वातावरण मंगलमय और ऊर्जा से भर दिया।

कार्यक्रम का संचालन जूनियर विंग की कोऑर्डिनेटर मिस सानिया नरूला ने बहुत ही शानदार तरीके से किया। मिस गुरप्रीत बराड़, मिस्टर माधव गोयल और अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इसके बाद मंच पर प्रीझनर्सरी, नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. कक्षाओं के नन्हेझमुन्ने तारे उतरे रंगझबिरंगे परिधान, प्यारी मुस्कानें और उत्साह





से भरे डांस – फैमिली सॉन्ग, इमैजिनेशन एंड एक्सपेक्टेशन, और मोबाइल थीम डांस – ने दर्शकों की खूब वाहझवाही बटोरी।बेबी शो की आकर्षक श्रेणियाँ कार्यक्रम की मुख्य विशेषता बेबी शो रहा, जिसमें विभिन्न खिताब दिए गए–

चबी बेबी, स्टार बेबी, हेल्दी एंड एक्टिव, बेस्ट ड्रेस्ड, स्पार्कलिंग आइज, ब्यूटीफुल स्माइल और फोटोजनिक फेस।जजों ने बच्चों का मूल्यांकन उनके एक्सप्रेशन, आत्मविश्वास, पहनावे और प्रस्तुति के आधार पर किया।

सुखमनी अस्पताल के डॉ. गुरमीत सिंह ने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास, शुरूआती देखभाल और माताझपिता की सकारात्मक भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए, जिन्हें सभी मेहमानों ने ध्यानपूर्वक सुना।कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा ने सभी का उत्साह और बढ़ा दिया, जिसमें बैग, बुक सेट और डिस्काउंट कूपन जैसे इनाम शामिल थे। बच्चों और माताझपिता के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल श्री सरबजीत सिंह, स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन श्री अश्वनी कुमार गर्ग, श्री अशोक कुमार गर्ग, श्री घनेइया कुमार गर्ग, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग और श्रीमती दीपी गर्ग ने सभी मेहमानों और अभिभावकों का धन्यवाद किया।उन्होंने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# शिरोमणि कमेटी की आंतरिक कमेटी की विशेष बैठक 11 को

**मन्नू पराशर,दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**



जैतो, 8 दिसंबर :शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आंतरिक कमेटी की सर्वोच्च बैठक 11 दिसंबर को होगी। शिरोमणि कमेटी कार्यालय से जारी एक प्रेस बयान के माध्यम से शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मंनन ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूपों के मामले में पंजाब सरकार द्वारा कल जो एफआईआर दर्ज की गई है। मामले को लेकर 11 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे शिरोमणि कमेटी के मुख्य कार्यालय में आंतरिक कमेटी की विशेष बैठक बुलाई गई है. उन्होंने बताया कि शिरोमणि कमेटी की अंदरूनी कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को पत्र भेजकर समागम के बारे में सूचित कर दिया गया है. यह समागम शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में होगा।

# सनबीम स्कूल बाबतपुर में गणित एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सनबीम स्कूल बाबतपुर, बेरवा,हरहुआ में गणित एवं सूचना प्रौद्योगिकी ( Maths & IT ) प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया।




विद्यालय के निदेशक शिवशक्ति सिंह के अनुसार इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में नवाचार,तार्किक सोच,समस्या-समाधान क्षमता तथा तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विषय ज्ञान को विभिन्न मॉडल,प्रोजेक्ट,चार्ट एवं डिजिटल प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य गीता सिंह व सम्मानित निर्णायक पवन सिंह ने सभी मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है और वे भविष्य में तकनीक और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे सकते हैं।

छात्रों द्वारा प्रस्तुत मुख्य आकर्षणों में गणितीय अवधारणाओं पर आधारित 3Dमॉडल, रोबोटिक्स,AI-आधारित प्रोजेक्ट, कोडिंग डेमो, साइबर सुरक्षा जागरूकता प्रस्तुति एवं गणितीय पहेली स्टॉल विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों की मेहनत की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया।

# वी पी एस राजातालाब में चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जिले में स्थित वाराणसी पब्लिक स्कूल, राजातालाब वाराणसी में चार दिवसीय भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल समापन सोमवार को विद्यालय खेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। चार दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विभिन्न कक्षाओं की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का बेहतरीन परिचय दिया।




समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय के उप-प्रबंधक शशि कांत गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय सदैव बच्चों को खेलों में अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानाचार्य अशुतोष सिंह ने अपने संबोधन में प्रतियोगिता को शैक्षणिक गुणवत्ता का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि इस फुटबॉल प्रतियोगिता ने छात्रों को न केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें अनुशासन, एकाग्रता तथा खेल भावना के मूल्य सीखने का अवसर भी प्रदान किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

समापन दिवस पर आयोजित फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने शानदार कौशल और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। दर्शकों–अभिभावकों, स्टाफ और छात्रों–ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।

समारोह में विजयी एवं उपविजयी टीमों को उप-प्रबंधक श्री शशि कांत गुप्ता, प्रधानाचार्य अशुतोष सिंह और अतिथि द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए। सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिवार ने समापन अवसर पर यह आशा व्यक्त की कि इस प्रतियोगिता से छात्रों में खेलों के प्रति रुचि और अधिक बढ़ेगी तथा वे भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ विद्यालय को गौरवान्वित करने का प्रयास करेंगे।

# दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन प्रोग्राम ( आत्मा ) योजना अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आर.पी.एल आधारित कृषि विकास खंड बड़ागांव के सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र नारायण द्विवेदी द्वारा किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यालय अध्यक्ष डॉ. एन.के सिंह द्वारा मृदा में कार्बन की महत्व को बताते हुए कार्बनिक खेती पर प्रकाश डाला गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.अमितेश कुमार सिंह के द्वारा गेहूं की खेती एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। डॉ. राजेंद्र कुमार सेठ सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के द्वारा मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने हेतु गर्मी में खेत की गहरी जुताई,हरी खाद एवं फसल चक्र के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें विकासखंड के सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकी) राजेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) बृजेश कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुनील कुमार सिंह, आर.ई.डी. (जे. ई.) रोहित जायसवाल, वरिष्ठ लेखाकार मृत्युंजय सिंह,बी.टी.रविशंकर पटेल, कृषि विभाग से लाल बहादुर पटेल ,वीरेंद्र गौतम , अभिलाष कुमार सिंह , मणिशंकर पटेल, हृदय नारायण यादव (एटीम),प्रतिभा सिंह (सचिव) हरिओम सेवा संस्थान एवं आदि किसान मौजूद रहे।

# व्यापारियों के समस्याओं का समाधान व सम्मान हमारी प्राथमिकता में जुड़ा है: त्रिभुवन राम विधायक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। समाज की अपनी हर जरूरतों को पूरी करने की दिशा में एक निश्चित स्थान में बाजार ,हाट स्थापित होते हैं जिसमें विविध प्रकार के दुकानें खोलकर व्यापारी ही उनको सामान मुहैया कराने का कार्य करता है। जहां शादी -विवाह ,मंगल कार्य अवसर व हर पर्व पर जरूरत के सामान के साथ एक दूसरे से सम्बन्ध बने होते हैं जिससे पारस्परिक प्रेम का जुड़ाव होता है। लेकिन बदलते परिवेश में व्यापारियों के साथ कुछ तथाकथित दबंगों द्वारा उत्पीड़न, कुछ सरकारी नौकरशाहों द्वारा जाँच के नाम पर डराकर शोषण करना, पुलिसिया उत्पीड़न की घटनाएं शर्मनाक होती है। हम व्यापारियों के हितों की लड़ाई अंतिम समय तक लड़ने, हर स्तर पर सहूलियत ,सम्मान दिलाने का कार्य करेंगे यह हमारी प्राथमिकता में भी निहित है। हर व्यापारियों ने अपनी समस्याओं व आवश्यकताओं को अवगत कराया है उसका जल्द निराकरण होगा। बाजार में हर तरह की बुनियादी जरूरतों प्रकाश, सड़क, सीवर लाइन,पेयजल सहित अन्य सुविधाएं मूर्त रूप लेंगी।



उक्त बातें सोमवार को धरसौना स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के परिसर में व्यापारियों के चौपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया। और आश्वासन दिया कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ ,सबका विकास और सबका सम्मान कर जरूरतों को पूरा करेगी।विकास के दौर में नया इतिहास लिखा जाएगा।

चौपाल में प्रमुख रूप से रामप्रकाश सिंह 'बीरू', राणा चौहान,विपिन चन्द्र राय मण्डल अध्यक्ष चोलापुर ,विनोद सिंह ,अखिलेश जायसवाल मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा, मुन्नू जायसवाल, भगवानदास गुप्ता ,अशोक गुप्ता ,मनोज जायसवाल प्रबन्धक ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल ,संजय यादव, मंगला यादव पूर्व प्रधान धरसौना, जयनाथ सहित अन्य सम्मानितजन ,व्यापारी शामिल रहे।

# लोगों को मीठा पसंद है परंतु दवाईयां उससे कड़वी होती है–फादर पी० विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

हॉर्टमन इंटर कॉलेज हार्टमनपुर गाजीपुर में प्रार्थना सभा के बाद फादर पी विक्टर ने बताया कि लोगों को मीठा पसंद है चाहे वह भोजन हो या शब्द या वाणी, क्योंकि व्यक्ति हमेशा प्रेम का भूखा होता है परंतु दवाइयां हमेशा कड़वी होती है और लोगों को ठीक करती है अर्थात बड़े लोग आपको कभी भी कड़वी बातें बोलते हैं तो उनका मतलब होता है कि वह आपके अंदर सुधार लाने की कोशिश कर रहे है।



इसके बाद विद्यालय के दो धर्म बहनों का आज महत्वपूर्ण सन्यासी व्रत था इसके लिए विद्यालय परिवार की तरफ से सिस्टर पूनम व सिस्टर हेलेन को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। यह व्रत सिस्टर लोग माता मरियम का निष्कलंक गर्भागमन के लिए रखती है। इस व्रत में ये अपना ब्रह्मचर्य, आज्ञापालन व निर्धनता के व्रत को दोहराती है।

# अदलहाट थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की हुई मौत

**समाज जागरण**

मीरजापुर अदलहात थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना खजुरौल रसूलपुर मार्ग पर मड़ई पर गांव के सामने अज्ञात वाहन के चपेट में आने से शिवशंकर सिंह 35 वर्ष निवासी रूपौधा थाना अदलहाट जिला मीरजापुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के पिता जोगी सिंह ने थाना अदलहाट पर दी। घटना की सूचना पर थाना स्थानी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के जोगवां करहट मार्ग पर हुई। घटनाक्रम में बताया जाता है कि राकेश नाथ त्रिपाठी निवासी छबिनाथपुर थाना जिगना जनपद मिजार्पुर अपने घर से चन्दौली जाने के लिए निकला था यह ज्यों ही अदलहाट थाना क्षेत्र के जोगवां करहट मार्ग पर कुण्डाडी गांव के सामने पहुंचा ही था कि मोटरसाइकिल असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे राकेश नाथ त्रिपाठी 50 वर्ष निवासी छबिनाथपुर थाना जिगना जनपद मिजार्पुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के लड़के अतुल त्रिपाठी ने अदलहाट थाना को दिया। घटना की सूचना पर अदलहाट पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राकेश नाथ त्रिपाठी जल निगम में ठेकेदार था।

# सागा पाली की धरती पर श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक क्षेत्र के सागा पाली स्थित सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में सत्यदेव ग्रुप्स के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह की आठवीं पुण्यतिथि की स्मृति में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक भागवत मर्मज्ञ पंडित श्री राघवेन्द्र पाराशर शास्त्री जी वृंदावन के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने का लाभ मिलेगा। कथा का समय दोपहर 1 से 5 बजे तक निर्धारित है।28 दिसंबर रविवार को हवन पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है। प्रोफेसर सानंद सिंह,आचार्य मृत्युंजय द्विवेदी उर्फ बड़े बाबा वरिष्ठ पत्रकार यशवंत सिंह, दिग्विजय उपाध्याय काउंसलर सत्यदेव ग्रुप्स, प्रमोद सिंह निदेशक डाक्टर राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज अध्यात्म पुरम, प्रिंसिपल सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल सागा पाली एवं अन्य सहयोगी एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति में श्रीमद्भागवत कथा के इस आयोजन के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श किया गया।




सत्यदेव ग्रुप्स के द्वारा प्रथम बार बाबू सत्यदेव सिंह जी के जन्मस्थली पर उनके आठवीं पुण्यतिथि की स्मृति में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की मुख्य यजमान श्रीमती सावित्री सिंह संरक्षक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज हैं।निश्चित रूप से पूरे क्षेत्र के लोगों को कथा श्रवण का सुअवसर मिलेगा।

# भागवत कथा से संस्कार, सहयोग और समरसता की भावना का विकास होता है–धर्मदूत हरिप्रकाशजी महाराज

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के लौवाडीह में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन धर्मदूत हरिप्रकाशजी महाराज ने कहा कि भागवत कथा न केवल धर्म और अध्यात्म का स्त्रोत है, बल्कि मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला महापवित्र ग्रंथ है।कथा के श्रवण मात्र से ही लोग जन्म जन्मांतर के बंधन से मुक्त हो जाते है।उन्होने बताया कि कथा श्रवण से तनाव, चिंता और मानसिक अशांति दूर होती है। परिवार में संस्कार, आपसी प्रेम और सहयोग और समरसता की भावना विकसित होती है। कथा से उत्पन्न भक्ति भाव मनुष्य को धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।दुंदुभी की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि दैत्य कुल में उत्पन्न दुन्दुभि अत्यंत पराक्रमी और अहंकारी था। अपने बल के मद में चूर होकर उसने देवताओं, दानवों और योद्धाओं को युद्ध की चुनौती दे डाली। दुन्दुभि ने अपने अभिमानवश भगवान को भी युद्ध हेतु ललकारा। किंतु उसका उद्दंड व्यवहार अंततः उसके विनाश का कारण बना। युद्ध में पराजित होने पर दुन्दुभि का शव दूर तक जा गिरा, और वहीं से जनमानस में यह कथा प्रसिद्ध हुई कि उसके गिरने से उत्पन्न भीषण गर्जना 'दुन्दुभि' नाम के कारण का प्रतीक बनी।यह कथा केवल युद्ध-वर्णन नहीं, बल्कि अहंकार के विनाश का प्रतीक है। प्रवचन में उपस्थित लोगों को संदेश दिया गया कि शक्ति, सामर्थ्य और प्रतिष्ठा तभी तक कल्याणकारी हैं, जब तक वे मयार्दा और विवेक के साथ प्रयुक्त हों।कथा श्रवण में,बच्चन पांडेय, रविन्द्र नाथ राय, जनकदेव राय,ग्राम प्रधान रविशंकर राय, ओमप्रकाश शर्मा, उमाशंकर शर्मा,अवधेश यादव, राजेश राय, राजाराम यादव,हरेंद्र खरवार समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।



# सहयोग, सद्भाव और समृद्धि का पर्याय है सहकारिता: ऋषि कुमार सिंह

***मंगारी बीपैक्स के सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक संपन्न।**

**समाज जागरण**

वाराणसी।सोमवार को पिंडरा ब्लाक के मंगारी बीपैक्स की वार्षिक सामान्य बैठक समिति कार्यालय पर संपन्न हुई।

बैठक मे समिति के सभापति उमेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि मंगारी बीपैक्स कई दशको से किसानो और कृषि के विकास मे तत्पर रहा है।

**मंगारी संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि**

सहकारी समितियो के बगैर किसानो की हम कल्पना भी नही कर पाते।

सहकारी सचिव परिषद के जिलाध्यक्ष तथा बीपैक्स मंगारी के सचिव




ऋषिकुमार सिंह ने बैठक मे समिति के आय व्यय तथा लाभ हानि के आँकड़ो से सदस्यो को अवगत कराया।

ऋषि कुमार सिंह ने मंगारी समिति के व्यवसाय को बढ़ाने तथा सदस्यो की संख्या मे वृद्धि के बारे मे सदस्यो से सहयोग मांगा ताकि समिति अपने किसानो की सेवा और भी क्षमता तथा गुणवत्ता से कर सके।

बैठक मे भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष सिंह मंगारी व मंगारी संघ के डायरेक्टर प्रदीप कुमार सिंह व डायरेक्टर विजय कुमार सिंह ने सहकारिता के बारे मे अपने अमूल्य विचार रखे।

कार्यक्रम मे प्रवीण कुमार सिंह, अखिलेश सिंह , आनन्द पटेल, शोभनाथ, अनिल यादव ,पल्लू राम, डायरेक्टर ,हिरामनी, ओमप्रकाश पटेल, व प्रेमशंकर सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# बाल अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही

## ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच देहात इंडिया संस्था के तत्वावधान एसेक्स टू जस्टिस परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मरौचा, ब्लॉक तेजवापुर, जनपद बहराइच में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति (VLCPC) की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में ग्रामस्तरीय हितधारकों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं समुदाय के अन्य महत्वपूर्ण सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।




बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर बच्चों से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा, और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही, सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर समुदाय को उनके लाभ से अवगत कराया गया।

बैठक में उपस्थित देहात इंडिया के रचना मिश्रा ने बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बाल संरक्षण समिति की भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय रूप से बच्चों के हित में कार्य करने की अपील की।

यह बैठक बाल अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही, जिसमें समुदाय को जागरूक कर बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण निर्मित करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में ग्राम प्रधान श्री , बाल कल्याण पुलिस श्री संजीव चौहान , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति विश्कर्मा, यघ सवरी देवी बहुएँ, बाल संसद के बच्चे आयुष, अंशिका एवं प्रधानाध्यापक कोटेदार, ग्रामीण , तथा देहात संस्था से रचना मिश्रा, विंध्यवासिनी ने प्रतिभाग किया और बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

# कम लागत में अधिक उपज का साधन है जैविक खेती

## किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़, दी गई जैविक खेती की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर ।। नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मझवां विकास खंड के सरावा गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। अभिनव मिश्रा ने किसानों को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी।मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया। प्रदीप यादव ने किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुरेन्द्र मिश्रा, अनीता सिंह, ओमप्रकाश, लक्ष्मण सिंह, महेश सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।




# अखिल गुजरात माली समाज का बढ़ाया गौरव

**समाज जागरण गुजरात ब्युरोचीफ चंद्रकांत सी पूजारी**

गुजरात के बनासकांठा जिले की डीसा तहसील के मालगढ़ गाँव की जोधपुरीयों की ढाणी की बेटी कुं तेजल जितेन्द्र कुमार टांक गुजरात पुलिस परीक्षा में महिला कैटेगरी में स्टेट फर्स्ट हुई है ! कुं तेजल टांक के पिताजी जितेन्द्र मगनाजी टांक "कवि जिम" डबल गोल्ड मेडलिस्ट डीसा ने पिछले 30 साल से अपने घर पे एवम डीसा-गांधीनगर में कोचिंग द्वारा 5000 से ज्यादा विद्यार्थियों को इंग्लिश ग्रामर की शिक्षा दी है और उनके 1000 से अधिक विद्यार्थी सरकारी नोकरी से जुड़े है। जितेन्द्र टांक ने भी तीन बार जी पी एस सी वर्ग 1-2 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी लेकिन उनको सफलता नहि मिली थी। भजन एवम चालीसा लेखक टांक लिखित आलेखित आलेख गुजरात राजस्थान मध्यप्रदेश महाराष्ट्र उत्तराखंड के अग्रगण्य अखबार में प्रकाशित होते है। तेजल को पिताजी की संघर्ष गाथा से सतत प्रेरणा मिली थी।

# 'पहाड़ भांगा' में कोल्हान पत्रकार एकता मंच का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 08 दिसंबर 2025 : जमशेदपुर से लगभग 24 किलोमीटर दूर स्थित प्रकृति की मनमोहक वादियों में पहाड़ भांगा में रविवार को कोल्हान पत्रकार एकता मंच का मिलन सह वनभोज समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। गौरतलब हो कि हर वर्ष जहां हजारों सैलानी



पिकनिक मनाने इस खूबसूरत स्थल पर जुटते हैं, वहीं इस बार कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न जिलों , मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए।

कोल्हान पत्रकार एकता मंच के वरीय पदाधिकारी दीपक कुमार एवं सुनील पांडे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया जगत के बदलते परिदृश्यों, चुनौतियों और पत्रकार हित से जुड़े मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा क्षेत्रीय पत्रकारों को सहयोग और संरक्षण प्रदान करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में लगभग 100 पत्रकारों की उपस्थिति रही। मंच से जुड़े सदस्यों को परिचय पत्र (कऊकार्ड) पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राकृतिक की मनमोहक वातावरण के बीच संवाद और मेलजोल के इस अवसर पर सबों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया तथा आयोजन को सफल बनाया।

# इटावा की साहित्यिक धरती पर प्रदर्शनी पंडाल से डॉ राजीव राज ने पल्लवन काव्य पाठ प्रतियोगिता के द्वारा स्कूली बच्चों में काव्य की लौ जलायी

**समाज जागरण**

भगवानदास शर्मा 'प्रशांत' संवाददाता इटावा। इटावा प्रदर्शनी एवं महोत्सव 2025-26 के तत्वावधान में पल्लवन काव्य/ साहित्य संभाषण कार्यशाला का आयोजन प्रदर्शनी पंडाल में हुआ। जिसमें पल्लवन काव्य पाठ प्रतियोगिता से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ महेंद्र सिंह प्राचार्य, मुख्य अतिथि उदय राज बी.एस.ए. (कार्यवाहक) अन्य गणमान्य अतिथियो में डॉ. आनंद प्रधानाचार्य, दीपक सक्सेना प्रधानाचार्य, डॉ. धर्मेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य, प्रज्ञा वर्मा प्रधानाचार्य, कवि प्रेम बाबू 'प्रेमजी', गायत्री प्रजापति डाइट मेंटर, डॉ.कुश चतुर्वेदी, पवन यादव प्रबंधक, ज्ञानेंद्र सिंह बेसिक शिक्षा विभाग, गोविंद माधव शुक्ला एडवोकेट आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। पल्लवन काव्य पाठ प्रतियोगिता में दूरदराज से स्कूली बच्चों ने प्रस्तुतियां दी। बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों के कनिष्ठ मध्यम और वरिष्ठ वर्ग से लगभग 500 से ज्यादा से ज्यादा वीडियो आए जिनमें तीनों वर्गों से 30 बच्चों को कनिष्ठ मध्यम और वरिष्ठ वर्ग के अंतिम चरण हेतु चुना गया। अंतिम चरण की प्रतियोगिता में मंचीय प्रस्तुति के आधार पर कनिष्ठ वर्ग में हिमांशी कक्षा 5 प्राथमिक विद्यालय हथनौली भरथना ने प्रथम स्थान, रिया कक्षा 5 प्राथमिक विद्यालय बदरवा सैफई ने द्वितीय स्थान तथा स्वाति कक्षा 4 प्राथमिक विद्यालय मेडीदुधी भरथना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



मध्यम वर्ग में मानसी कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय नगला छत्ते जसवंत नगर ने प्रथम, अनन्या शर्मा कक्षा 6 पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय इटावा ने द्वितीय तथा अनुष्का कक्षा 7 संत विवेकानंद सी. से.पब्लिक स्कूल इटावा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में आयुषी कक्षा 10 संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटावा ने प्रथम, वैष्णवी गुप्ता कक्षा 10 राजकीय बा. इं. कॉलेज सैफई इटावा ने द्वितीय, अदिति तिवारी कक्षा 9 अर्चना मेमो. इं. कॉलेज इटावा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक का दायित्व राजदा खातून, डॉ. बालमुकुंद दिवाकर एवं कवि रवि पाल खामोश ने निभाया। संचालन रौनक इटावी और डॉ. राजीव राज ने किया। अंत में पहल और उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के इटावा इकाई के अध्यक्ष डॉ राजीव राज का कार्यकारिणी ने जन्मदिन मनाया और मिठाई बांटी। इस अवसर पर भगवान दास शर्मा "प्रशांत", वैभव यादव, सौरव सक्सेना, अमित कुमार, रोहित तिवारी, पंकज यादव, राबिया बेगम, सौरभ सकें, अमित कुमार हरिओम सिंह विमल, राधा राज आदि ने अहम भूमिका निभाई। सभी उपस्थित सभी सहयोगी शिक्षको, अभिभावकों और कार्यकारिणी सदस्यों को डॉ राजीव राज ने आभार व्यक्त किया।

# तालाब की जमीन पर कब्जे के विरोध में तहसील पहुंचे ग्रामीण

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर के हसऊपुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का गाटा संख्या 302 और 1024 पर स्थित तालाब वर्षों से पानी भरने के कारण पूरे इलाके के लिए महत्वपूर्ण जलभराव स्थल रहा है।लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक एक व्यक्ति द्वारा तालाब की जमीन के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है और पुराई कराई जा रही हैपुराने कागजों पर अमादस दिखाकर अपनी ओर से गलत तरीके से भूमि पर अधिकार जताया जा रहा




है।ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व कर्मियों ने तालाब की नापजोख भी गलत तरीके से की, जिसके चलते उनके पक्ष को दबा दिया गया। शिकायतकताओं का कहना है कि तालाब की जमीन पर कब्जा होने से पूरे गांव में जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ग्रामवासियों ने एसडीएम से निष्पक्ष टीम बनाकर दोबारा मौके पर नाप कराने और अवैध कब्जे को हटाने की मांग की है।

# अचानक लगी आग से गरीब परिवार का घर खाक – गृहस्थी का समूचा सामान जलकर नष्ट

गरीब किसान के सपने जलकर हुए खाक

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर विजयीपुर विकासखंड के पहाड़पुर ग्राम पंचायत पहाड़पुर में सोमवार को एक हृदयविदारक घटना हुई, जहां एक गरीब परिवार के घर में अचानक लगी आग ने पूरे परिवार की गृहस्थी को राख में बदल दिया। जानकारी के अनुसार, धनराज चमार अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद नहीं थे। घर में केवल छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरा घर आग की लपटों में घिर गया। ग्रामीणों के जुटने और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक गरीब परिवार की वर्षों की जमा पूंजी और गृहस्थी का लगभग सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। आग में घर के गृहस्थी सहित छोटे भाई की शादी का सारा सामान भी नष्ट पीड़ित परिवार ने बताया कि आग में निम्न सामान पूरी तरह नष्ट हो




गया– बेड, गेहूं, चावल, धानकपड़े, सिलाईमशीन, बक्श, बर्तन, अलमारी ,एक साइकिल,हाल ही में हुई छोटे भाई की शादी का पूरा सामान अचानक लगी आग ने परिवार को आर्थिक रूप से बुरी तरह तोड़ दिया है। कोटेदार राजीव त्रिवेदी आए मदद को आगे घटना की जानकारी मिलते ही गांव पहाड़पुर के कोटेदार राजीव त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाते हुए– एक बोरी गेहूं,एक बोरी चावल,तथा टीन सेट लगवाने का आश्वासन
प्रदान किया है।

**प्रशासन की ओर से मदद का भरोसा**

मामले की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर घटना का स्थलीय निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार की स्थिति का अवलोकन कर उच्च प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है। लेखपाल ने परिवार को जल्द सरकारी राहत दिलाने का आश्वासन दिया है। गांव के लोगों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन नुकसान इतना बड़ा है कि परिवार बेघर और बेसहारा हो गया है।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान की बिंदु बार की चर्चा !

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। योग केन्द्र/योग समूह तहसील परिसर टूण्डला में योग समूह द्वारा महेंद्र सिंह की अध्यक्षता व किशन लाल शर्मा के संचालन में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण/ SIR संबंधित बैठक का आयोजन योग समूह के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता पुनः नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक की विधिवत शुरूआत शुरूआत सर्वप्रथम नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का माला पटका पहनाकर स्वागत कर किया गया। योग समूह के सदस्यों द्वारा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात उदय प्रताप सिंह ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए 4 नवंबर से चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के सभी विषयों की बिन्दुबार चर्चा करते हुए



कहा कि सभी को अपने बूथ के बी एल ओ से संपर्क कर यदि अभी भी किसी ने अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा किया है तो अपने बूथ के बी एल ओ से संपर्क कर फॉर्म भरवाना है। एक भी वोटर छूटना नहीं चाहिए। बैठक में सोपाल सिंह शर्मा, चरण सिंह चौहान, उमानंद शर्मा, अरुण भान सिंह, मोहन शर्मा, रमाकांत शर्मा, राघवेंद्र सिंह, सीताराम गौतम, सुरेश चंद्र फौजी, रामू चौधरी, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार शर्मा, ओम गौतम, उदयवीर सिंह बघेल, जोगिंदर सिंह चौधरी, उदयवीर सिंह, शिवनंदन शर्मा, व कई अन्य प्रमुख व गणमान्यजनों की उपस्थित रही।

# IMA फिरोजाबाद अधिष्ठापन समारोह में चमका चिकित्सकों का सम्मान, प्रेसीडेंशियल अवार्ड से नवाजी गई टीम !

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। IMA फिरोजाबाद का अधिष्ठापन दिवस बीती शाम स्थानीय फिरोजाबाद क्लब में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें विधायक सदर मनीष असीजा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। यूपी IMA के अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि डॉ. शरद अग्रवाल ने नई टीम को शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. हरेन्द्र गुप्ता, डॉ. एस.के. राजू, डॉ. एस.पी.एस चौहान, डॉ. आनन्द प्रकाश समेत मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद के प्रिंसिपल डॉ. योगेश गोयल, CMO फिरोजाबाद डॉ. राम बदन राम, जिला अस्पताल CMS डॉ. नवीन जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। IMA अध्यक्ष डॉ. पूनम अग्रवाल ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सचिव डॉ. रचना जैन ने 2023-25 के कार्यकाल की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ते




हुए IMA फिरोजाबाद की सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राहुल जैन और डॉ. दीपक अग्रवाल ने पूर्व IMA अध्यक्षों डॉ. एसपीएस चौहान, डॉ. राधा मोहन गुप्ता, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम भाटिया, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. मनोज जिंदल, डॉ. रामकुमार गुप्ता, डॉ. विनोद अग्रवाल एवं डॉ. दिलीप सिंह को सम्मानित किया। सभी कार्यशील चिकित्सकों को प्रेसीडेंशियल अवार्ड प्रदान किया गया, जिससे सभागार तालियों से गूंज उठा। समारोह में डॉ. विनोद अग्रवाल, डॉ. जलज गुप्ता, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. किशोर अग्रवाल, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. एसपीएस चौहान, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. राकेश अग्रवाल और डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ गरिमा अग्रवाल, डॉ प्रेरणा जैन, डॉ विनोद अग्रवाल, डॉ गरिमा शर्मा, डॉ अपूर्व चतुर्वेदी, डॉ सुशील गुप्ता, डॉ किशोर अरोरा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# किसान पर गिर एचटी लाइन दर्दनाक मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर रविवार की देर शाम खेत की रखवाली कर घर वापस लौट रहे 50 वर्षीय अधेड़ पर अचानक 11 हजार हाई टेंशन विद्युत तार टूट कर गिर पड़ा। जिससे किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार करनपुर गांव निवासी गुंजल लोधी का पुत्र उदयभान रविवार की देर शाम लगभग 7:30 बजे खेत की रखवाली कर पैदल घर आ रहा था। जैसे ही वह खेत के किनारे पहुंचा तभी अचानक एचटी लाइन का तार टूट कर उसके ऊपर जा गिरा। जिससे अधेड़ की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना की बाबत जानकारी पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का भाई सूरजभान ने दी है।

# बाइकों की भिडन्त से युवक की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया पेट्रोल पम्प के समीप रविवार की देर शाम बाइकों की हुयी भिडन्त में 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बहेन्ना का पुरवा मजरे कसरांव निवासी मो0 यूसुफ का पुत्र मो0 याकूब रविवार की शाम छिवलाहा से बाइक द्वारा घर वापस जा रहा था। जब वह पलिया पेट्रोल पम्प के समीप पहुंचा इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे मो0 याकूब की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का बड़ा भाई आसिफ ने दी है।

# कैट द्वारा आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा कल शहडोल नगर में।

**समाज जागरण गौरव द्विवेदी**

DECADES OF GLORIOUS SERVICE TO NATION & TRADE
CAIT
BE PROUD TO BE A TRADER
गर्व से कहो हम व्यापारी है
Vibrant Trade - Destination India

शहडोल अखिल भारतीय व्यापारी परिषद (कैट)एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा जिसका शुभारंभ नागपुर (महाराष्ट्र) से हुआ है जो अमरकंटक, पुष्पराजगढ़, कोतमा ,जैतहरी अनूपपुर होते हुए कल दिनांक 9.12.2025 दिन मंगलवार समय सुबह 11:30 बजे स्थान स्वर्गीय लल्लू सिंह चौक से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए जय स्तंभ चौक में समाप्त होगी। *शहडोल नगर के समस्त व्यापारी बंधुओ ,प्रबुद्ध नागरिक बंधुओ, समस्त सामाजिक संगठनो से निवेदन किया जाता है अधिक से अधिक संख्या में स्वर्गीय लल्लू सिंह चौक से जयस्तम चौक तक जाएगी अतः सभी से अनुरोध है सभी पहुँच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। *स्वदेशी उत्पाद स्वदेशी उद्योग और स्वदेशी सोच"स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ" कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष व शहडोल संभाग प्रभारी मनोज गुप्ता संभागीय अध्यक्ष प्रेम जगवानी प्रदेशमंत्री पदम खेमका,प्रकाश जगवानी जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता (बंटी) महामंत्री बिपिन गुप्ता व संभागी मीडिया प्रभारी कमलजीत सलूजा ने सभी से अपील की है। कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया रथयात्रा शहडोल से उमरिया जिले के लिए प्रस्थान करेगी रथयात्रा पूरे देश में भ्रमण कर रही है।

# पंचवटी तिराहा-पकरिया तिराहा मार्ग पर सड़क निर्माण में खुली लूट

चोरी की रेत, घटिया सामग्री और नेतागिरी की आड़ में ठेकेदार का तांडव 3करोड़ 80 लाख की सड़क में विभाग और ठेकेदार की लीपापोती




**समाज जागरण शहडोल।।**

पंचवटी तिराहे से लेकर पकरिया तिराहा मोड़ तक बन रही सड़क एक बार फिर भ्रष्टाचार की जीती-जागती मिसाल बनती दिख रही है। नगरवासियों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में खुलेआम चोरी की रेत और मानकविहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। सड़क की बिछाई जा रही लेयर देखते ही साफ पता चलता है कि मापदंडों की न तो चिंता है और न गुणवत्ता की कोई गारंटी। मौके पर लोगों ने बताया कि ठेकेदार की दबंगई इस कदर हावी है कि कोई भी व्यक्ति निर्माण पर सवाल उठाता है, तो उसे अपने के नाम का धौंस दिखया जाता है जबकि सड़क निर्माण में पूरी तरह सरकारी धन का अपवहन हो रहा है। तकनीकी मानकों की बात करें तो शोल्डर से लेकर थिकनेस में पूरा खेल चल रहा है। शोल्डर में मुरुम और जीएसबी कि जगह काली मिट्टी बिछाई जा रही है।जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**पीबडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों का खुला संरक्षण**

लोगों ने जिला प्रशासन, PWD और गुणवत्ता नियंत्रण समिति से तत्काल जांच की मांग की है, ताकि पता चल सके कि चोरी की रेत किसके संरक्षण में लाई जा रही है और ठेकेदार को इतनी खुली छूट किसने दी है।
कहा जा रहा है कि मौजूदा निर्माण कार्य स्थानीय नेताओं और ठेकेदारों की मिलीभगत का नतीजा है, जहां गुणवत्ता को ताक पर रखकर सिर्फ जेबें भरी जा रही हैं।

**जनपद सदस्य और नेतागिरी की धौंस**

इस रोड सम्बन्धी कार्य मे जब गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए ठेकेदार से बात की गई तो ठेकेदार ने कहा कि आप विभाग से बात कीजिए जो चल रहा है सब सही है आप इंजीनियर से बात कीजिए मैं क्या बताऊँ आपको बता दें ठेकेदार रीवा सिरमौर से जनपद सदस्य हैं जो अपने अनैतिक व गुणवत्ताहीन कार्यो को खुला व मनमानी कार्य करने के लिए स्थानीय नेताओं को भी अपने नेतागिरी का धौंस दिखाते हैं।

**इनका कहना है..**

(मैं देखता हूँ काली मिट्टी डालने का प्रावधन नही है कल जाँच करवाता हूँ,प्रकाश त्रिपाठी) (हलाकि ऐसा प्रावधान तो नही है पर मुरुम और जीएसबी कि जगह काली मिट्टी डाल रहे हैं तो गलत है मैं अभी ठेकेदार को कांफ्रेस में लेता हूँ, अभिषेक अहिरवार एसडीओ पीडब्ल्यूडी)

# संदिग्ध अवस्था में पांच माह की बच्ची की मौत

मृतका के बाबा ने बहू पर लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण**

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका 26 कालोनी में संदिग्ध परिस्थितियों 5 माह की मासूम बच्ची की मौत हो गयी। वहीं मृतका के बाबा ने बहू पर लगाया हत्या का अरोप है। जानकारी के अनुसार मलाका 26 कालोनी निवासी चांद सिंह वर्तमान समय में गैर जनपद के नौकरी कर रहा है। बताते है कि उसका पिता मलखान घर पर रहता है। रविवार की शाम संदिग्ध अवस्था में मासूम बच्ची की मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतका का बाबा मलखान ने अपनी बहू पर हत्या का आरोप लगाते हुये बताया कि पुत्र गैर जनपद में नौकरी करता है। वहीं उसकी बहू का दूसरे युवक अवैध सम्बन्ध है। कुछ दिन पूर्व वह अपने प्रेमी के पास चली गयी थी और दो दिन बाद वापस लौट कर आयी और बीती शाम अपने ही मासूम बच्ची की हत्या कर चली गयी। उधर पुलिस का कहना है कि मासूम की मौत का कारण पोस्ट मार्टम के बाद ही पता चलेगा।

# युवक को सर्प ने डसा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम अमिलिहापाल में सोमवार की दोपहर खेत में काम कर रहे 18 वर्षीय युवक को सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार अमिलिहापाल गांव निवासी खबोला पुत्र राजन सोमवार की दोपहर खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# गोवा अग्निकांड : अंतिम संस्कार के लिए कानपुर को युवक के शव का इंतजार : परिजन रवाना

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। गोवा के नाइट क्लब में बीते शनिवार देर रात सिलेंडर विस्फोट और आग लगने से मरने वाले 25 लोगों में कानपुर के कल्याणपुर का युवक भी शामिल है। उसका अंतिम संस्कार कानपुर में ही होगा। इसीलिए उसके परिजन उसकी लाश को लाने के लिए गोवा चले गए हैं। उसकी मौत की जानकारी मिलने के बाद घर में कोहराम भी मचा है। जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया कि जिस नाइट क्लब में हादसा हुआ है, वहां पर युवक नौकरी करता था। घटना की जानकारी के बाद घर पहुंची पुलिस कोबताया गया कि मूलरूप से नेपाल निवासी सुनीता सिंह का बेटा रोहन सिंह (28) कानपुर के कल्याणपुर बारासिरोही गोपालपुरम में रहने वाले मामा कुंवर सिंह और लाल सिंह के यहां पर रहता था। जहां से वह नौकरी करने



के लिए गोवा गया हुआ था।
अवगत कराते चलें कि बीते शनिवार देर रात नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें कानपुर का रहने वाला रोहन सिंह भी शामिल है। इस भीषणअग्निकांड में मरने वाले में 20 क्लब के ही कर्मचारी थे। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।
गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इस बारे में अब तक जो जानकारी दी है उसके मुताबिक शुरूआती जांच मैं पाया गया है कि यह आग पटाखे फोड़ने से लगी। कुछ लोग बाहर आ गए, लेकिन कुछ नहीं आ सके, जिससे उनकी जान चली गई। इन्हीं करने वाले लोगों में रोहन सिंह भी शामिल था उसके पिता
लाल सिंह ने बताया कि घटना के बाद गोवा के अफसरों ने हमसे संपर्क किया था। इसके बाद हादसे में रोहन के मौत की जानकारी दी। मुंबई में रहने वाले परिवार के लोग गोवा के लिए रवाना हो गए हैं। अब शव को कानपुर लाया जाएगा ,जिसके बाद यहीं रोहन का अंतिम संस्कार होगा। इस घटना से उसके परिवार में लगातार कोहराम भी मचा हुआ है। बड़ी संख्या में लोग भी घटना की जानकारी और सांत्वना देने के लिए उसके घर पहुंच रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसके शव का इंतजार किया जा रहा है।

# डी.आर.एम.संजय कुमार ने रेल मंडल के 29 सेवानिवृत्त कर्मियों को 15.17 करोड़ रुपए समापन देय का किया भुगतान

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

फिरोजपुर,8 दिसंबर :उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा सोमवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में आज सेवानिवृत 29 रेलकर्मियों को लगभग 15.17 करोड़ रूपए समापन देय का भुगतान मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के द्वारा किया गया। इन कर्मचारियों की सेवानिवृति 30 नवम्बर 2025 को हो गई थी। सेवानिवृत के पश्चात 6 तरह का भुगतान किया जाता है जिसमें पीपीओ, ग्रेचुएटी, कम्मुटेशन, लीव इन कैशमेंट, जीआईएस तथा पीएफ शामिल है।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा की गई रेल सेवा हेतू आभार व्यक्त किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आपका जीवन स्वस्थ, सुखद और समृद्ध हो। उन्होंने सभी सेवानिवृत रेलकर्मियों से कहा कि अपनी पेमेंट का उपयोग सोच-समझ कर करें तथा अपने रूचि के अनुरूप स्वंय को व्यस्त रखे ताकि सेहतमंद बने रहे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री नितिन गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रंजना सहगल, वरि० मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती साक्षी सिंह, वरि० मंडल वित्त प्रबंधक श्री राहुल देव, वरि० मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी, मंडल कार्मिक अधिकारी श्री बिजेन्द्र कुमार एवं अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल में आयोजित प्रोग्राम का दृश्य।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दम्पत्ति समेत तीन घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान दम्पत्ति समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां दम्पत्ति की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उन्हे शहर के ही किसी नर्सिग होम में इलाज के लिए ले गये। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना पैलानी गांव शब्दा निवासी स्व0 राजाराम का 55 वर्षीय पुत्र रामनरायन अपनी 50 वर्षीय पत्नी मिथला देवी के साथ बाइक से फतेहपुर जनपद रिश्तेदारी में आ रहा था। जब यह लोग ललौली थाना क्षेत्र के कोर्रा कनक के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार चार पहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दम्पत्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी राधे लाल की 65 वर्षीय पत्नी विद्यवती रिश्तेदारी में बिन्दकी गयी थी। बताते है कि आज दोपहर लौटते समय राधानगर ई-रिक्शा में बैठकर गांव जा रही थी। जब वह राधानगर थाने घघौली के पास पहुंची तभी अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। जिससे वृद्धा घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दम्पत्ति की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परन्तु परिजन कानपुर न ले जाकर शहर कि किसी नर्सिग होम में इलाज करा रहे है।

# केस हारने के डर से किसान की हुई थी हत्या......

हत्यारो ने हत्या कर जनपद उन्नाव में जलाकर फेका था शव

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, निगोहां पुलिस ने करोड़ों की जमीन हड़पने की साजिश के तहत हत्या कर शव जलाने वाले प्रॉपर्टी डीलर और उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर सनसनीखेज खुलासा किया है। जमीन विवाद में 42 वर्षीय किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर की गला कसकर हत्या कर दी गई थी और सबूत मिटाने के इरादे से शव को उन्नाव के बीघापुर क्षेत्र में ले जाकर जला दिया गया था। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में शामिल दो कारें भी बरामद की हैं, जबकि एक आरोपी फरार है।
किसान लापता होने की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद खुला पूरा मामला...... बीते 19 नवंबर को सुरेंद्र कुमार ने निगोहां थाने में सूचना दी कि उनका मित्र शिव प्रकाश बीते 16 नवंबर से लापता है। निगोहां पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू की। इसी दौरान उन्नाव के बीघापुर थाना क्षेत्र में एक अधजला अज्ञात शव मिलने की जानकारी मिली। शव की फोटो देखने के बाद परिवार ने उसकी पहचान शिव प्रकाश के रूप में की थी। वही एडीसीपी साउथ रल्ल ापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि शव की पहचान के बाद पुलिस टीम ने जांच तेज की और जमीन विवाद की कड़ियां जैसे-जैसे खुलती गईं, पूरा षड्यंत्र सामने आया। ज्ञात हो कि निगोहां थाना क्षेत्र के दखिना शेखपुर निवासी शिव प्रकाश की मां स्व. सत्यवती के नाम रायबरेलीझ लखनऊ हाइवे किनारे करीब 44 बिस्वा जमीन थी। इसी जमीन पर छोटे और बड़े भाई के बीच वर्षों से




विवाद चल रहा था।बड़े भाई शिव सहाय गौतम ने 2019 में मां की पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर जमीन को प्रॉपर्टी डीलर सुजीत कुमार श्रीवास्तव व आशीष यादव के जरिए सतगुरु के नाम रजिस्ट्री कर दी।बाद में सुजीत और आशीष ने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के सहारे यह जमीन यथार्थ प्रॉपर्टी के श्रवण कुमार को बेच दी।उधर, छोटे भाई शिव प्रकाश ने पहले ही मां से वसीयत करा ली थी और रजिस्ट्री की जानकारी होने पर अदालत में मुकदमा दायर कर दिया था।मुकदमे की वजह से सुजीत कुमार को करोड़ों की जमीन हाथ से जाने का डर सताने लगा। इसी भय में उसने पांच साथियों को डेढ़ लाख रुपये देने का लालच देकर शिव प्रकाश की हत्या का निर्णय कर लिया। जांच में सामने आया कि बीते 15 नवंबर को सुजीत ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर किसान शिव प्रकाश को मिलने के बहाने बुलाया।दो कारों में सवार होकर आरोपियों ने पहले उसे अगवा किया और सुनसान स्थान पर ले जाकर गला कसकर हत्या कर दी।इसके बाद उन्नाव के बीघापुर क्षेत्र में शव ले जाकर पेट्रोल डालकर जला दिया, जिससे पहचान न हो सके।

**निगोहां पुलिस की दबिश में हत्या का पदार्फाश......**

अधजला शव मिलने और पहचान की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने पूरे नेटवर्क को खंगालना शुरू किया। तकनीकी साक्ष्य, कॉल डिटेल और सर्विलांस के आधार पर सुजीत कुमार श्रीवास्तव सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो कारें भी बरामद हुई हैं।एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।डीसीपी निपुण अग्रवाल, एडीसीपी रल्लापल्ली वसंथ कुमार के निर्देशन तथा एसीपी विकास पांडे के पर्यवेक्षण में निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी व उनकी टीम ने यह सनसनीखेज हत्या कांड सुलझाया।निगोहां पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल एक जघन्य हत्या का खुलासा हुआ बल्कि जमीन कब्जाने की बड़ी साजिश भी बेनकाब हो गई।

# खनन अधिकारी को ट्रैक्टर से टक्कर मारने का प्रयास करने के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस ने खनन अधिकारी को टक्कर मारने का प्रयास करने के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से असलाह बरामद किया है। थानाध्यक्ष रमित कुमार आर्य थाना लाइनपार ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक अभियुक्त को रेलवे रुपसपुर पुल के नीचे रेलवे फाटक की ओर जाने वाले रास्ते से तथा दूसरे को वाजिदपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है । पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों नाम अजय कुमार पुत्र रामवीर तथा लेखपाल पुत्र शंकरलाल बताए है। दोनों बाजिदपुर कुतुकपुर ठार कठेघर थाना लाइनपार के रहने वाले है। पुलिस ने अभियुक्त अजय के पास से एक तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया दोनों ने अवैध खनन चैकिंग के दौरान ट्रैक्टर को रोकने पर ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए खनन अधिकारी को टक्कर मारने का प्रयास किया था। मामले में पुलिस ने धारा 132,121(2),112, 281 बीएनएस व 4/21 खान व खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था।



# स्थगन आदेश का नहीं कर रहा है परिपालन

**समाज जागरण**



अनूपपुर ।अनूपपुर जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत कैलोरी के खसरा क्रमांक 1595 बात एक रखवा 4.268 हेक्टर भूमि पर अनावेदक गुल मोहम्मद उर्फ गुल्लू द्वारा अवैध निर्माण कर बाउंड्री वॉल एवं मकान का निर्माण कराया जा रहा है जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता संजय सिंह बघेल पिता राघवेंद्र सिंह बघेल निवासी चढ़ाई द्वारा तहसीलदार महोदय अनूपपुर के न्यायालय में की गई थी तहसीलदार महोदय द्वारा पटवारी प्रतिवेदन मांगने पर उक्त अवैध निर्माण सही पाया गया जिस पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार महोदय ने उक्त भूमि पर कराए जा रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत अनावेदक गुल मोहम्मद उर्फ गुल्लू के खिलाफ अवैध निर्माण को रोकने के लिए स्थगन आदेश 4 दिसंबर 2025 को जारी किया गया। लेकिन अनावेदक द्वारा बेखौफ होकर स्थगन आदेश जारी होने के बावजूद भी बेखौफ एवं निडर होकर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में जब च्चाई थाना प्रभारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि काम रुकवा दिया गया है । इससे पूर्व भी इस खसरा नंबर की जमीन पर कई व्यक्तियों द्वारा अवैध निर्माण कार्य किए गए हैं लेकिन प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है जिससे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और यदि प्रशासन का यही हाल रहा तो ग्राम पंचायत केलाहौरी की शासकीय भूमि कुछ दिनों बाद अवैध निर्माण से भर जाएगी।

सूत्र बताते हैं कि अतिक्रमणकारि गुल मोहम्मद को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है और उसका बड़ा भाई भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला का पदाधिकारी भी रह चुका है।

# उमरिया एवं कटनी जिला की कार्यकारिणी अटकी

**समाज जागरण**

कटनी/ मध्यप्रदेश की राजनीति में जब बाकी जिलों की भाजपा इकाइयाँ 2025 की रणनीति तय कर रही हैं, उसी समय कटनी और उमरिया की इकाइयाँ कार्यकारिणी गठन जैसे बुनियादी कदम पर ही अटकी हुई हैं। दोनों जिलों की यह असामान्य सुस्ती अब स्थानीय कार्यकताओं के बीच सवाल पैदा कर रही है—क्या पार्टी संगठन चलाने की इच्छाशक्ति खत्म हो गई है, या फिर स्थानीय नेता अपनी ही खींचतान में उलझकर पार्टी को ठप्प कर चुके हैं? गुटबाजी का दलदलः हम नहीं तो कोई नहीं की राजनीति चरम पर पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि कटनी और उमरिया में कार्यकारिणी न बन पाने के पीछे सबसे बड़ा कारण नेतृत्व की दौड़ है। हर गुट चाहता है कि उसके समर्थकों को स्थान मिले, और इसी आपसी टकराव में संगठन का भविष्य महीनों से बक्से में बंद है।

**पार्टी में चर्चा यह भी है कि–**

यहां नेता संगठन बनाने से ज्यादा, यह देखने में लगे हैं कि किसे हटाया जाए, किसे रोका जाए और किसे चमकने न दिया जाए।

**जमीनी कार्यकर्ता हताश–हमारा मनोबल कौन बढ़ाए?**

कटनी और उमरिया के कई बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ता खुले तौर पर कहते हैं जो पार्टी गाँव-गाँव बूथ को मजबूत करने की बात करती है, वहीं आज कार्यकताओं के पास दिशा देने वाली कोई टीम ही मौजूद नहीं है ।कई कार्यकताओं का कहना है कि चुनावी वर्ष से पहले संगठन का यह ढीलापन विपक्ष के लिए अनजाने में तैयार की हुई जमीन सा बनता जा रहा है।

**स्थानीय नेता व्यस्त किसमें?**

सबसे चुभने वाली बात यह है कि जिन नेताओं पर संगठन को आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी है, वही मीटिंग-टूर-फोटोशूट-और सोशल मीडिया बयानबाजी में इतने उलझे हैं कि कार्यकारिणी गठन का मुद्दा महीनों से टलता जा रहा है। पार्टी की जमीनी इकाइयों में यह सवाल तेजी से उठ रहा है अगर नेता अपने जिले में संगठन नहीं खड़ा कर पा रहे, तो बड़े मंचों पर विकास और रणनीति की बातें करने का क्या मतलब?

**भाजपा का मजबूत गढ़**

कटनी और उमरिया भाजपा के पारंपरिक मतदान क्षेत्र रहे हैं। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यही ढिलाई आगे चलकर पार्टी के लिए चुनौती बन सकती है।

यदि संगठन मजबूत न हो, तो भाजपा का सेट इलाका भी धीरे-धीरे हाथ से निकल सकता है। दोनों जिलों के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने साफ कहा है कि पार्टी नेताओं को यह समझना चाहिए कि संगठन किसी की निजी जागीर नहीं है। अगर कार्यकारिणी बनाना भारी हो रहा है, तो रास्ता साफ कर देना चाहिए ताकि कोई सक्षम नेतृत्व आगे आए। स्थानीय राजनीतिक हलकों में यह बात तेजी से घूम रही है कि कटनी और उमरिया में कार्यकारिणी न बनना सिर्फ देरी नहीं यह नेतृत्व की विफलता का सार्वजनिक दस्तावेज है।

# अवैध गिट्टी मय ट्रेक्टर ट्रॉली सहित जप्त।

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु रोक लगाने के निर्देश दिए है, जिसके परिपालन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुवेर्दी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा कुल 3 नग वाहनों को जब्त किया गया है, जिसमें तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम रक्शा एवं मानपुर से वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 18 जेडी 0833 मय गिट्टी जिसके वाहन मालिक गौरव कुमार दुबे निवासी वार्ड नं. 24 सोहागपुर जिला शहडोल (म.प्र.) एवं ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 54 ए 8951 मय खनिज गिट्टी जिसके वाहन मालिक विनय कुमार केवट निवासी ग्राम कठार तहसील मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.) एवं 7 दिसंबर को तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम बडछड से वाहन ट्रेक्टर मय खनिज गिट्टी जिसके वाहन चालक सचिन पिता राजा सिंह निवासी हरतला थाना बरही जिला कटनी (म.प्र.) तथा 8 दिसंबर को तहसील बांधवगढ अंतर्गत ग्राम भरौला से वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 8066 ट्राली नंबर निल जिसके वाहन मालिक अंकित रैदास पिता लक्ष्मण रोहणी रैदास निवासी भरौला तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया (म.प्र.) को मय खनिज रेत के अवैध परिवहन में जप्त किया गया। समस्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# टीआई के संरक्षण में चल रहा रेत का अवैध कारोबार..?

रात भर जरवाही-बटली घाट में उत्खनन

5500 और 3500 रु के नजराने में चल रहा खेल जिम्मेदार सो रहे घोड़ा बेंचकर

**समाज जागरण**



शहडोल जिले में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन हब बन चुका है और विभाग के जिम्मेदार अब तक कार्यवाई के नतीजे तक नही पहुँचे। इसी शहडोल जिले में दो-दो शासकीय कर्मचारी रेत की बलि चढ़ गए हैं पर सिलिसिला रुका नही। जरवाही के बटली घाट में एक मोटी रकम के दम पर इस पूरे अवैध उतखनन को मंजूरी दी गई है।

बदल गए एसडीओपी और टीआई पर नही बदला अवैध उत्खनन और पप्पू का हिसाब... पिछले दो से तीन वर्षो से जरवाही-बटली घाट में रेत का अवैध उत्खनन एक सुविधा शुल्क नाम से चलता रहा है किंतु इस अवैध उत्खनन न पुलिस न अन्य विभाग के अफसरों की नजर नही पड़ी रेत के इस अवैध कारोबार में मानो पुलिस व्यवस्था का एक गुंडाराज चल रहा है जहाँ अन्य विभाग इस अवैध उत्खनन को पर्दे में रखकर करते हैं तो स्थानीय थाना और पुलिस के बड़े अफसर इसे सीधे एक मानक रेट और पैमाने में खुली स्वीकृति देकर रखे हैं।बड़े आश्चर्य की बात है कि नवागत एसडीओपी और प्रभारी के आने के बाद भी इस अवैध उत्खनन ने अपनी रफ्तार नही छोड़ा और सब कुछ यूं ही चलता रहा। सूत्र बताते हैं कि अनुभाग से लेकर प्रभारी तक कि हिसाब डायरी पप्पू नामक प्राइवेट ड्रायवर के पास है पप्पू ही सब कुछ सेट करता है और किसे पास करना है या फेल पूरी मार्कशीट का अंक पप्पू ही देता है।

पवन ,किस्सू, अभिषेक, पप्पू,प्रकाश, मुन्ना,कर रहे सोन का चीरहरण

आपको बता दें छाँटा, चंगेरा, पाड़खेर,मरजाद ,जरवाही बटली घाट इन दिनों अवैध रेत उत्खनन का हॉटस्पॉट बन चुका है।

जबकि जरवाही के बटली में पवन,किस्सू, अभिषेक, प्रकाश, मुन्ना, पप्पू, इस पूरे घाट के कर्ताधर्ता हैं। रात होते ही इनके द्वारा इस अवैध काम को हवा दिया जाता है। हालात इतने भयावह हैं नदी में बने पुल और पानी के स्थिर पानी मे घुसकर इस काम न सिर्फ अंजाम दिया जा रहा है बल्कि नदी के स्वरूप को भी बदलने की हिमाकत की जा रही है। लेकिन जिम्मेदार विभागों की नींद अब तक नहीं खुली। रात होते ही घाट पर भारी वाहनों की लाइन लग जाती है और सुबह होते-होते रेत के टीलों की जगह गहरी खाइयाँ दिखने लगती हैं। रेत के इस अवैध कारोबार के कारोबारी किस्सू के ऊपर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज हैं जिसे स्थानीय पुलिस द्वारा सरंक्षण प्राप्त है।

# धान खरीदी केंद्र में आ रही परेशानियों को लेकर कांग्रेस एवं किसानों ने किया चक्का जाम

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला। जीपीएम जिले में धान खरीदी केंद्र में लगातार सामने आ रही किसानो की परेशानियों को लेकर सोमवार को बसंतपुर -भाड़ी बायपास मार्ग पर किसानों और कांग्रेसियों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। नवागांव धान खरीदी केंद्र के सामने जुटे किसानों ने सड़क पर बैठकर नारेबाजी की जिसके चलते मार्ग पर दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात लगभग एक घंटे तक ठप रहा।किसानों का आरोप है कि धान खरीदी के टोकन जारी करने की प्रक्रिया में गड़बड़ी हो रही है, जिससे उन्हें लंबे समय तक लाइन में लगकर भी टोकन नहीं मिल पा रहा। ऑनलाइन में सर्वर की समस्या के चलते उनके ट्रैक्टर को एंट्री में भी बार-बार हो रही तकनीकी समस्याओं के कारण किसान अपना धान समय पर नहीं बेच पा रहे हैं। इससे परेशान किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला।चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का भरोसा देते हुए जाम समाप्त कराने का प्रयास किया। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर भारी संख्या में वाहन फंसे रहे और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने बताया कि खरीदी व्यवस्था को सुचारू करने के लिए तकनीकी टीम को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और किसानों की समस्याओं का त्वरित हल निकाला और सर्वर की समस्या होने पर पंचनामा कर ट्रेक्टर को एंट्री देते हुए किसानों की धान की खरीदी की जाएगी।।वही किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कटनी: पटरी पर मिली युवक की लाश पर न्याय की मांग, परिजनों ने किया 3 घंटे चक्का जाम

## निष्पक्ष जांच और बड़वारा थाना प्रभारी के निलंबन की मांग को लेकर कटनी-शहडोल मुख्य मार्ग रहा बाधित।

**समाज जागरण**

कटनीः कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने सोमवार को बड़ा मोड़ ले लिया। मृतक के परिजनों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर कटनी-शहडोल मार्ग के बड़वारा नगर में करीब तीन घंटे तक चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी बड़वारा थाना प्रभारी को निलंबित करने और मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपियों के खिलाफ तत्काल निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिली थी लाश

दरसअल बड़वारा थाना क्षेत्र के खरहटा निवासी शानि बर्मन पिता गोरे लाल बर्मन 23 वर्षीय की लाश 21-22 अक्टूबर की रात बिलायत रेलवे के झारेला के पास लाइन पर संदिग्ध अवस्था में मिली थी। शुरू से ही, परिजनों ने शानि की मौत को सामान्य आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए, हत्या या आत्महत्या के लिए उकसाने का संदेह व्यक्त किया था। सोमवार को मृतक के परिजन और खरहटा के बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट हुए और न्याय न मिलने के विरोध में बड़वारा नगर में कटनी-शहडोल मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। मृतक के पिता, गोरेलाल बर्मन, ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि घटना की तारीख को उनके बेटे शानि के साथ गांव के ही कुछ व्यक्तियों ने मारपीट की थी, जिसके बाद उसने कथित तौर पर यह घातक कदम उठाया। गोरेलाल बर्मन ने गांव के सात व्यक्तियों पर आरोप लगाया है, जिनमें रामदीन बर्मन, भगवान दास बर्मन, धन्नू शाहू, अर्जुन बर्मन, शम्भू बर्मन, और सुदामा बर्मन शामिल हैं। शानि के शरीर पर कहीं भी खरोंच के निशान नहीं थे, केवल शरीर से



धड़ अलग था। घटना के बाद उसके मोबाइल फोन से सारे साक्ष्य हटा दिए गए थे। घटना से संबंधित युवती ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था जिसमें उसने स्वयं स्वीकार किया था कि मेरे घर वालों के कारण शानि बर्मन की मौत हुई है। ये सभी तथ्य घटना को संदिग्ध बना रहे हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। परिजनों का स्पष्ट कहना है कि वे घटना के बाद से लगातार बड़वारा थाना जाकर मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल ने आज तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। इसी लापरवाही के कारण ग्रामीणों को मजबूर होकर विरोध प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतरना पड़ा। प्रदर्शनकारियों मामले की निष्पक्ष जांच के साथ-साथ बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल को तत्काल निलंबित करने की भी की है। करीब 3 घंटे से चल रहे विरोध प्रदर्शन को खत्म करने के लिए, एसडीओपी उषा बर्मन मौके पर पहुंचीं। उनके समझाइश और निष्पक्ष कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने 10 दिन के भीतर मामले पर उच्च स्तरीय जांच करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि अगर निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं की गई, तो हजारों की संख्या में लोग एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया ने मीडिया को बताया कि, "मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। घटना के हर बिंदु पर बारीकी से जांच की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब करेगा विविध आयोजन

बैठक में आगामी दिनों किए जाने वाले आयोजन पर की गई चर्चा

**समाज जागरण**

शहडोल। सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब (CIPC) जिला इकाई शहडोल की पहली और परिचयात्मक बैठक सोमवार को आहूत की गई। इस बैठक में सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए। जिला अध्यक्ष मोहम्मद सईद ने सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के उद्देश्य और गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह संगठन भोपाल में पिछले लगभग 22 वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि




पत्रकारों का यह प्रदेश का एक मात्र पब्लिक ट्रस्ट है। जिला अध्यक्ष श्री सईद ने सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय और प्रदेश के पदाधिकारियों के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक में आगामी दिनों सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई।

**यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे**

बैठक में सर्व सम्मति से यह तय किया गया कि सामाजिक सरोकारों को दृष्टिगत रखते हुए आगामी वर्ष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें विचार-गोष्ठी, पत्रकारों के लिए कार्यशाला, पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता जाग रूकता का आयोजन और समाज में रचनात्मक व उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करना प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**यह भी तय किया गया**

बैठक में यह भी तय किया गया कि हाल ही में दिवंगत होने वाले शहडोल संभाग के 'मूर्धन्य पत्रकार' व वरिष्ठ संपादक स्वर्गीय श्री चंद्रशेखर त्रिपाठी (शास्त्री जी) की स्मृति में दो पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें एक ग्रामीण व एक नगरीय क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार शामिल रहेंगे।

**बैठक में इन्होंने दिए अपने सुझाव**

बैठक में जिला अध्यक्ष मोहम्मद सईद (पीटीआई- भाषा), मोहनलाल नामदेव (नव स्वदेश), मुरलीधर त्रिपाठी (नई दुनिया), निर्मल जायसवाल (ibc 24) संतोष चौबे (सच एक्सप्रेस), कमलेश दाहिया (ind24) और प्रदीप गुप्ता (दैनिक अग्निवर्षा) प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने जिले में सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब को मजबूत करने और कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक के अंत में दिवंगत संपादक चंद्रशेखर त्रिपाठी जी और दिवंगत पुलिस आरक्षक महेश पाठक को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# SIR के संबंध में जिले के 19 मंडलों के शक्ति केंद्रो की बैठकों के साथ तीनों विधानसभाओं में कार्यशाला का होगा आयोजन : अमिता

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल-अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में SIR मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक संपन्न सोमवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि SIR को लेकर जिले के 19 मंडलों के शक्ति केंद्रो की बैठकों के साथ तीनों विधानसभाओं में कार्यशाला का होगा आयोजन किया जाएगा बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने जिला पदाधिकारी व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी दिनांक 9-12-2025 को मंडलों का प्रवास करके शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक BLA 2 की बैठक करेंगे एवं विधानसभा कार्यशाला के लिए तिथि निर्धारित करना है 14 दिसंबर 17 दिसंबर के बीच में 15 दिसंबर को ब्यौहारी की बैठक करनी है साथी ही 16 दिसंबर को जयसिंहनगर



विधानसभा की बैठक एवं 17 दिसंबर को जैतपुर विधानसभा की बैठक व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा बैठक एवं कार्यशाला में इनकी रहेगी उपस्थित जिला अध्यक्ष ,सांसद ,विधायक, जिला पदाधिकारी/ मंडल प्रभारी, जिला रक्फ्रटोली ,मंडल पदाधिकारी /मंडल टोली शक्ति केंद्र के पलक संयोजक एवं BLA2 बूथ त्रिदेव की समिति की उपस्थिति में कार्यशाला का होगा आयोजन। SIRके संबंध में आगामी कार्यक्रम से अवगत करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने बताया कि आज से गणना पत्रक जमा करने के केवल 06 दिन शेष बचे हैं। इस अवधि में सजगता और पूर्ण समर्पण के साथ निम्नलिखित कार्य बूथ स्तर पर सुनिश्चित करने के लिये केन्द्रीय एस.आई.आर. समिति की ओर से निर्देश प्राप्त हुये हैं बूथ के शेष फॉर्म की सूची तैयार करना बूथ की टोली यह सुनिश्चित करें कि कितने फॉर्म अभी तक जमा नहीं हुए हैं। एक अद्यतन सूची बनायें और रोजाना उसकी समीक्षा करके फॉर्म जमा करवायें। हर बूथ पर हेल्प डेस्क स्थापित करना बूथ पर हेल्प डेस्क प्रारंभ करके यह सुनिश्चित करें कि न्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) तेजी से भरे जाएँ, और समय पर बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) तक पहुंचाये। रोज BLO से रिपोर्ट लेवें-पार्टी के समस्त बूथ लेवल एजेंट (BLA-2) अपने संबंधित BLO से रोज यह जानकारी लेवें कि आज कितने फॉर्म जमा हुए और उनमें से कितने फॉर्म डिजिटलाइज हो चुके हैं। प्रवासी मतदाताओं पर विशेष ध्यान जो प्रवासी मतदाता आपके समर्थन में हैं और बूथ क्षेत्र में रहते हैं, उनके फॉर्म हर हाल में जमा करवायें। बाहर गए मतदाताओं के लिए विशेष प्रयास -जो मतदाता फिलहाल शहर/राज्य से बाहर हैं, उनसे संपर्क कर ऑनलाइन फॉर्म भरवाने का प्रयास करें। यदि ऑनलाइन संभव न हो, तो उनके परिवार से संपर्क कर ऑफलाइन फॉर्म जमा कराएँ एवं इसकी सूची भी तैयार करें। 10 दिसंबर तक सभी फॉर्म डिजिटलाइज करायें -प्रत्येक बूथ पर यह सुनिश्चित करें कि 10 दिसंबर तक सभी मतदाताओं के फॉर्म जमा होकर डिजिटलाइज हो जाएँ। गणना पत्रक जमा करते समय कोई डॉक्यूमेंट की आवश्यकता नहीं है न्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) के साथ कोई भी दस्तावेज जमा नहीं किया जा रहा है। जो भी फॉर्म जमा होंगे, सभी के नाम ड्राफ्ट रोल में शामिल होंगे। अतः अपने बूथ के प्रत्येक समर्थक शुभचिंतक एवं पात्र मतदाता का फॉर्म अवश्य जमा करवायें। इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं SIRअभियान के जिला संयोजक राकेश पांडे , राकेश सोनी, दौलत मनमानी ,मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, जिला मंत्री रवींद्र वर्मा ,सौरभ गोले, श्रीकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी सहित अन्य पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# मैहर माइनिंग क्षेत्र में लापरवाही उजागर: भदनपुर – भटूरा रोड पर हाईवा से गिरते पत्थर, बड़ा हादसा टला

नंबर प्लेट गायब,ओवरलोडिंग के आरोप; ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग.

**समाज जागरण मैहर।**

मैहर माइनिंग क्षेत्र में शुक्रवार को गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया, जब भदनपुरझभटूरा रोड पर एक लाइम स्टोन कंपनी के हाईवा ट्रक MP 21 Z 1411 से चलते समय बार-बार पत्थर सड़क पर गिरते देखे गए। पत्थरों के गिरने से कई वाहन अचानक ब्रेक लगाने पर मजबूर हुए और दुर्घटना होते-होते बची। स्थानीय लोगों के अनुसार दोपहिया वाहनों के पंचर होने जैसी घटनाएँ भी सामने आई हैं।

**स्थानीय लोगों ने रोका वाहन,पूछे सवाल**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्रामीणों ने हाईवा चालक को रोककर लापरवाही को लेकर सवाल किए। चालक ने इसे अनजाने में हुई गलती बताया।लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर कई हाईवा बिना आगे-पीछे नंबर प्लेट के चलते हैं, जिससे किसी हादसे की स्थिति में वाहन की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

**कंपनी प्रबंधन पर अभद्रता के आरोप**

घटना के बाद जब पत्रकारों और ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की, तो भटूरा स्थित मैनेजर द्वारा अमर्यादित व्यवहार किए जाने की शिकायत सामने आई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे की जिम्मेदारी लेने के बजाय प्रबंधन का रवैया लापरवाही भरा रहा।

**माइनिंग विभाग और प्रशासन पर सवाल**

ग्रामीणों और राहगीरों ने कई गंभीर प्रश्न उठाए हैं क्या बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई होगी ?ओवरलोडिंग और खनिज पदार्थ सड़क पर गिरने पर कब सख्त कदम उठाया जाएगा?क्या माइनिंग विभाग मौके का निरीक्षण करेगा या मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?लोगों के अनुसार भदनपुर-भटूरा मार्ग पर रोज बड़े पैमाने पर खनिज परिवहन होता है, लेकिन सुरक्षा मानकों, वाहन फिटनेस और नंबर प्लेट जैसी अनिवार्य व्यवस्थाओं का सिस्टमे टिक पालन नहीं किया जा रहा। इससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है।

**ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

स्थानीय नागरिकों का स्पष्ट कहना है ऐसी लापरवाही किसी भी दिन जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन तुरंत निरीक्षण कर संबंधित कंपनी और वाहन संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करे,ताकि भविष्य में हादसों को रोका जा सके। प्रशासन की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा घटना की पूरी सूचना संबंधित विभागों को उपलब्ध करवा दी गई है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि माइनिंग विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाते हैं– सख्त कार्रवाई होगी या मामला फिर शांत करा दिया जाएगा?

**एसपी एवं कलेक्टर से विशेष निवेदन**

स्थानीय नागरिकों व राहगीरों की ओर से एसपी मैहर एवं कलेक्टर सतना महोदय से निवेदन किया गया है कि ऐसे कृत्य करने वाले वाहन संचालकों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए,ताकि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कांटी के मारुति वेयरहाउस से 5070 बोरियों में मिली 2 हजार क्विंटल अवैध धान

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी ।समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर दलालों, व्यापारियों व बिचौलियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरतते हुए तैयार पुख्ता सुनियोजित रणनीति और कारगर सूचना व सुदृढ़ निगरानी तंत्र की बदौलत संयुक्त जांच दल द्वारा निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं ।इस दल ने विजयराघवगढ़ के ग्राम कांटी स्थित मारूति वेयरहाउस के खुले परिसर एवं समीप में स्थापित छोटे गोदाम से 5 हजार 70 बोरियों में 2 हजार 28 क्विंटल अवैध धान पर मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत करीब ढ़ाई लाख रुपए का जुमार्ना किया गया है। राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम द्वारा मारूति वेयरहाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम मे 2 हजार 28 क्विंटल धान भण्डारित पाई गई ।जिसका मौका पंचनामा कर अभिकथन लिया गया। कलेक्टर श्री तिवारी अवैध धान भंडारण व परिवहन के हर मामले पर पैनी नजर रखते हैं।

**अभिलेख उपलब्ध करायें**

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के समस्त वेयरहाउस संचालकों को उपजों के भंडारण संबधी आवश्यक अभिलेख जैसे-बी-1 खसरा, गिरदावरी, आधारकार्ड एवं सिकमी पट्टा की एक प्रति प्रशासन द्वारा मांग करने पर उपलब्ध कराने की अनिवार्यता से सभी भंडारणकताओं को निर्देशित किया गया था। लेकिन मारूति वेयरहाउस कांटी के निरीक्षण मे वेयरहाउस संचालक ग्राम बर खेड़ा बडवारा निवासी कमल साहू ,कृषको के वांछित अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नही कर सके । कृषको के पंजीयन की छायाप्रति ही मौके पर प्रदाय की गई, विवेचना किये जाने पर कृषको के वांछित अभिलेख न होने एवं वेयरहाउस मे खरीदी तारीख के पूर्व से ही धान के भंडारण होने से म०प्र० कृषि गोदाम अधिनियम 1947, भण्डागारपाल,भण्डागारण (विकास और विनियम) अधिनियम 2007 के अन्तर्गत कृषि उपज की पहचान बनाये रखना अनिवार्य होता है ।इन नियमों के उल्लंघन के कारण कृषकों के नाम से भण्डारित 2 हजार 28क्विंटल धान का अवैध भण्डारण होना प्रमाणित पाया गया है। कृषि उपज के कृषको के नाम से भण्डारित जिंस धान के अवैध भण्डारण पर म०प्र० कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 की धारा 19 (4) के तहत मात्रा 5 हजार 70 बोरी धान जो प्रति बोरी 40 किलोग्राम की भर्ती में पाई गई। इन सभी बोरियों के धान के वास्तविक वजन-2 हजार 28 क्विंटल पर 2 लाख 49 हजार 444 रूपए का जुमार्ना लगाया गया है। जिसमें अधिरोपित दाण्डिक राशि दर 2 हजार 50 रूपए प्रति क्विंटल के मान से कीमत 41 लाख 57 हजार 400 रूपए पर देय दाण्डिक मण्डी शुल्क 2 लाख 7 हजार 870 रूपए एवं दाण्डिक निराश्रित सहायता राशि 41 हजार 574 रूपए को मिला कर कुल 2 लाख 49 हजार 444 रूपए की राशि 7 दिवस मे मण्डी कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए ।अन्यथा की स्थिति मे भू-राजस्व की भांति वसूली की कार्यवाही की जायेगी,जिसकी जवाबदारी वेयरहाउस की होगी।

**बाकल में धान निकासी पर रोक**

बाकल स्थित समर्थ ट्रेडर्स के गोदाम का निरीक्षण संयुक्त जाँच दल द्वारा किया गया। मौके पर गोदाम के भीतर करीब 1500 क्विंटल धान का भण्डारण पाया गया। गोदाम प्रोप्राइटर शैलेन्द्र जैन को निर्देशित किया गया कलेक्टर श्री तिवारी ने व्यापारियों द्वारा क्रय कर भंडारित धान की निकासी पर 20 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया है। निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला और मंडी निरीक्षक प्रशांत मौर्य व सुधीर त्रिपाठी मौजूद रहे।

# CISF ने लगातार 12वीं बार केंद्रीय पुलिस बलों की NHRC वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ सोनभद्र।




सोनभद्र/ओबरा। सतीश कुमार सिंह, कमांडेंट केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई OTHPP ओबरा ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण संसाधनों की सुरक्षा में अपनी शानदार भूमिका के लिए, जानी जाने वाली केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया है। CISF ने 30वीं CAPFS NHRC वाद-विवाद प्रतियोगिता-2025 में टॉप पोजीशन हासिल करके अपनी प्रोफेशनल काबिलियत दिखाई है। इस प्रतियोगिता में कुल 6 CAPFS के 24 प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में हिस्सा लिया था। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने 2014 से लगातार 12वीं बार यह प्रतिष्ठित रोलिंग ट्रॉफी अपने नाम की है. यह उपलब्धि प्रतियोगिता में उसकी लगातार श्रेष्ठता को मजबूत करती है। फाइनल मुकाबला आज अटल ऊर्जा भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) और विभिन्न सरकारी संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में माननीय, NHRC, न्यायमूर्ति श्री वी रामसुब्रमणियन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। माननीय मुख्य अतिथि ने CISF टीम को विजेता ट्रॉफी प्रदान की और साथ ही रनर-अप को सम्मानित किया इस वर्ष की प्रतियोगिता, सशस्त्र सीमा बल (SSB) के द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधि कारियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। असिस्टेंट कमांडेंट मयंक वर्मा ने हिन्दी श्रेणी (विपक्ष में) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि असिस्टेंट कमांडेंट अरुंधति वी. ने अंग्रेजी श्रेणी (विपक्ष में) में प्रथम स्थान हासिल किया, हिन्दी श्रेणी में असम राइफल्स ने दूसरा स्थान और सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी श्रेणी में असम राइफल्स दूसरे स्थान पर रही, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नेशनल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एकेडमी (राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी) (NISA), हैदराबाद के अधिकारियों द्वारा दी गई उत्कृष्ट प्रशिक्षण ने CISF के प्रतिभागियों को अपने तर्क स्पष्टता, आत्मविश्वास और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगातार 12 वर्षों तक ट्रॉफी अपने पास रखना केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों की मेहनत, कमिटमेंट और बोलने की स्किल का प्रमाण है। बल, राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी (NISA) के निरंतर प्रयासों की सराहना करता है, जिन्होंने प्रतिभा को निखारने और CISF की उल्लेखनीय जीत की इस श्रृंखला को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है !

# वोटर आईडी के विशेष गहन पुनरीक्षण का उपजिलाधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। नगर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में ओबरा उप जिलाधिकारी विवेक सिंह ने नगर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।उपजिलाधिकारी ने गुरुद्वारा इंटर कॉलेज, रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय सहित अन्य बूथों पर पहुँचकर चल रहे पुनरीक्षण कार्य की



प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की और कार्य में पारदर्शिता व तेजी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाता सूची अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी पात्र नागरिक समय रहते अपना मतदाता पुनरीक्षण कार्य अवश्य पूरा करें तथा अपने निकटतम बूथ पर जाकर आवश्यक प्रक्रियाएँ जल्द से जल्द पूरी करें, ताकि आगामी चुनाव के लिए मतदाता सूची सटीक एवं त्रुटिहीन रूप से तैयार की जा सके। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, क्षेत्रीय लेखपाल चंदन शर्मा, हिमांशु, बीएलओ दूधनाथ,राहुल मिश्रा, तेजात्मा भी उपस्थित रहे।

# दुद्धी सोनभद्र: बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच मैनेजर पर अभद्रता और धमकी का आरोप, युवक ने कोतवाली में दी तहरीर

ब्यूरो समाज जागरण

सोनभद्र। दुद्धी में बैंक ऑफ इंडिया शाखा के ब्रांच मैनेजर पर अभद्र व्यवहार और मारपीट की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया गया है। जानकारी के



अनुसार, एक युवा समाजसेवी किसी कार्य से बैंक पहुँचे थे, जहाँ कथित रूप से ब्रांच मैनेजर ने उनके साथ न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि मारपीट की धमकी भी दी। घटना से क्षुब्ध युवा समाजसेवी सीधे दुद्धी कोतवाली पहुँचे और पूरी घटना का विवरण देते हुए एक लिखित तहरीर दर्ज कराई। पीड़ित युवक ने मांग की है कि बैंक कर्मियों द्वारा आम जनता के साथ इस तरह के व्यवहार पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। पूरे प्रकरण को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है, और सभी न्यायोचित कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

# कोहरे में सुरक्षित यातायात हेतु पुलिस का विशेष अभियान, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगवाए गए रिफ्लेक्टर टेप

दैनिक समाज जागरण



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ० चारु द्विवेदी के नेतृत्व में, प्रभारी उ0नि0 यातायात एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद में बढ़ते कुहासे को देखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ईंट-भट्ठों रॉबट्सगंज तथा लोढ़ी टोल प्लाजा क्षेत्रों में संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए, जिससे रात्रि व कुहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। अभियान के दौरान सभी ट्रैक्टर चालकों को रिफ्लेक्टर टेप लगाने के अनिवार्य प्रावधान की जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों को तत्काल रिफ्लेक्टर टेप लगवाने का निर्देश दिया गया नियमों का पालन न करने वाले कुछ वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई भी की गई। यातायात पुलिस द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा हेतु इस प्रकार के अभियान कुहासे के मौसम में निरंतर चलाए जा रहे हैं।

# संकल्प नशामुक्ति व स्वास्थ्य सेवा केन्द्र चोपन का एनटीपीसी के द्वारा किया गया निरीक्षण

समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी



चोपन/ सोनभद्र। संकल्प नशा मुक्ति व स्वास्थ्य सेवा केंद्र चोपन में आज एनटीपीसी की टीम ने दौरा कर केन्द्र की सेवाओ जिसमें नशें से पीड़ित मरीजो की देखभाल, मेडिसिन, काउंसलिंग व अन्य जरूरी सुवि धाओ का निरीक्षण साथ ही साथ दैनिक ओपीडी व गांव-गांव चल रहे जागरूकता शिविर के बारे मे भी जानकारी लिया। एनटीपीसी निरीक्षण टीम वरिष्ठ अधिकारी उपेन्द्र मिश्रा के अगुवाई में संकल्प हास्पिटल के सभी स्टाप, नर्स, डा व प्रवन्धक से अन्य सभी बिन्दुओ पर जानकारी लेकर अपना महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए सभी के कार्यो व संस्था के सेवाओ की सराहना किया। एनटीपीसी टीम ने नशे से पीड़ित मरीजो द्वारा बनाये गये पेंटिंग व कागज के खुबसूरत गुलदस्ते को देखकर टीम की सराहना किया। संकल्प नशा मुक्ति व स्वास्थ्य सेवा केंद्र चोपन के प्रवन्धन से डॉ राजीव पाण्डेय व डॉ मणिकान्त ने एनटीपीसी टीम का स्वागत कर सभी आवश्यक जानकारीयो को प्रस्तुत किया।

# बालू लदा टेलर अनियंत्रित होकर पलटा, खलासी घायल

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के नौवटलिया में सोमवार दोपहर बाद बालू लदा 22 चक्का ट्रेलर का पिछला चक्का फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें खलाशी अमरेश यादव उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र जीत बहादुर निवासी मडियाहू जौनपुर का केविन से सिर में चोट लग गई। एव चालक रविचंद्रन पुत्र रमेश पाल निवासी बेलछ सुरक्षित बताया जा रहा है। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस ने अपने वाहन से चोपन अस्पताल भर्ती कराया गया जहां दोनों की हालत ठीक बताया जा रहा है। रहवासी कमल ने बताया कि ट्रेलर पलटने से हमारे घर के टाटी से बने



दिवाल टूट गया और सारा बालू हमारे घर में गिरकर बिखरा हुआ है और बालू में एक मुर्गी और उसके दस चूजे भी बालू में दब गए हैं।

# भव्य कलश यात्रा के साथ, सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी



चोपन/ सोनभद्र। नगर के सोननदी के पावन तट पर स्थित चोपन वैरियर परिसर में सोमवार को भक्तिभाव से परिपूर्ण वातावरण के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसी के साथ सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ विधि-विधान के साथ किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवक-युवतियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पारंपरिक वेश-भूषा, हाथों में कलश, जय-जयकार के उद्घोष तथा भजन-कीर्तन से पूरा नगर भक्ति के रंग में रंग गया। कथा का आयोजन मां विंध्यवासिनी धाम मिजार्पुर से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक श्री सच्चिदानंद जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। कथा स्थल को आकर्षक फूलों, विद्युत सजावट और आध्यात्मिक झांकियों से विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तजन कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि पिछले वर्ष भी श्रीम द्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया था, जिसने नगर में भक्ति का अनूठा माहौल निर्मित किया था। इस वर्ष भी कथिप्रेमियों एवं नगरवासियों ने पूरे उत्साह, समर्पण और सहयोग के साथ कथा आयोजन को सफल बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। सप्त दिवसीय कथा के दौरान महाराज जी द्वारा विभिन्न दिव्य प्रसंगों, भगवान श्रीकृष्ण लीला और धर्म-भक्ति के संदेशों का वर्णन किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक भक्तों से कथा कार्यक्रम में उपस्थित होकर आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजीव त्रिपाठी, बाबूलाल केशरी, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, विकास चौबे, प्रदीप अग्रवाल, महेंद्र केशरी, राहुल पटेल, कन्हैया केशरी, बृजेश मोदनवाल, विनय अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, पम्मी केशरी, सोनू मिश्रा, विशाल विश्वकर्मा, पुनीत पाठक, अनिल पाठक, राहुल प्रताप सिंह सहित सैकड़ो कथा प्रेमी उपस्थित रहे

# कनहर-सोन तट पर छात्रों का शैक्षिक भ्रमण—जैव विविधता, नदी तंत्र व आदिवासी संस्कृति पर अध्ययन

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ सोनभद्र।



सोनभद्र/ घोरावल। सोनांचल इंटर मीडिएट कॉलेज, घोरावल के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कनहर सोन की सहायक नदी तट, हाथीनाला बायोरिजर्व हॉटस्पॉट, एवं आसपास के प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान छात्रों को पठारी भूभाग की नदियों, जल प्रवाह के स्वरूप तथा नदी किनारे विकसित जैव-पर्यावरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि हाथीनाला प्रदेश स्तरीय बायोरिजर्व हॉटस्पॉट घोषित है, जहाँ विविध प्रजातियों के वृक्ष, वन संसाधन और स्थानीय पारिस्थितिकी संरक्षण का विशेष महत्व है। इसके साथ ही छात्रों को सोनभद्र के दक्षिणी क्षेत्रों में निवास करने वाली जनजातीय समुदायों की जीवनशैली, परंपरा और सांस्कृतिक विशेषताओं से भी अवगत कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मां वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन किया तथा सोन इको प्वाइंट से प्राकृतिक घाटियों व हरियाली का दृश्यावलोकन भी किया, जिसे सभी ने रोमांचक अनुभव बताया। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यालय के अध्यापक लवकुश सिंह, दिनेश कुमार पाठक, अरुण कुमार पाल, अली मुख्तार, लिपिक दिनेश कुमार एवं कृष्णावती मौर्य उपस्थित रहीं।

# "सुरक्षा आपकी-संकल्प हमारा"

## थाना रॉबर्ट्सगंज की साइबर टीम ने पीड़ित के ₹10,000/- वापस कराए

दैनिक समाज जागरण




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा संचालित साइबर अपराध के विरुद्ध विशेष अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज की साइबर टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। सादर अवगत कराना है कि आवेदक जितेन्द्र पाल निवासी झ्र चकरा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र द्वारा cyber crime.gov.in के माध्यम से एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसकी शिकायत संख्या 33111250163163 है। जांच के दौरान आवेदक ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते समय गलती से गलत अकाउंट नंबर में ₹10,000/- ट्रांसफर हो गए थे। संबंधित प्रकरण में तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त राशि को इंडियन बैंक में होल्ड कराया गया। थाना रॉबर्ट्सगंज की साइबर टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल का अवलोकन करते हुए, आवश्यक कार्रवाई एवं संबंधित बैंक शाखा से ईमेल/पत्राचार के माध्यम से विवरण प्राप्त कर ₹10,000/- की राशि को आवेदक के मूल खाते में को सफलतापूर्वक वापस कराया गया।

# दो महीने से खराब पड़े ट्रांसफर को बदले जाने की मांग को लेकर, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## बिजली विभाग की लापरवाही से लगभग दो सौ घर अंधेरे में।

अनिल कुमार अग्रहरी/
समाज जागरण



डाला/ सोनभद्र। पडरछ ग्राम के टोला पटेल नगर चौराहे पर में स्थित ट्रांसफार्मर लगभग दो महीने से खराब हो गया है जिसके कारण लगभग दो सौ से अधिक ग्रामीणो का घर अंधेरे में है कई बार शिकायत के बाद भी क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका, ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के माध्यम से जताई नाराजगी, जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर बदलवाएं जाने की मांग उठाया गई। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीण अमरेश यादव प्रधानपति, संतोष कुमार कंचन पटेल पिंटू पटेल राम स्वरूप लक्ष्मण पटेल विवेक दया पटेल इंद्रजीत अखिलेश परिखा सुनील कुमार राम बाबू, अनिल पटेल राजाराम पंकज अम्रिका रमाशंकर ने बताया कि कोन सब स्टेशन के अंतर्गत पड़रछ ग्राम पंचायत टोला पटेल नगर चौराहा पर ग्यारह हजार बोल्टेज का बिजली सड़क किनारे से होते हुए कोन पोल गया हुआ है जिसमें पटेल नगर चौराहे के पोल पर ट्रांसफार्मर स्थित है उसी ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों में बिजली वितरण किया गया है वहीं दो महीने पूर्व किसी अज्ञात वाहन द्वारा पोल में धक्का मार दिया गया था उसी दौरान ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया जो लगभग दो महीने होने के है लेकिन अभी तक क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर बदलवाया नहीं गया जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को अंधेरा मे गुजार रहे हैं वहीं बिजली नहीं होने के कारण बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने में कठिनाइयां होता है और पेयजल की समस्या बनी हुई है इसके साथ ही बिजली से जुड़ी रोजमर्रा की समस्या से हम सभी जूझ रहे हैं जिसको लेकर हम लोग कई बार बिजली विभाग का चक्कर काट चुके हैं कि कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। हम सभी विरोध प्रदर्शन के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय जी का ध्यान आकर्षित करवाते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाएं जाने की मांग करते हैं।

# सोनभद्र रोडवेज बस स्टैंड पर दुर्व्यवस्थाओं को लेकर उद्योग व्यापार संगठन ने उठाई आवाज

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ सोनभद्र

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र का एक प्रति निधिमंडल सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सोनभद्र डिपो के विश्राम सिंह से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया परंतु समाधान मिलने के आसार प्रतीत नहीं हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि 3 करोड़ 49 लाख के लागत से बना रोडवेज बस स्टैंड सफेद हाथी साबित हो रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि विगत कई वर्षों से मिजार्पुर डिपो की बस फ्लाइओवर के नीचे खड़ी हो रही है जिसके कारण आए दिन जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है जिसमें एंबुलेंस भी कई बार फंस चुकी है। यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा यही से संचालित होती है जहां भीड़ भाड़ के कारण अराजक तत्व सक्रिय रहते हैं पूर्व में कई चोरी की घटनाएं भी घट चुकी है इसके कारण बैंक के ग्राहक भी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जबकि उपरोक्त के संदर्भ में कई बार लिखित व मौखिक रूप से भी अवगत कराया जा चुका है। श्री शर्मा ने बताया कि जब इस संदर्भ में ए आर एम मिजार्पुर मोबाइल फोन से वार्ता की गई तो उन्होंने इस संदर्भ में अभिज्ञता जाहिर की ए आर एम मिजार्पुर ने कहा कि कि यह हमारा विषय नहीं है यह सोनभद्र डिपो का विषय है जब उनसे यह पूछा गया की क्या आपके डिपो की बस इन-आउट होती है कि नहीं तो उन्होंने कहा कि हमारे बाबू बीमार चल रहे हैं जब



ठीक हो जाएंगे तो देखकर आपको बताएंगे। जिला महामंत्री प्रितपाल सिंह ने कहा कि सोनभद्र डिपो के गेट पर रात्रि में ताला लगा दिया जाता है जिसके कारण यात्री अंदर बैठकर बस का इंतजार भी नहीं कर सकता सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं एवं बच्चियों को होती है जो सड़क पर ही खड़े होकर के बस का इंतजार करती है। उन्होंने कहा कि जनरथ ए सी की जो भी बसे हैं वह कोई भी डिपो में नहीं आती फ्लाईओवर से सीधे बाहर बाहर निकल जाती है इसके कारण भी यात्रियों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रात्रि में जो बसें आती है वह भी शहर के अंदर नहीं आती और यात्रियों को बाहर ही उतार देती हैं वहां साधन न मिलने के कारण भी यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि रात्रि में गेट बंद होने से यात्रियों को रोडवेज के अंदर मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता खासकर शौचालय एवं पानी के लिए यात्रियों को भटकते देखा जा सकता है। श्री जैन ने कहा कि सोनभद्र डिपो के ए आर एम का कहना है कि जब वहां प्राइवेट बसें खड़ी रहती है तो रोडवेज की बसों को खड़ी करने में क्या दिक्कत है जो बहुत ही अतार्किक है। फ्लावर के नीचे से सारी बसो का संचालन बंद होना चाहिए जिला कोषाध्यक्ष शरद जायसवाल ने कहा कि डिपो में कैंटीन के लिए जो दुकानें बनी हुई है वह बंद है कार्यालय परिसर में ही कैंटीन संचालित किया जा रहा है जो कि विधि विरुद्ध है। ज्ञापन देने वाले में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा, जिला महामंत्री प्रितपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष शरद जायसवाल नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन, नगर मंत्री गुरप्रीत सिंह सोखी, अमित वर्मा, पुनीत जैन नगर संयोजक अमित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति क्षेत्रीय पीएलवी भी सक्रिय हैं सरकार की मंशानुरूप:- प्राधिकरण सचिव

## जनपद सोनभद्र में 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी



ओबरा/ सोनभद्र। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति न्यायपालिका जिस तरह गंभीरता से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लगातार विभिन्न विभागों, प्रशासनिक अधि कारीयों और न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के मुहिम में जुटी है उसी तरह राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु पीड़ितों की मदद करने अंतिम पायदान पर खड़े न्याय से वंचितों के लिए, उनके मार्गदर्शन व उन्हें न्यायिक और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने, उनमें जागरूकता फैलाने में पीएलवी भी लगे हैं।

सोमवार को भी पीएलवी द्वारा तहसील ओबरा के सभागार और परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का पंफ्लेट्स और बैनर लेकर लोगों को जागरूक करने का नजारा दिखा।

तहसील विधिक सेवा समिति भी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर संजीदगी से अधिकाधिक वादों के निपटारे हेतु नोटिस तामिला में सक्रिय रहीं। दुर्गम क्षेत्रों कोन, जुगैल, मिटहिनिया, जोरुखाड़ फफराकुंड सलईबनवा के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं और न्यायिक अधिकारों के प्रति परा विधिक स्वयं सेवक कमाल अहमद जहां सक्रिय रूप में तहसील सभागार में ग्रामीणों को विधिक सुविधाएं, जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और 13 दिसम्बर 2025 को जनपद सोनभद्र में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने के प्रति अपील तथा जागरूक करने में लगे रहे वहीं ओबरा थाने पर तैनात पीएलवी भी न्याय से वंचितों, असहायों की सहायता और उन्हें विधिक साक्षर और जागरूक रहने के लिए मार्गदर्शन करते दिखे।

"न्याय सबके लिए" न्याय चला निर्धन के द्वार, लोगों के मूलाधिकारों के संरक्षण के प्रति समर्पित तथा विख्यात न्यायिक संस्था ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने बताया कि कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य निः शुल्क और त्वरित न्याय है और हम उसके लिए समर्पित है। श्री यादव ने यह भी बताया कि हमारा संकल्प है "न्याय सबके लिए"। कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े न्याय से वंचितों, असहायों, वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों आदि को न्याय और बेहतरी के लिए ओबरा, राबर्ट्सगंज, घोरावल और दुद्धी तहसील और विभिन्न थानों में तैनात हमारे पीएलवी न्यायपालिका और कार्यपालिका समेत सरकार की मंशा के अनुरूप जनकल्याण हेतु लोगों को न्याय सुलभ कराने, उन्हें विधिकीय तौर पर जागरूक और साक्षर करने बेहतरीन सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# युवा अधिवक्ता की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के घोरावल बाईपास पर सतौहा मोड़ के पास सोमवार की सुबह लगभग दस बजे सड़क हादसे में अधिवक्ता की मौत हो गई। सुबह के वक्त क्रेटा कार पर सवार होकर अधिवक्ता राजेश यादव घोरावल कचहरी जा रहे थे। विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से जा रही ट्रक से जोरदार टक्कर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि कार तहस नहस हो गई। घटनास्थल पर कुछ देर में भीड़ जमा हो गई। सूचना पुलिस को मिली। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची क्रेटा कार चला रहे राजेश यादव को बाहर निकाला गया। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल भेजा गया। जहां चिकि त्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जेसीबी बुलाई गई, इसके बाद क्रेटा को नीचे से सड़क तक खींचा गया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों तक पहुंची। परिजन तथा ग्रामीणों में कोहराम मच गया। महज एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर ही उसका घर था। घर वाले तथा ग्रामीण मौके पर जुट हुए, बाईपास पर भारी भीड़ लग गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भारी भीड़ जुट गई। क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय समेत शाहगंज, करमा तथा घोरावल पुलिस मौके पर रही। राजेश पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। वह अपने घर के कर्णधार थे। भाई बहन मां सभी रोते बिलखते रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने पहाड़कट्टा थाना का किया गहन निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सोमवार को पुलिस अधीक्षक किशनगंज द्वारा पहाड़कट्टा थाना का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाने की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों की प्रगति तथा वर्तमान कानून-व्यवस्था की स्थिति की व्यापक समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में



पूर्ण पारदर्शिता अपनाने, शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर, आवासीय व्यवस्था, रिकॉर्ड रूम, मालखाना एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को अनुशासन, टीमवर्क और सतर्कता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उनका यह निरीक्षण क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था एवं पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पटना पुलिस ने किया हथियार के साथ एक को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत सालिमपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर 42 वर्षीय झूल्लफ राय को गिरफ्तार किया है। उसके पास से देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। सालिमपुर थाना पुलिस को यह सूचना मिली कि बिधिपुर भोजराज स्थान में रहने वाले झूल्लफ राय के पास अवैध हथियार मौजूद है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए अपर थाना अध्यक्ष के निर्देश पर तुरंत एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए निर्धारित स्थान पर पहुंचकर झूल्लफ राय के घर और आसपास के इलाके की घेराबंदी की। दलान की जांच के दौरान झूल्लफ राय को पकड़ा गया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। यह हथियार अच्छी तरह से छिपाकर रखा गया था, लेकिन पुलिस की सतर्कता और सटीक सूचना के कारण आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। बरामद हथियारों को जब्त कर लिया गया है और उन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। इससे यह भी स्पष्ट हो सकेगा कि हथियार का इस्तेमाल हाल में किसी अपराध में तो नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार, झूल्लफ राय कोई नया अपराधी नहीं है। उसके खिलाफ सालिमपुर थाने में पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का मानना है कि वह अवैध हथियारों के व्यापार से जुड़ा हो सकता है या अपराधियों को हथियार उपलब्ध कराने का काम करता होगा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे यह भी पूछताछ कर रही है कि हथियार कहां से आया, किसे देने वाला था और उसके साथ इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं। पुलिस ने झूल्लफ राय पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि पुलिस आगे की जांच में उसके नेटवर्क और संभावित सप्लायरों का पता लगाने में जुटी है। आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाए जाने पर कठोर सजा का प्रावधान है, जिसका सामना अब झूल्लफ राय को करना पड़ सकता है।

# बिहार में प्रशासनिक फेरबदल : औरंगाबाद को मिले नए डीएम

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) बिहार सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल किया है, जिसमें औरंगाबाद को नए डीएम मिले हैं। श्रीकांत शास्त्री, भा.प्र.से. जो अब तक औरंगाबाद के समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे, उन्हें बेगूसराय का नया डीएम नियुक्त किया गया है। वहीं अभिलाषा शर्मा, भा.प्र.से. (2017), जो वर्तमान में अरवल की समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी थीं, उन्हें औरंगाबाद का नया डीएम नियुक्त किया गया है। वे अगले आदेश तक औरंगाबाद के समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित रहेंगी।



# विद्या ज्योति स्कूल के रक्षा कुमारी और स्मिता दास ने जीते स्वर्ण पदक

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 दिसंबर 2025 : उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की फेडरेशन कराटे प्रतियोगिता में विद्या



ज्योति स्कूल, गम्हरिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व झारखंड का मान बढ़ाया। विभिन्न आयु और भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम ने कुल 2 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य पदक अपने नाम किए।विद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ी रक्षा कुमारी ने 13 वर्ष आयु वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं सीनियर वर्ग में स्मिता दास ने अपने कौशल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।झारखंड राज्य फेडरेशन की ओर से स्मिता दास को 3000 रुपये और रक्षा कुमारी को 2000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। साथ ही दोनों को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल कर सम्मानित किया गया।बता दें कि यह राष्ट्रीय स्तरीय कराटे फेडरेशन गेम्स 6 और 7 दिसंबर को सनवैली पब्लिक स्कूल, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित हुई थी, जिसमें विद्या ज्योति स्कूल के 9 प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया था।

# संस्थागत प्रसव बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु को कम करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कई बार प्रसव के दौरान देरी, गलत रेफरल, या समय पर जानकारी न मिलने से गंभीर जटिलताएँ सामने आती हैं। ऐसे में निजी अस्पतालों को सरकारी व्यवस्था से जोड़कर एक पारदर्शी, तेज और डेटा-आधारित स्वास्थ्य तंत्र बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आज जिले में एक महत्त्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सभी निजी अस्पतालों को संस्थागत प्रसव प्रोत्साहन, सुरक्षित डिलीवरी प्रोटोकॉल और ल्टक्र पोर्टल पर नियमित डेटा एंट्री की अनिवार्यता पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।इस कदम से न सिर्फ जिले की मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ अधिक सुदृढ़ होंगी, बल्कि किस अस्पताल में किस लाभार्थी ने प्रसव कराया, कौन जोखिम में है, किसे तत्काल रेफरल की जरूरत है—यह सभी जानकारी वास्तविक समय में उपलब्ध हो सकेगी।

**हर गर्भवती तक सुरक्षित प्रसव सुविधा पहुँचे—यही लक्ष्य**

जिलाधिकारी विशाल राज ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने को जिला



प्रशासन की प्राथमिक चुनौती बताया।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य स्पष्ट है जिसमें जिले की हर गर्भवती महिला तक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और समय पर प्रसव सुविधा पहुँचे। निजी अस्पताल इस प्रयास के प्रमुख साझेदार हैं। ल्टक्र पोर्टल में समयबद्ध डेटा एंट्री से हमें तुरंत पता चलता है कि किस क्षेत्र में हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यह पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों बढ़ाती है। डीएम ने संस्थागत प्रसव को मातृ मृत्यु दर कम करने का सबसे प्रभावी साधन बताया और निजी अस्पतालों से सरकारी तंत्र के साथ समन्वय बढ़ाने की अपील की।

**निजी अस्पतालों की भागीदारी से जिले की मातृ स्वास्थ्य सेवाएँ और मजबूत होंगी**

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने उक्त बैठक के बारे में कहा कि निजी स्वास्थ्य संस्थानों को एक साझा प्लेटफॉर्म पर लाना समय की आवश्यकता है।उन्होंने कहा, ह्लसंस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में निजी अस्पतालों का योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। ल्टक्र पर सही डेटा आने से जिले की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित चलती है। हम चाहते हैं कि हर निजी सुविधा सुरक्षित प्रसव प्रोटोकॉल, रेफरल मैनेजमेंट और आपातकालीन देखभाल में मानक प्रक्रिया का पालन करे।सिविल सर्जन ने सभी निजी अस्पतालों को डेटा की शुद्धता, तत्काल रिपोर्टिंग और गुणवत्ता-आधारित सेवा देने का आग्रह किया।

**डेटा की सटीकता से निर्णय लेने की प्रक्रिया होगी तेज और प्रभावी**

बैठक में सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर हुसैन ने निजी अस्पतालों को HMIS पोर्टल की तकनीकी समझ, विभिन्न मॉड्यूल, प्रसव-रिपोर्टिंग प्रक्रिया और जोखिमग्रस्त गर्भवती की पहचान प्रणाली का प्रशिक्षण दिया।यह समझाया गया कि दैनिक एंट्री से जिले में वास्तविक स्थिति तुरंत दिखती है।कौन-सी सुविधा अधिक प्रसव कर रही है, कहाँ उच्च जोखिम वाले मामले बढ़ रहे हैं, कहाँ विशेष निगरानी की जरूरत है।प्रतिभागियों को लाइव डेमो के माध्यम से ANC, PNC, डिलीवरी और रेफरल एंट्री का अभ्यास कराया गया। डॉ अनवर हुसैन ने निजी अस्पतालों को बताया कि रेफरल में छोटी-सी देरी भी कभी-कभी गंभीर परिणाम ला सकती है।उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी संस्थानों के बीच नियमित डेटा-साझेदारी से जिले की स्वास्थ्य प्रतिक्रिया और मजबूत होगी। उक्त कार्यशाला में शामिल निजी अस्पतालों ने जिला प्रशासन से बेहतर समन्वय और ल्टक्र रिपोर्टिंग प्रणाली को अपनाने पर सहमति जताई। प्रतिभागियों ने इसे मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुरक्षित और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# पटना में कार से कुचलकर वृद्ध की मौत, पांच अन्य लोग जख्मी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के गोला पर स्थित झखड़ी महादेव रोड पर अनियंत्रित कार से कुचलकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई तथा पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का पूरा घटनाक्रम करीब के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, घटना के समय तीन युवक सड़क किनारे टहल रहे थे और एक कुत्ता भी सड़क पर बैठा था। इसी दौरान लगभग 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से एक कार अचानक रॉन्ग साइड से आती है और सबसे पहले कुत्ते को रौंदते हुए सीधे युवकों पर चढ़ जाती है। देखते ही देखते चार युवक हवा में उछलकर जमीन पर गिर गए। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। कार कुछ मीटर आगे जाकर अचानक रुकती



है, जहां एक युवक आगे वाले पहिए के नीचे फंसा हुआ दिखाई देता है। इसके बाद दो युवक किसी तरह खुद को संभालते हुए वाहन के पीछे पहुंचते हैं और ड्राइवर को रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन आगे जो हुआ, फुटेज में दिखता है कि ड्राइवर ने गाड़ी के नीचे फंसे युवक की परवाह किए बिना वाहन दोबारा आगे बढ़ा दिया। इस दौरान पहिया युवक के शरीर पर चढ़ता हुआ दिखाई देता है। आसपास के कुछ लोग कार को रोकने के लिए उसके सामने खड़े हुए, लेकिन ड्राइवर ने उन्हें भी टक्कर मारते हुए गाड़ी आगे निकाली। भागते समय ड्राइवर ने रास्ते में एक और व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने पूरी कोशिश की कि कार को रोका जाए, लेकिन ड्राइवर लगातार गाड़ी पर नियंत्रण खोते हुए या जानबूझकर रफ्तार बढ़ाते हुए मौके से फरार हो गया। सड़क पर घायल लोग दर्द से तड़प रहे थे और राहगीर उन्हें उठाकर अस्पताल ले जाने की कोशिश में लगे हुए थे। हादसे में सबसे गंभीर रूप से घायल हुए चांसी राय को पहले मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उनकी स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें राजा बाजार स्थित एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर से इलाके में शोक की लहर फैल गई। घायलों में अमन कुमार भी शामिल हैं जो अपने दोस्त अंशु के साथ टहल रहे थे। अमन ने बताया कि वे अचानक पीछे से आए वाहन की चपेट में आ गए और संभलने का कोई मौका नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर थाना और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें पूरा घटनाक्रम स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। फुटेज में यह भी पता चलता है कि ड्राइवर घटनास्थल से मेरिन ड्राइव की ओर भागा। पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर ड्राइवर की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ट्रैफिक पुलिस और दानापुर थाना की संयुक्त टीम आरोपी की तलाश में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

# पटना में कोरियर सर्विस से पांच हजार बोतलें प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के इलाही बाग स्थित एक्सप्रेसविस कोरियर सर्विस से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप जेबाइस्कैन (100') की कुल 5 हजार बोतले जब्त की है। बताया गया कि यह भारी खेप एक कोडेड कार्टन में कोरियर के माध्यम से भेजी जा रही थी। पुलिस ने ग्राहक के नाम और पते का सत्यापन किया, जिसके बाद पता चला कि मामला संदिग्ध है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना



मिलने के बाद कोरियर के जरिए आने वाले पैकेटों की विशेष जांच की गई। इसी दौरान एक पैकेट संदिग्ध मिला, जिसको खोलकर देखने पर उसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुआ। थाना अध्यक्ष ने बताया कि खेप के असली मालिक का पता लगाया जा रहा है और दूसरे जिले में संबंधित पुलिस अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर की प्रारंभिक जांच के बाद इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है और पूरे नेटवर्क की छानबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित दवाओं की इतनी बड़ी खेप किसी बड़े गिरोह से जुड़ी हो सकती है और बहुत जल्द गिरफ्तारी की संभावना है।

# पटना में गोली मारकर दिन दहाड़े एक व्यक्ति की हत्या

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र में सोमवार को दीवान मोहल्ले में 50 वर्षीय शत्रुघ्न प्रसाद पर उस समय हमला किया गया, जब वे किसी निजी काम से घर से बाहर निकले थे। जैसे ही वे गली में पहुंचे, पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और पास से गोलियां चला दीं। वारदात के बाद हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल शत्रुघ्न प्रसाद को स्थानीय लोगों की सहायता से तुरंत एनएमसीएच ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अत्यधिक खून बहने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। घटना की जानकारी मिलते ही खाजेकलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस प्रारंभिक तौर पर इसे पुरानी रंजिश का मामला मानकर जांच आगे बढ़ा रही है। अधिकारियों ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीते कुछ महीनों से मोहल्ले में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है। मृतक के परिजन आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बिहारी पंचायत की लक्ष्मी कुमारी ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

पदमा-जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी हुआ, जिसमें पदमा प्रखंड के बिहारी पंचायत की निवासी लक्ष्मी कुमारी (पिता स्वर्गीय ज्ञानी प्रसाद मेहता) ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्हें प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के पद पर चयनित किया गया है।

लक्ष्मी कुमारी वर्तमान में पटना में बिहार पुलिस में दरोगा के पद पर



कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

लक्ष्मी के पिता स्वर्गीय ज्ञानी प्रसाद मेहता ज्ञानचल प्राथमिक विद्यालय, बिहारी के संस्थापक थे और एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में भी जाने जाते थे। वहीं उनके भाई आनंद कुमार भारतीय वायुसेना में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

लक्ष्मी की इस सफलता से उनके परिवार, गांव तथा पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

# नबीनगर की सहायक शिक्षिका की हार्ट अटैक से हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय भटवा भगली की सहायक शिक्षिका मीरा कुमारी का निधन अचानक हृदय गति रुक जाने से हो गया। उन्होंने अंतिम सांस विगत रविवार को सुबह 5 बजे मेदांता हॉस्पिटल पटना में लिया।मीरा कुमारी 2007 से राजकीय मध्य विद्यालय भटवा भगली नबीनगर में सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने कार्यों के प्रति समर्पित शिक्षिका थी और बीमारी की हालत में भी स्कूल पहुंच जाती थीं। उन्होंने बताया कि पूर्व में उनका हार्ट का ऑपरेशन भी हुआ था।मीरा कुमारी की अचानक निधन पर विद्यालय परिवार ने आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।



# पटना में नए मकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर निगम ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब राजधानी में यदि कोई नया घर, अपार्टमेंट या व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाना चाहता है, तो उसे अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाना होगा। बिना कैमरा इंस्टॉल किए भवन का नक्शा पास नहीं किया जाएगा। यह नियम शहर में बढ़ती चोरी, लूट और असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए लागू किया जा रहा है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि भवन निर्माण की स्वीकृति, नक्शा पास करने, व्यावसायिक



लाइसेंस जारी करने और होल्डिंग टैक्स असेसमेंट जैसी प्रक्रियाओं के दौरान सीसीटीवी कैमरा लगाने की शर्त अनिवार्य रहेगी। यह नियम निजी आवासों के साथ-साथ दुकानों, शॉपिंग मॉल, अपार्टमेंट और व्यावसायिक भवनों पर भी समान रूप से लागू होगा। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड पहले ही शहर में महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगा रहा था। अब इस योजना को और व्यापक करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक क्षेत्र सीसीटीवी निगरानी में आ सकें। स्मार्ट सिटी द्वारा जिन थाना क्षेत्रों में अभी तक कैमरे नहीं लगाए गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कवर किया जाएगा। थानाध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कैमरों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी स्मार्ट सिटी संभालेगा। नगर निगम ने सभी थानों को अपने क्षेत्र के अपार्टमेंट, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों में कैमरे लगे हैं या नहीं, इसकी सूची तैयार करने को कहा है। निर्देश के तहत प्रत्येक अपार्टमेंट के सचिव, गार्ड प्रभारी या प्रबंधन से संपर्क विवरण थाने में दर्ज किया जाएगा। इसके बदले में थाना भी अपना संपर्क विवरण उन्हें देगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना साझा की जा सके। यह व्यवस्था इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि खाली फ्लैटों में चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ रही थीं। कैमरों की अनिवार्यता से इन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। नगर निगम ने निजी मकान मालिकों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने घरों और परिसरों में कैमरा लगाएँ। खासकर सड़क से सटे मकानों और दुकानों में कैमरा होने से अपराधियों की पहचान करना आसान हो जाता है। यह कदम नागरिक सुरक्षा को बढ़ाने के साथ-साथ पुलिस के लिए भी अपराध नियंत्रण में सहायक साबित होगा।

# युवाओं की प्रतिभा ही झारखंड की असली ताकत है- मुन्ना सिंह

**- हजारीबाग झील से शुरू हुए इस्लामिया स्कूल मैदान में झारखंड युवा एथलेटिक्स संघ (स्वः राम अवतार सिंह) के द्वारा जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट का हुआ समापन**

**- शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी धरोहर है खेल, अनुशासन और परिश्रम से ही झारखंड का सुनहरा भविष्य गढ़ा जाएगा- मुन्ना सिंह**

**मिंटू कुमार दैनिक समाज जागरण हजारीबाग-**

झारखंड युवा एथलेटिक्स संघ (स्व .राम अवतार सिंह) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट में रविवार को पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शिरकत कर युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। हजारीबाग झील परिसर से शुरू हुआ दौड़ जो कि इस्लामिया स्कूल के मैदान में खत्म हुआ। यह आयोजन प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का ऐसा संगम बना जिसने पूरे जिले को प्रेरित किया। इस अवसर पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जुझारू, संवेदनशील और लोकप्रिय विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या बक्सी (डायरेक्टर, गुलमोहर पब्लिक स्कूल), सबीर





अहमद (चेयरमैन, ओएसिस स्कूल), पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, सेवा दल जिला अध्यक्ष गुडु सिंह, कांग्रेस नेत्री कोमल राज तथा कोच वसीम जैसे सम्मानित व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का मनोबल कई गुना बढ़ा दिया। जबकि पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी ने मैदान में उतरकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से आत्मीयता से मुलाकात की और कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि एक बेहतर समाज, बेहतर सोच और मजबूत भविष्य की नींव हैं। झारखंड के युवा प्रतिभा, जज्बे और मेहनत में किसी से कम नहीं जरूरत सिर्फ अवसर और प्रोत्साहन की है।उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट और मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को खेल को जीवनशैली की तरह अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने आगे कहा जिस राज्य के युवा मजबूत होते हैं, उसका भविष्य स्वाभाविक रूप से उज्ज्वल होता है। हमें झारखंड की युवा शक्ति पर पूरा भरोसा है और कांग्रेस सदैव उनके सपनों को सम्मान और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि अतिथियों द्वारा साझा किए गए प्रेरक विचारों ने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और दृढ़ता भरी। कार्यक्रम के अंत में मुन्ना सिंह ने झारखंड युवा एथलेटिक्स संघ, कोचों, खिलाड़ियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी धरोहर है। खेल, अनुशासन और परिश्रम से ही झारखंड का सुनहरा भविष्य गढ़ा जाएगा।

बाबी सर, जावेद मलिक, विक्की कुमार धान साबीर अली, मो लाल ,मो वफा अली दिनेश यादव , राकेश कुमार , भोला सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# नीमडीह स्थित रेनबो इंग्लिश स्कूल के वार्षिक समारोह में शामिल हुए विधायक सविता महतो

## बच्चे लगन के साथ करें पढ़ाई लक्ष्य मिलना तय : सविता महतो

ईचागढ़ः नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर स्थित रेनबो इंग्लिश स्कूल परिसर में सोमवार को 10 एनुअल डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक सविता महतो ने बच्चों बच्चियों की उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए कहा कि बच्चे लगन के साथ पढ़ाई करे लक्ष्य मिलना तय है। विधायक ने कहा राज्य सरकार बच्चे बच्चियों के उच्च शिक्षा के लिए कोई तरह का योजना चल रही है जिस क्षेत्र के लोगों को लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस



प्रकार का आयोजन काफी सराहनी है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विधायक को पुष्प कुछ और साल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चे बच्चियों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन व अतिथियों का स्वागत पतित पावन दास द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव, अंचलाधिकारी अभय द्विवेदी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, स्नेहा महतो, समाजसेवी सपन गुप्ता, अशोक महतो, हरिदास महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, टिंकू महतो, समेत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ सभी छात्र-छात्राओं व काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# सुनील साहू को आरजेडी संसदीय बोर्ड झारखंड के विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश मीडिया प्रभारी योधन नायक ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आरजेडी पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू जी को आरजेडी संसदीय बोर्ड झारखंड का विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। उक्त सराहनीय निर्णय लेने के लिए संसदीय बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष सह माननीय नेता आरजेडी विधायक दल सुरेश पासवान जी एवं आरजेडी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष



सह माननीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव जी को सादर धन्यवाद एवं सुनील साहू जी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ । बधाई एवं शुभकामना देने वालों में मुख्य रूप से आरजेडी पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष राजु रंजन प्रसाद , प्रधान महासचिव संजय स्नेही , प्रदेश महासचिव भागवत साह , प्रदेश सचिव अनिल कुमार यादव एवं प्रदीप कुमार गुप्ता , प्रदेश मीडिया प्रभारी योधन नायक , जिलाध्यक्ष - हीरालाल साहू राँची , सरयु राणा चतरा , राम भजन गुप्ता गढ़वा , कुंज बिहारी साव हजारीबाग , शशिकांत ठाकुर चाईबासा , बलराम प्रसाद साहू लातेहार , सत्येन्द्र कुमार शर्मा धनबाद , रवि कुमार गुप्ता बोकारो , सुनील कुशवाहा रामगढ़ इत्यादि शामिल रहें ।